सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 40.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-318 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024
20 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला, ममता सरकार को मिली राहत

सीबीआई जांच पर रोक

फैसला

ब्याज सहित वापस करना होगा वेतन

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगाई है, जिसमें उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है। हाईकोर्ट ने नियुक्तियां अमान्य करते हुए कहा था कि जिन लोगों को एसएससी पैनल की समाप्ति के बाद नौकरी मिली, उन्हें जनता के पैसे से भुगतान किया गया। सभी को चार सप्ताह के अंदर ब्याज सहित वेतन लौटाना होगा।

- कोर्ट ने पूछा, क्या 25 हजार नियुक्तियों में से सही-गलत को अलग किया जा सकता है
- सुप्रीम कोर्ट अब 6 मई को करेगा सुनवाई

सभी को 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ पैसा लौटाना होगा। नए लोगों को नौकरी मिलेगी। हाई कोर्ट ने 15 दिनों के अंदर अंदर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। ममता बनर्जी ने हाल ही में हाईकोर्ट के फैसले को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिनकी नौकरियां चली गई हैं। बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा न्यायपालिका के निर्णयों को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है।

तीन सदस्यीय पीठ ने की सुनवाई

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था। पीठ अब इस मामले की सुनवाई छह मई को करेगी।

बेमेतरा में पिकअप वाहन और ट्रक की भीषण टक्कर, नौ की मौत

हादसा

- सीएम ने जताया दुख
- घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश दिए

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। एक पिकअप वाहन और ट्रक की टक्कर हो गई। दर्दनाक हादसे में पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत नौ की मौत हो गई। जबकि 23 लोग घायल हो गए।

घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसे पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुख जताया है। वहीं दूसरी घटना स्थल पर आज सुबह दुर्ग आईजी, दुर्ग संभाग कमिश्नर, बेमेतरा एसपी व कलेक्टर ने निरीक्षण किया है। सीएम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि बेमेतरा-सिमगा सीमा क्षेत्र के पास कठिया गांव में हुई सड़क दुर्घटना में बेमेतरा के पथर्रा गांव के 9 लोगों के निधन एवं 20 लोगों के घायल होने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए हैं। मृतकों के परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। तीन शव का पीएम बेमेतरा जिला अस्पताल में, चार शव का पीएम सिमगा के सरकारी अस्पताल में, एक शव का पीएम रायपुर में हो रहा है। बेमेतरा व सिमगा में पीएम हो गया है। आज सभी शवों का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम पथर्रा जिला में किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, हादसा बेमेतरा थाना इलाके के कठिया गांव में पेट्रोल पंप के पास हुआ।

लखनऊ से प्रत्याशी राजनाथ ने नामांकन किया दाखिल

प्रत्याशी

- सीएम योगी सहित कई नेता रहे मौजूद

लखनऊ। लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने सोमवार को नामांकन दाखिल कर दिया। इस सीट पर वह 2014 और 2019 में भारी जीत हासिल कर चुके हैं। उन्हें लगातार तीसरी बार लखनऊ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। नामांकन के मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित कई नेता मौजूद रहे। नामांकन के लिए राजनाथ सिंह का रोड शो लखनऊ के भाजपा कार्यालय से शुरू हुआ और वह सैकड़ों की संख्या में अपने कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता बेहद उत्साहित रहे और तीसरी बार उनकी जीत के प्रति आश्वस्त नजर आए। राजनाथ सिंह के साथ ही मोहनलालगंज सीट से प्रत्याशी कौशल किशोर ने भी नामांकन दाखिल किया। नामांकन के लिए निकलने से पहले राजनाथ सिंह ने लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर में पूजा की। भगवान शिव का जलाभिषेक किया और हनुमान मंदिर में दर्शन किए। लखनऊ में सोमवार सुबह से ही पार्टी कार्यालय के बाहर समर्थकों का हुजूम देखने को मिला। ढोल नगाड़े के साथ लोग जुलूस में शामिल होने के लिए उत्साहित नजर आए।

(संबंधित खबर पेज-16 पर)

रोहिणी ने किया नामांकन

पटना। सारण लोकसभा सीट के लिए रोहिणी आचार्य ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद राजेंद्र स्टेडियम में जनसभा हुई। इस दौरान तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर गाना गाते हुए फिर तंज कसा है। इतना ही नहीं इसी मंच पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी गाना गाकर रोहिणी के समर्थन में वोट माँगा। इस दौरान लालू प्रसाद यादव ने कहा कि बेटी रोहिणी आचार्य आपके बीच में लगातार काम कर रही है। इसे भारी मत से जिताना है। देश को बचाना है संविधान को बचाना है। हम लोकतंत्र संविधान को मिटने नहीं देंगे। पिछड़ा वर्ग, पिछड़े वर्गों के हक को भाजपा छिनना चाहती है आपसब लोग इकट्ठे रहिये। काफी धूप है, काफी लोगों ने समय दिया,मैं धन्यवाद् देता हूं। लालू प्रसाद यादव ने कहा कि इतनी कड़ी धूप में आप सभी लोग आए हैं, सबको धन्यवाद।

गृहमंत्री शाह के एडिटेड वीडियो का मामला, असम से एक गिरफ्तार

तेलंगाना सीएम को मिला समन

कार्रवाई

- एक मई को पूछताछ के लिए बुलाया
- वीडियो के सोर्स का पता लगाने में लगी पुलिस

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में अब एक्शन तेज हो गया है। गृह मंत्रालय की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने जहां तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को नोटिस भेजा तो वहीं असम पुलिस भी एक्शन में है। अमित शाह से जुड़े फर्जी वीडियो के सिलसिले में अब असम से रीतम सिंह नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस बात की जानकारी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर दी है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने दिल्ली पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया, विशेष सेल ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर आरक्षण के मुद्दों के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के एक फर्जी वीडियो के प्रसार के संबंध में एक एफआईआर दर्ज की है। गृह मंत्रालय ने शिकायत में लिखा था कि यह पाया गया है कि फेसबुक और ट्विटर के उपयोगकर्ताओं द्वारा कुछ छेड़छाड़ किए गए वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं। केस दर्ज होने के बाद अब स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट ने जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस ने एक्स और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को पत्र लिखकर इस फर्जी वीडियो के स्रोत के बारे में जानकारी मांगी है, जिसे ऑनलाइन शेयर किया गया था। पुलिस की स्पेशल सेल ने गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (IyC) की शिकायत के बाद शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो के मामले में एफआईआर दर्ज की थी। स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट ने अब वीडियो के स्रोत और इसे फैलाने वालों की पहचान करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संपर्क किया है।

हम डरने वाले नहीं, मुंहतोड़ जवाब देंगे : रेवंत रेड्डी

तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि अभी तक पीएम मोदी और अमित शाह चुनाव जीतने के लिए ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का इस्तेमाल करते थे लेकिन आज मुझे पता चला कि दिल्ली पुलिस तेलंगाना कांग्रेस पार्टी के दफ्तर तक पहुंच गई है। कहा कि कोई डरने वाला नहीं है, हम आपको मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि किसी ने सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट किया और वे तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष और तेलंगाना सीएम को गिरफ्तार करने आए हैं। इसका मतलब है कि नरेंद्र मोदी अब चुनाव जीतने के लिए दिल्ली पुलिस का इस्तेमाल कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम को चुनौती देने वाली याचिका ठुकराई

नियुक्ति

- संविधान पीठ इस पर फैसला सुना चुकी
- अनुच्छेद 32 की याचिका विचार योग्य नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ याचिका को सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया। दरअसल, वकील मैथ्यूज जे नेदुमपारा ने कॉलेजियम प्रणाली खत्म करने की मांग करने वाली याचिका दायर की थी, जिस पर अदालत ने विचार करने से इनकार कर दिया।

वकील मैथ्यू नेदुमपारा ने अदालत से कहा कि कॉलेजियम प्रणाली को समाप्त करने की मांग करने वाली उनकी रिट याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। वकील ने कहा, मैंने कई बार इसका जिक्र किया है। रजिस्ट्री ने इसे खारिज कर दिया है और मेरी याचिका को सूचीबद्ध नहीं किया गया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले को सुना। वहीं सीजेआई ने कहा, रजिस्ट्रार का कहना है कि संविधान पीठ द्वारा किसी बात पर फैसला सुनाए जाने के बाद अनुच्छेद 32 की याचिका विचार योग्य नहीं है। रजिस्ट्रार के आदेश के खिलाफ अन्य उपाय हैं।

पीएम मोदी पर छह साल बैन की मांग वाली याचिका खारिज, कोर्ट ने कहा

चुनाव आयोग को आदेश नहीं दे सकते

आचार संहिता

- याचिकाकर्ता पहले ही चुनाव आयोग से संपर्क कर चुका है
- इंडिया गुट ने शक्ति को नष्ट करने का फैसला किया है

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का हवाला देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है।

याचिकाकर्ता ने पीएम मोदी पर उत्तर प्रदेश में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते समय आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। एडवोकेट आनंद एस जोंधले द्वारा दायर याचिका में प्रधानमंत्री को छह साल की अवधि के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता पहले ही मान बैठा है। कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है। सुप्रीम कोर्ट किसी भी शिकायत पर विशेष दृष्टिकोण अपनाने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश जारी नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता पहले ही चुनाव आयोग से संपर्क कर चुका है और आयोग उसकी शिकायत पर स्वतंत्र विचार कर सकता है। चुनाव आयोग की ओर से पेश हुए वकील सिद्धांत कुमार द्वारा दी गई दलील में कहा गया है कि शिकायत का संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाएगी और इस संबंध में जरूरी आदेश पारित किए जाएंगे। आनंद ने अपनी याचिका में कहा था कि पीएम मोदी ने 6 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के पीलभीत में एक चुनावी रैली के दौरान हिंदू देवताओं और सिख गुरुओं का जिक्र किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने पीलभीत से भाजपा उम्मीदवार जितिन प्रसाद के समर्थन में रैली के दौरान कहा था, उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करके राम लला का अपमान किया। समारोह में शामिल होने वाले उनकी पार्टी के लोगों को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया। इंडिया ब्लॉक में शामिल पार्टियों ने हमेशा अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से नफरत की है। इंडिया गुट ने शक्ति को नष्ट करने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने राहुल गांधी के बयान का जिक्र करते हुए कहा था, जिस शक्ति की पूजा आज पूरे देश में हो रही है, उसका कांग्रेस ने अपमान किया है।

अमेठी और रायबरेली की सीटों पर अंतिम फैसला लेंगे खरगे

लोकसभा चुनाव

- निगाहें अब दिल्ली पर टिकी

अमेठी। रायबरेली और अमेठी में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भाजपा की तरफ से स्मृति ईरानी ने आज अमेठी से नामांकन भी दाखिल कर दिया। दूसरी तरफ कांग्रेस का इस सीट पर चेहरा कौन होगा इसका फैसला पार्टी अभी तक नहीं ले सकी है। ऐसा माना जा रहा है कि राहुल गांधी ही यहां से प्रत्याशी होंगे। अमेठी के साथ रायबरेली सीट पर भी अटकलों का बाजार गर्म है। इधर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अमेठी और रायबरेली सीटों पर उम्मीदवारों का फैसला करने के लिए अधिकृत किया है। इन दोनों सीटों से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने भी राहुल और प्रियंका को इन दोनों सीटों से चुनाव लड़ाने का अनुरोध किया है। एक सवाल के जवाब में श्रीनेत ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष पर प्रत्याशियों का नाम तय करने का फैसला छोड़ा गया है। चुनाव छिपकर नहीं बल्कि सार्वजनिक रूप से होते हैं। जब प्रत्याशियों का एलान किया जाएगा तो सभी को पता चल जाएगा।

सियासत

स्मृति ईरानी ने नामांकन दाखिल किया

जो भी आएगा वो हार जाएगा : स्मृति

लक्ष्य

- कांग्रेस परिवार से कोई भी आए शिकस्त ही मिलेगी
- कांग्रेस तय करेगी और कांग्रेस का विषय है
- जनता के पास आज कंपैरेटिव है

अमेठी। अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद स्मृति ईरानी ने कहा हम अमेठी से कमल का फूल जिताकर पीएम मोदी की सरकार में उसे समर्पित करेंगे। कांग्रेस का प्रत्याशी कौन है, यह कांग्रेस तय करेगी और कांग्रेस का विषय है।

दीदी बनाम दीदी की लड़ाई के सवाल पर स्मृति ईरानी ने कहा, कांग्रेस परिवार से कोई भी आए, शिकस्त ही मिलेगी। जनता के पास आज कंपैरेटिव है, कंपैरेटिव न होता तो लड़ाई और रोचक होती। कोरोना के समय में पीएम मोदी ने अमेठी में सफलतापूर्व काम किया। उस काम का यहां पर काफी असर पड़ा। आज जब मैं गांव में जाती हूं तो लोग कहते हैं कि दीदी अगर राहुल गांधी यहां से सांसद होते तो पीएम मोदी वाली वैक्सीन उनके दलाल खा जाते हमें कभी नहीं मिलती। राहुल गांधी सांसद होते तो मुफ्त का राशन उनके दलाल खा जाते, मुझे कभी नहीं मिलता। जो क्षेत्र विशेष रूप से दलालों से त्रस्त था, परेशान था। वहां पांच साल में काम को होते हुए देखा है, उसके पहले अमेठी लापता सांसद को लेकर चर्चित थी। मैं चाहती हूं कि अमेठी में कोई भी प्रत्याशी आए, वो आमने-सामने चर्चा करे कि आपने क्या किया। गठबंधन की लड़ाई को लेकर कहा, मध्यप्रदेश के चुनाव में अखिलेश यादव ने स्वीकार कर लिया था कि उनका अपमान हुआ है। मुलायम सिंह यादव को इसी पार्टी ने भोजन तक नहीं परोसा था। वहीं, पीएम मोदी मुलायम सिंह को पद्म पुरुस्कार देने का समर्थन करते हैं। उनका मानना है कि उन्होंने अपनी पार्टी के उत्कृष्ट कार्य किया है, जिससे लिए उन्हें सम्मान मिलना चाहिए। दोनों नेताओं में अंतर देखने को मिल जाएगा।

एक जो यारी दोस्ती तो दिखाते हैं, लेकिन वो सत्ता के यार हैं। दूसरी ओर नरेंद्र मोदी जो सेवा और संस्कार दिखाते हैं। अखिलेश यादव किस गढ़ की बात कर रहे हैं, यह मैं नहीं जानती, लेकिन उनका बार-बार कैंडिडेट बदलना क्या संकेत दे रहा है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने तीन आतंकियों को जमानत देने से किया इनकार

नई दिल्ली। सितंबर 2008 के दिल्ली सिलसिलेवार विस्फोटों में संलिप्तता के लिए मुकदमे का सामना कर रहे तीन इंडियन मुजाहिदीन आतंकियों को जमानत देने से दिल्ली हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया। मुबीन कादर शेख, साकिब निसार और मंसूर असगर पीरभॉय द्वारा दायर अपीलों को न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ ने खारिज कर दिया। तीनों ने जमानत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती दी थी। हालांकि, पीठ ने संबंधित निचली अदालत को सप्ताह में कम से कम दो बार सुनवाई करके मामले की सुनवाई पूरी करने का निर्देश दिया। अदालत ने नोट किया कि आरोपित वर्ष 2008 से सलाखों के पीछे हैं। अदालत ने कहा कि अपीलकर्ता के खिलाफ आरोप गंभीर हैं और उनके पास से विस्फोटों से संबंधित काफी सामान बरामद किया गया था।

संविधान और गरीबों के अधिकार छीनना चाहते हैं भाजपा: राहुल गांधी

साधा निशाना

- सत्ता में आने पर हटा देंगे 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा : राहुल गांधी
- भाजपा के लोग सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण करके खत्म करते हैं आरक्षण

बिलासपुर। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी पहले 400 पार का नारा दे रहे थे और अब 150 पार भी नहीं बोल रहे। क्योंकि जनता समझ गई है कि भाजपा के लोग 400 पार के नारे की आड़ में संविधान और गरीबों के अधिकार छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश में आरक्षण, वोट, अधिकार ये सभी संविधान की देन हैं। अगर संविधान नहीं रहा तो आदिवासी साथियों के हाथ से जल-जंगल-जमीन गायब हो जाएंगे। हम जिन्हें आदिवासी कहते हैं, भाजपा के लोग उन्हें वनवासी कहते हैं। कांग्रेस के चुनावी वादों पर प्रकाश डालते हुए गांधी ने कहा कि 'इंडिया' के सत्ता में आने के बाद 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा हटा दी जाएगी। राहुल ने कहा कि हमारे लिए आदिवासी का मतलब- जो देश के सबसे पहले मालिक हैं। लेकिन भाजपा के लोग आपको वनवासी कहते हैं, क्योंकि वे चाहते हैं आपको जल-जंगल-जमीन न मिले। उन्होंने कहा कि आरक्षण एक सोच है। इसका मतलब है हिंदुस्तान के पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों को उनकी भागीदारी मिलनी चाहिए। लेकिन.. जब ये सरकारी चीजों को प्राइवेट करते हैं, आरक्षण को खत्म करते हैं। अग्निवीर जैसी स्कीम लाते हैं, आरक्षण को खत्म करते हैं। उन्होंने कहा कि पब्लिक सेक्टर में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों को जगह मिलती थी, लेकिन जैसे ही उसे प्राइवेट किया जाता है, इनको जगह नहीं मिलती।

लोकसभा चुनावः सभी प्रत्याशी नियमों का पालन करें: प्रेक्षक

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट में 28ड्डखीरी संसदीय क्षेत्र की सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी, 29ड्डधौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी, व्ययप्रेक्षक (धौरहरा) सुमित बेसरा, व्यय प्रेक्षक (खीरी) सुदीप्त पाल ने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों व उनके अभिकर्ताओं संग बैठक की। बैठक का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।बैठक की शुरुआत में प्रेक्षकगण ने दोनों लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों से उनका परिचय जाना। उनका भारत निर्वाचन आयोग की ओर से स्वागत करते हुए निर्देशित किया कि सभी प्रत्याशी आयोग के निर्वाचन संबंधी नियमों का पालन करें। अपने रिटर्निंग ऑफीसर से अनुमति लेकर ही चुनाव प्रचार सम्बन्धी सामाग्री का प्रयोग करें। जिससे शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष और पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव सम्पन्न कराया जा सके। बैठक में प्रत्याशियों तथा उनके अभिकर्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया तथा जरूरी अभिलेखों की प्रतियां भी उपलब्ध कराई। प्रत्याशियों तथा उनके एजेंटों को निर्वाचन अभिकर्ता, पोलिग एजेंट, मतगणना एजेंट की नियुक्ति, उनके कर्तव्य एवं अधिकार तथा उनके प्रशिक्षण के बारे में जागरूक किया।जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मतदान के दिन सभी राजनीतिक दल, उम्मीदवार व पोलिंग एजेंट निर्वाचन कार्य में लगे हुए अधिकारियों को शांतिपूर्ण व स्वतंत्र मतदान करवाने में सहयोग करेंगे। इस दौरान सभी प्रत्याशी, उनके समर्थक व पोलिंग एजेंट निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंगे। उन्होंने प्रत्याशियों को सचेत किया कि बिना अनुमति के कोई भी वाहन नहीं चलेगा और वाहन की अनुमति वाहन पर चस्पा होगी।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने मतदान से पूर्व तीन बार व्यय लिखे का मिलान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम की कमिशिनंग मंडी परिसर में विधानसभावार वीडियोग्राफी की निगरानी में होगी। 02 मई को पोलिंगपर्सन की डीएस कॉलेज में ट्रेनिंग होगी। पोस्टल बैलेट के लिए प्रशिक्षण स्थल पर विसवार फैसिलिटेशन सेंटर बनाएं हैं, जिन कार्मिकों की ड्यूटी उसकी लोकसभा से इतर लगी है, उन्हें पोस्टल बैलेट निर्गत किया जाएगा। वही जिन कार्मिकों की ड्यूटी अपनी लोकसभा के किसी मतदेय स्थल पर लगी है, उस कार्मिक को प्रशिक्षण स्थल से 12-ए पर आवेदन जारी होगा, जिसे भरकर संबंधित कार्मिक ईडीसी प्राप्त करेंगे। ताकि मतदान दिवस पर वह अपने ड्यूटी स्थल पर ईवीएम से मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि चुनाव प्रचार सामग्री पर प्रकाशक और मुद्रक के नाम के साथ-साथ उसकी मात्रा अनिवार्य रूप से मुद्रित होगी। वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय ने कहा कि सभी प्रत्याशी व्यय रजिस्टर में सभी प्रविष्टियों बारीकी से भरेंगे। अनुमन्य खर्चों की सीमा का अक्षरश अनुपालन करेंगे।

व्ययप्रेक्षक करेंगे 03, 07 एवं 10 मई को निर्वाचन व्यय लेखे मिलान

व्ययप्रेक्षक (धौरहरा) सुमित बेसरा, व्यय प्रेक्षक (खीरी) सुदीप्त पाल ने प्रत्याशियों को सूचित करते हुए कहा कि व्ययलेखे के संबंध में 03, 07 एवं 10 मई को कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन व्यय लेखे मिलान होगा, जिसमें अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु अधिकृत निर्वाचन व्यय अभिकर्ता उपस्थित होकर निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय लेखा मिलान हेतु दैनिक व्यय लेखा पंजिका, बैंक पंजिका / बैंक स्टेटमेन्ट की प्रमाणित छायाप्रति एवं वाउचर प्रस्तुत करना जरूरी होगा। लेखा प्रस्तुत करने की तिथि से एक दिन पूर्व तक का लेखा प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित दिनांक पर व्यय लेखा प्रस्तुत न करने की स्थिति में मा. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित अभ्यर्थी हेतु निर्गत जनसभा जुलूस तथा वाहन की अनुमति निरस्त करने की कार्यवाही की जायेंगी।

अचानक लगी आग कई जानवरो सहित लोगो के घरो में रखी नकदी, जेवर, खाद्य सामग्री एवं कपड़े जलकर हुये राख

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। तहसील क्षेत्र के ग्राम रधोला में बीती रात अचानक लगी आग से कई जानवरो सहित लोगो के घरो में रखी नकदी, जेवर, खाद्य सामग्री एवं कपड़े जलकर राख हो गये। ग्रामीणो एवं फायर ब्रिगेड द्वारा काफी कठिनाईयो के बाद आग पर काबू पाया बताते चले कि रविवार को दिन भर चली तेज हवाओ के बीच शाम लगभग सात बजे ग्राम रधौला में अचानक आग लग गयी। चल रही हवाओ के कारण आग तेजी से फैल गयी। तेजी से फैली इस आग के भय से जैसे-तैसे घरो के बाहर आ गये परन्तु घरो में रखा सामान ग्रामीण बाहर नहीं निकाल सके। इस भीषण आग में कई पालतू जानवर भी जलकर मर गये। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी एवं ग्रामीणो ने अपने संसाधनो से कई घण्टो के प्रयास के उपरान्त आग पर काबू पाया जा सका। इस भीषण अग्नि काण्ड में गांव के विष्णु कुमार के घर में रखी तीन लाख रूपयो की नकदी, जेवरात, फूलचन्द्र के घर में रखे 20 हजार रूपये, सुरेश कुमार के 20 हजार रूपये, अनिल कुमार के 40 हजार रूपये, रजनीश के 60 हजार रूपयो की नकदी और पहने के कपड़े, राशन सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। लोगो के घरो में खड़े ट्रैक्टर, ट्राली एवं बाइके भी इस भीषण आग में जल गई। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी डां0 अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार परवेज आलम के साथ राजस्व टीम मौके पर पहुंची तथा अग्निकाण्ड पीड़ितो के लिये खाने, रहने आदि की व्यवस्था की गयी।

आग लगने से किसानों की कई बीघा गेंहू की फ सल जली

सहारनपुर। नानौता नगर और क्षेत्र में किसानों के खेतों में आग लगने का सिलसिला लगातार जारी है। एक के बाद एस कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जहां किसान आग लगने के कारण अपनी फसल से हाथ धो बैठे हैं।

सोमवार को भी नानौता क्षेत्र में किसानों की फसलों में आग लगने की दो घटनाएं घटित हुई। जिसमें पहली घटना सुबह करीब साढ़े 8 बजे नगर नानौता के गंगोह मार्ग स्थित धर्म कांटे के सामने घटित हुई। जहां किसान हैदर अली पुत्र नाजिम हुसैन के करीब 10 बीघा खेत में लगी गेहूं की फसल काटकर खेत में रखी गई थी। अचानक उक्त फसल में आग लग जाने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते पूरी फसल जलकर राख हो गई। हालांकि इस घटना में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। किसी शरारती तत्व द्वारा फसल में आग लगाए जाने का अनुमान लगाया जा रहा है।

किसान की खेत में अचानक लगी आग, आग की लपटों ने किसान झुलसा दिया, हुई मौत

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। खेत में काम करने गए किसान की खेत में अचानक लगी आग की लपटों ने झुलसा दिया ,और वह पूरी तरह आग में झुलस गया मरणासन्न की स्थिति में परिजनों व पुलिस ने बिजुआ सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरें ने उसे मृत घोषित कर दिया । भीरा थाना क्षेत्र के गांव अमृतापुर निवासी जमुना प्रसाद पुत्र लालता उम्र 58 वर्ष सोमवार को दोपहर गांव के पास में ही अपने खेत पर काम करने गए थे। जहां आचनाक लगी आग की चपेट में आ गए तेज हवाओं के चलते अचानक बढ़ी आग में उस किसान को चारों तरफ से घेर लिया मौके की स्थिति को देखते हुए लग रहा था कि उसने अपने बचाव में भरसक प्रयास किया लेकिन आग की लपटों ने उन्हें बुरी तरह झुलसा दिया घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुँची भीरा पुलिस ने उस झुलसे हुए किसान को बिजुआ सीएचसी भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया वहीं पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मृतक को जिला मुख्यालय भेज दिया है वही मृतक जमुना प्रसाद की पत्नी रामदेवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति जमुना प्रसाद खेत रखवाली करने के लिए दोपहर खेत को गए थे जहां अचानक आग लगने से उसकी चपेट में आ गए जिसमें आग की लपटों से बचने का भरशक प्रयास किया लेकिन तेज हवाओं के चलते आग की लपटों के आगोश में आ गए और बुरी तरह झुलस गए जिसके चलते उनकी मौत हो गई वही दबी जुबान से लोगों का कहना है कि गांव के किनारे गन्ने के खेत की पेड़ी में पड़ी हुई सूखी पत्तियों को जला रहे थे जिसमें आग ने धीरे-धीरे पास के ही दूसरे खेत में भी पहुंच गई अब ऐसे में दूसरे के खेत में हो रहे नुकसान को देखते हुए उस आग को बुझाने का भरशक प्रयास किया।

जिसमें आग की लपेट में आ गए जिसमे झुलस कर मौत होने की बात सामने आ रही है परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

परेशान युवती ने पिया तेजाब

लखीमपुर खीरी। शहर के एक मोहल्ले में एक युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा कर महोलिया निवासी युवक ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाएं और फिर शादी से मना कर दिया। परेशान युवती ने तेजाब पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ी तो उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मोहल्ले की एक युवती को ग्राम महोलिया निवासी युवक ने अपने प्रेम जाल मैं फंसा लिया और फिर दो सालों तक उसे शादी का झांसा देकर शोषण करता रहा। जब शादी की बात कही तो मुकर गया। परेशान युवती ने उसे वीडियो कॉल की, मना करने पर उसने तेजाब पी लिया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज चल रहा है। युवती के पिता का कहना है कि उसने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, पर पुलिस ने उसकी एक न सुनी बल्कि दबाव बनाकर सुलह समझौता लिखा दिया।

दोस्तो के साथ नहर में नहाते समय पानी के तेज बहाव में डूबे युवक का मिला शव

मोहम्मदी-खीरी। नगर के मोहल्ला बबौरी निवासी एक युवक दोस्तो के साथ नहर में नहाते समय पानी के तेज बहाव में डूबे युवक का शव ग्राम बावनपुर तैरता हुआ मिला बताते चले कि मोहल्ला बबौरी निवासी सोनू गुप्ता (19) पुत्र स्व0 नारायण गुप्ता शनिवार को अपने दोस्तो के साथ बाइक से ग्राम महासिल थाना सिधौली के पास नहर में नहाने गये था। नहाते समय अचानक पानी के तेज बहाव के कारण सोनू खुद को सभाल नहीं सका और पानी के साथ बह गया। सोनू के पानी के साथ बह जाने से चीख पुकार मच गयी। जब सोनू के दोस्त उसे बचाने के लिये कुछ कर पाते तब तक देर हो चुकी थी। दोस्तो के द्वारा सोनू को दोस्तो द्वारा सोनू के परिजनो को सूचना दी गयी। जानकारी होते ही नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया सहित तमाम पड़ोसी घटनास्थल पर पहुंच गये और पानी को रोकने के लिये नहर विभाग को सूचना दी ताकि डूबे हुए युवक का शव बरामद किया जा सके परन्तु काफी प्रयास के बाद भी सोनू का शव नहर से प्राप्त नहीं हुआ। आज ग्राम बावनपुर थाना लूनार में नहर में ग्रामीणो को एक शव तैरता दिखाई दिखा तो लोगो द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और शव की शिनाख्त की गयी तो पता चला कि उक्त शव शनिवार को महासिल नहर में पानी के तेज बहाव में बहे सोनू गुप्ता है। मृतक की मां ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिन पहले ही सोनू के पिता की मृत्यु हार्टअटैक से हो गयी थी और अब सोनू की भी पानी में डूब कर मौत हो गयी। पिता की मृत्यु के बाद सोनू पर ही परिवार के पालन-पोषण की जिम्मेदारी थी अब वह भी चला गया अब मै तो अनाथ हो गयी। सोनू की मृत्यु से मां नीलम गुप्ता का रो-रोकर बुरा हाल है। लोकसभा चुनाव चल रहे है परन्तु कोई भी जनप्रतिनिधि या किसी भी पार्टी का प्रत्याशी अभी तक मृत्क की मां से मिलने तक नहीं पहुंचा।

गांव के बाहर बाग में फांसी लगाकर एक विवाहिता ने की आत्महत्या

लखीमपुर खीरी। कस्बा फूलबेहड़ में एक विवाहिता ने गांव के बाहर बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेजा है। फूलबेहड़ कस्बा निवासी असगर अली ने अपनी बेटी रेशमा (32) की शादी सदर कोतवाली के कस्बा महेवागंज से करीब पंद्रह साल पहले की थी। बताया जाता है पति नशेड़ी होने की वजह से रैशमा तीन सालों से अपने मायके में रह रही थी। सोमवार सुबह गांव के उत्तर आम की बाग में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने शव लटकता देखा तो परिजनों को जानकारी हुई। । सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों का कहना है कि रेशमा समूह चलाती थी। उसने अपनी पहचान के एक युवक को समूह से पैसा निकाल कर उसे दे दिया था। लेकिन उसे पैसा वापस नहीं मित्र पाया उधर समूह की हर माह किस्त जमा करने के लिए उसके पास पैसे नही होते थे। इसलिए कुछ दिन पहले बह हरियाणा को मजदूरी करने भी चली गई थी। फिर भी युवक ने पैसा नहीं दिया। रेशमा इसी को लेकर अवसाद में रहने लगी थी। मृतका के दो बेटियां व एक बेटा है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वांछित अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा द्वारा मु0अं0सं0 0348/2024 धारा 2(B)(1)/3 उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तगण इबरान पुत्र स्व0 यूनुस निवासी ग्राम सिंगारपुर थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी 2.सहजादा पुत्र मो जहूर निवासी ग्राम सिंगारपुर थाना कोतवाली सदर जिला खीरी को सिंगारपुर रोड से कोयल फैक्टी के पास से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करने अभियुक्तगण को न्याया0 भेजा गया है।

पेड़ से टकराई बाइक, बाइक सवार युवक की मौत

लखीमपुर खीरी। पलिया -चंदनचौकी रोड पर एक बाइक पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक विद्युत विभाग में मीटर रीडर था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चंदनचौकी निवासी शिवलाल 25 पुत्र केशवराम अपने घर से पलिया किसी काम से आ रहा था। इस दौरान उसकी बाइक एक पेड़ से टकरा गई और उसकी मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची गौरीफंटा पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। बताया जाता है कि विद्युत विभाग में शिवलाल मीटर रीडर था और सुबह साढ़े पांच बजे अपने घर से निकला था। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दे दी है। युवक की अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

किरायेदारों ने मकान मालकिन को मारा, मकान मालकिन ने पुलिस को दी तहरीर

लखीमपुर खीरी। शहर के मोहल्ला गढ़ी में किरायेदारों ने मकान मालकिन को पटक पटक कर मारा। मकान मालकिन ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शहर के मोहल्ला गढी निवासी हरिओम अबस्थी की पत्नी गीता अवस्थी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके मकान में मीरा पत्नी सुरेश किराएदार है। मकान मालकिन घर पर अकेली थी तभी मीरा और उसकी बेटी एशि ने उसे पहले धक्का दिया और फिर जमीन पर पटक पटक कर पिटाई की। जिससे उसे काफी छोटे आई हैं। गीता का कहना है उसे डॉक्टर ने फ्रैक्चर बताया है। गीता का कहना है कि मीरा उनकी बेटी पर गलत आरोप लगा रही थी। गीता अवस्थी ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। जबकि मीरा का कहना है कि उसे परेशान किया जा रहा है।

सीआईएस के काउंसिल सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की दिलायी शपथ

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। चैम्बर ऑफइंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज की 2024-25 सत्र की प्रथम बैठक में काउंसिलिंग के

सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई और काउंसिलिंग कमेटी का गठन कर सभी से अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य किए जाने का आह्वान किया गया।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में सीआईएस की आयोजित प्रथम काउंसिलिंग कमेटी की बैठक में महासचिव अमित चौधरी ने कहा कि संख्या बल के आधार पर ही हम अपनी अलग पहचान बना सकते हैं जिसके लिए हमें काउंसिलिंग कमेटी का गठन किया गया है। अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी ने सभी सदस्यों से प्रथम सत्र की बैठक में गोपनीयता की शपथ दिलाई और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोग अपने दायित्वों का निर्वहन कर संस्था को शिखर पर पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने उद्यमियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रत्येक सदस्य की समस्या का समाधान कराना ही उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि काउंसिलिंग सदस्य हेतु पात्रता के लिए 12 नियम लागू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि संस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए अनुशासन अत्यंत आवश्यक होता है। इस दौरान संस्था के नए सत्र 2024-25 में आयोजित होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। चेयरमैन एच. एस. चड्ढा, संरक्षक अमर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विजय वशिष्ठ, काउंसिलिंग सदस्य घनश्याम माहेश्वरी, नीरज माहेश्वरी, बलजीत सिंह चावला, सीए गुरमीत सिंह बग्गा ने अपने विचार रखते हुए संस्था को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। बैठक में गौरव जैन, संजय गुप्ता, राजेश गुप्ता, मनोज जैन, रविंद्र कालड़ा, राजेंद्र तनेजा, सुनील अरोड़ा, सुनील सूरी, दिनेश माहेश्वरी, राजीव सचदेवा, मयंक अग्रवाल, पंकज मित्तल आदि मौजूद रहे।

पीड़ित ने लगाया जबरन मकान कब्जाने का आरोप

सहारनपुर। जबरन मकान कब्जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित व्यक्ति ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि आरोपी उन्हें झूठे बलात्कार के मामले में फंसाने की धमकी दे रहा है। मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। असलम पुत्र शकूर निवासी ग्राम ताजपुरा थाना बेहट ने आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि महमूदा पत्नी मशकूर, इसरार, अबरार, अंजार पुत्रगण मशकूर से 17 मार्च 2016 को मशकूर का मकान विद्युत कनैशन सहित छह लाख रूपए में खरीदा था। लेकिन आरोपीगण की नीयत में खोट आ गया और वह इस मकान पर पुनः कब्जा करना चाहते हैं। इस कारण 24 अप्रैल को उनके घर पर सात-आठ व्यक्तियों ने हमला किया जिसमें उनके साथ नवाब, शहजाद व नासिर पुत्रगण फारूख निवासीगण ताजपुरा भी थे।

थाना ऊँचाहार क्षेत्रान्तर्गत मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया गया

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत थाना ऊँचाहार क्षेत्रान्तर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय पट्टी रहस कैथवल, प्राथमिक विद्यालय पूरे लोक पुर मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता का जायजा लिया गया एवं सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही ऊँचाहार प्रतापगढ बार्डर व खरौली फतेहपुर बार्डर पर अधिकारीगण द्वारा स्वयं वाहनों को चेक किया गया तथा बैरियर लगाकर चेकिंग करने हेतु मौजूद कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बूंद-बूंद को तरस रहे है अम्बाला रोड के दुकानदार

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। स्मार्ट सिटी योजना के नाम पर दुकानदारों को जल के संकट से जूझना पड़ रहा है और जलापूर्ति न होने से दुकानदारों के साथ-साथ ग्राहक भी परेशान हो रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा नगर निगम को स्मार्ट सिटी योजना के तहत स्मार्ट सिटी में शामिल कर लिया गया है और युद्ध स्तर पर विकास कार्य कराए जाने के दावे भी किए जा रहे हैं परंतु स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। बाजारों में पेयजल संकट गहराया हुआ है। व्यापारियों सहित ग्राहक व आमजन भी परेशान है।

गर्मी का महीना होने के कारण गर्मी ने अपना रौद्र दिखाना शुरू कर दिया है। भीषण गर्मी के चलते पेयजल का संकट लोगों को पूरी तरह परेशान कर रहा है। अम्बाला रोड पर अमृत सिनेमा के पास के दुकानदारों का कहना है कि विगत काफी दिनों से पेयजल आपूर्ति न होने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दुकानों में नगर निगम के वार्ड 40 के पार्षद स. राजेंद्र सिंह कोहली की दुकान भी है। दुकानदार इनाम अहमद सहित अन्य दुकानदारों का कहना है कि नगर से सटे इस बाजार में पानी की आपूर्ति न होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग आठ माह पूर्व पानी की लाईन डाली गई थी परंतु आज तक उसके कनैक्शन नहीं हो पाए। इस कारण पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। मामले की शिकायत उनके द्वारा नगर निगम के अधिकारियों से भी की गई थी परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है और दुकानदार व आमजन पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन, नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से मांग की कि व्यापारियों की इस समस्या का शीघ्र ही समाधान कराया जाए।

गौशालाओं में हरा चारा, पानी एवं छाया की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

भूसा दान के लिए अधिक से अधिक आमजन को किया जाए प्रोत्साहित

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने समस्त उप जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, एडीओ पंचायत एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निराश्रित गौवंश के लिए भूसा दान की प्रक्रिया को गति दें। इसके साथ ही जो भूसा खरीदना है वह तत्काल खरीद लें क्योंकि इस समय कीमत कम हैं और सुगमता से भूसा इकट्ठा किया जा सकता है।

डॉ.दिनेश चन्द्र ने निर्देशित किया कि प्रत्येक दिन मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से उनके सम्मुख रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि कितना भूसा खरीदा गया और कितना दान में प्राप्त किया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों से निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों हेतु भोजन एवं पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। गायों को हरा चारा भी दिया जाये। हरा चारा उपलब्ध न हाने की दशा में भूसे को भिगोकर उसमें चोकर मिलाकर दिया जाये। जिन गायों को घूमने के लिये नहीं छोडा गया है, उन्हें छाया में रखने की व्यवस्था की जाये। गायों के छाजन की व्यवस्था की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि गेहूँ की कटाई के दृष्टिगत भूसा सस्ते दामों पर उपलब्ध है। इस अवधि में प्रत्येक गौशाला के लिये समुचित मात्रा में भूसा खरीद कर भूसा बैंक स्थापित कर लिया जाये। हर गौशाला में हर सप्ताह पशु चिकित्सक का न्यूनतम एक दौरा सुनिश्चित किया जाये ताकि बीमार पशुओं का समय से उपचार हो सके। पशुओं की मृत्यु होने की दशा में निर्धारित प्रकिया के अनुसार ही शव का निस्तारण नियमानुसार यथाशीघ्र किया जाये।

समस्त गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों की संख्या के आधार पर पूरे वर्ष हेतु अनुमानित भूसे की मात्रा का आंकलन कर लिया जाये तथा गेहूँ की फसल कटाई के समय ही भूसा अधिक से अधिक मात्रा में क्रय हेतु कृषकों को चिन्हित कराते हुए उनके खेतों से ही न्यूनतम दरों पर अधिक से अधिक भूसे का क्रय कर लिया जाये। इस कार्य हेतु संबंधित ग्राम के ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाये तथा खेतों से गोआश्रय स्थलों पर भूसा पहुँचाने हेतु परिवहन की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा की जाये। इसके लिये तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी व विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

प्रत्येक ग्राम से भूसा दान में प्राप्त किये जाने हेतु ग्राम प्रधान के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया जाये जिसमें संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, बीट सिपाही को शामिल किया जाये। इस कार्य हेतु राजस्व निरीक्षक अपने क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारी होंगे। प्रत्येक ग्राम में ग्राम प्रधान के नेतृत्व में एक ट्रेक्टर ट्राली लेकर पूरे ग्राम का प्रतिदिन भ्रमण कर प्रत्येक घर से भूसा दान में प्राप्त किया जाये तथा उसे गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित कराया जाये। इसकी समीक्षा प्रतिदिन तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी व विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी द्वारा की जाये।

पर मारपीट करने का आरोप लगाया

लखीमपुर खीरी। पलिया कोतवाली क्षेत्र निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर सिंगहिया निवासी कुछ लोगों पर बहन से छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जातिसूचक गालियां देते हुए उक्त लोगों ने पिटाई की। युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी बहनें पत्रिया खरीदारी करने के लिए आईं थीं। खरीदारी करने के बाद सभी वापस आईं तो पानी के बताशे खाने के लिए एक ठेले पर रूक गईं। आरोप है कि सिंगहिया के चार-पांच युवक बहा पे पहुंचे और बहनों का दुपट्टा आदि खींचकर छेड़खानी करने लगे। जिसका विरोध किया तो उक्त ने जातिसूचक गालियां बहनों को दी। बहनों ने फोन से सूचना दी तो वह अपने बहनोई व अन्य के साथ मौके पर पहुंचा और युवकों से बदतमीजी न करने को कहा। आरोप है कि यह सुनते उक्त युवक उग्र हो गए और धारदार हथियार से तीनों का सिर फोड़ दिया जिसमें बह घायल हो गए। मामले में पुलिस को छेड़छाड़, एससीएसटी एक्ट संबंधित नामजद तहरीर दी गई है।

चुनाव पर्यवेक्षक ने कई गांवों का किया निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। लखनऊ से पलिया पहुंचे चुनाव पर्यवेक्षक अनूप ए शेट्टी ने कई गांवों का निरीक्षण किया। इस दौरान वह गौरीफंटा बार्डर पर पहुंचे और कबच आउटपोस्ट का जायजा लिया। नोमैंस लैंड देखने के साथ ही उन्होंने नेपाल एपीएफ अधिकारियों से भी वार्ता की।चुनाव पर्यवेक्षक अनूप ए शेट्टी ने भारत-नेपाल सीमा के गौरीफंटा बार्डर पर नोमैंस लैंड देखा। इस दौरान उन्होंने एसएसबी व नेपाल एपीएफ के जवानों संग वार्ता कर बनगवां पहुंचकर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए भी ग्रामीणों को जागरूक किया। गौरीफंटा बारडर पर कवच आउटपोस्ट का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों पर भी जाकर देखा। कई गांवों का निरीक्षण करने के बाद बंशीनगर चौंकी बैरियर का जायजा लिया। इस दौरान सीओ यादवेंद्र यादव, बंशीनगर चौकी इंचार्ज अजय सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

हाईटेक प्रचार में तब्दील हो रहा लोकसभा चुनाव

राघवेन्द्र मिश्र

- 18वीं लोकसभा के चुनाव में फेसबुक, ट्वीटर, मैसेज, व्हाट्सएप व इंस्टाग्राम बना प्रचार का माध्यम
- कभी पोस्टकार्ड और चिट्ठी पर अपना रहनुमा चुनते थे मतदाता
- प्रचंड गर्मी में प्रत्याशियों को राहत दे रहा मोबाइल फोन

गोरखपुर। गुजरे हुये जमाने के साथ अतीत पर गौर करें तो प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उदास के गाने चिट्ठी आई है आयी है चिट्ठी आयी है एक जमाना था जब ये गीत भी काफी मशहूर हुई थी और उस समय के नेताओं ने पोस्टकार्ड व चिट्ठी को चुनाव के समय बेहतर माध्यम माना था माननीय बनने का सपना सजाने वाले नेता चुनावी समर में कूदते थे और मतदाताओं के पास पोस्टकार्ड व चिट्ठियां पहुँचती थी और वह उसी को पढ़कर अपना रहनुमा चुनने के लिये मन बनाते थे। समय का चक्र जैसे-जैसे चला नेताओं ने भी समय-समय पर अपने तौर तरीकों में बदलाव किया और प्रचार-प्रसार के नए तरीकों को अपनाया। वर्तमान सदी के चुनावी समर में कूदे सभी दलीय व निर्दलीय प्रत्याशी अपने को सबसे हाईटेक व योग्य बताने व मतदाताओं तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए फेसबुक, व्हाट्सएप, मैसेज व इंस्टाग्राम का भरपूर प्रयोग कर लोकसभा चुनाव को रोचक बना रहे हैं। 18वीं लोकसभा की गगनभेदी होने के साथ ही सभी दलों के उम्मीदवार व कार्यकर्ता अपनी पार्टी को जीत दिलाने के लिए प्राण-प्रण से जुट गए हैं।ऐसे में इस तपिश भरी प्रचंड गर्मी में प्रचार करने व मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने में मोबाइल बहुत ही आसान व सुलभ साधन साबित हो रहा है। होना भी चाहिए क्योंकि वर्ष 2009 से लोकसभा चुनाव जिस परिसीमन पर हुआ उसका क्षेत्रफल भी दो जनपदों गोरखपुर व देवरिया की सीमाओं तक विस्तृत हो चुका है ऐसी स्थिति में कोई भी प्रत्याशी संसदीय क्षेत्र की एक सीमा से दूसरी सीमा तक पहुँचकर यदि प्रचार करना चाहे तो पूरा दिन भी लगने के बाद भी सम्भव नहीं हो पायेगा। बात स्वभाविक है यदि मोबाइल न होती तो अपनों व अपने दल के कार्यकर्ताओं तक माननीयों के संदेश नहीं पहुंच पाते। बात करें बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान की तो वे चौथी बार भाग्य आजमाने के लिये जोर आजमाइश में लगे हैं अपने फेसबुक पेज के माध्यम से मांगलिक कार्यक्रमों में हिस्सेदारी दर्शाकर जनता के बीच बनें हुये हैं तो वहीं उनके लिये दिन रात मेहनत कर अपनी पार्टी की उपलब्धियों को बताने में चिल्लूपार के विधायक व विधान मण्डल दल के सचेतक राजेश त्रिपाठी अन्य माननीयों की तुलना में आगे दिखते हैं वह खुद व्हाट्सएप से लगायत फेसबुक तक निरन्तर एक्टिव दिख रहे हैं। इंडिया गठबंधन से समझौते के तहत कांग्रेस ने पूर्व मंत्री सदल प्रसाद को मैदान में उतारा है बढ़ती उम्र के बावजूद वो खुद आगजनी सहित विभिन्न मांगलिक कार्यक्रमों के अलावा अन्तिम संस्कार में शामिल होने घाटों तक पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगे हैं इनके लिए भी सपा व कांग्रेस के अलावा गठबंधन में शामिल अन्य पार्टियों के कार्यकर्ताओं की लंबी फौज प्रचार में जुटी हुई है ये खुद भी अपने फेसबुक पेज से अपनी सक्रियता प्रदर्शित करते हैं। बसपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद डॉ. रामसमुझ भी अपनी दावेदारी के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप का सहारा लेने में कोई कसर नहीं छोड रहे हैं। समय के अनुसार मतदाता भी पहले की अपेक्षा काफी जागरूक हुए हैं समाज में शिक्षा का स्तर भी बेहद बढ़ गया है अब आमजनता अपने नेता को न सिर्फ अपने सुख-दुःख में देखना चाहती है बल्कि अपने मुददों के लिए सड़कों पर संघर्ष,सदन में क्षेत्रीय समस्याओं से जुड़े हुये मुद्दे को उठाते देखने के साथ साथ यह भी देखना लोग पसन्द करते हैं कि वेबसाइट, फेसबुक, ट्वीटर, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर के अलावा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यमों से यह जानना चाहती है कि मेरा होने वाला या वर्तमान रहनुमा कितना हाईटेक व एडवांस है। वैसे जो भी हो जिस तरह हाईटेक युग में नेता हाईटेक दिखने की होड़ में हैं वैसे ही मतदाताओं की भूमिका हाईटेक होती जा रही है।

तहसीलदार प्रशासन ने बूथो का किया निरीक्षण

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। लोकसभा चुनाव के लिए आगामी एक जून को सहजनवां तहसील क्षेत्र में मतदान होना है। मतदान से पूर्व चुनाव को लेकर अधिकारी किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ना चाहते है। सबसे अधिक नजर मतदान केंद्रों पर बनाए गए बूथों पर है। बूथों पर विद्युत , पानी, बाउंड्री वाल, जंगला और रास्ता आदि की व्यवस्था की जा रही है। सोमवार को एसडीएम कुंवर सचिन सिंह के नेतृत्व मे तहसील अधिकारियों ने सहजनवां ब्लाक के दक्षिणांचल में बूथों का निरीक्षण किए। एसडीएम ने बताया कि सहजनवा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय दुलटही का फर्श टूटा मिला और शौचालय भी खराब है। जो उपयोग के लायक नहीं है। सहजनवां ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय दुलटही में रैम्प टूटा मिला। कटसरा, चांदपार, कटसहरा, प्राणपुर, सिधौली, बैदौली आदि विद्यालयों की जांच में बूथों पर कमियां मिली हैं। पंचायत और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सुधार के लिए समय दिया गया है। साथ ही लेखपालों से बूथों पर व्यवस्था दुरुस्त करने के आदेश दिए गए है। निरीक्षण में तहसीलदार आरके कन्नौजिया, नायब तहसीलदार भानू प्रताप सिंह आदि राजस्व कर्मी शामिल रहे।

ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ायी

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में रोजगारपरक एवं अन्य महत्वपूर्ण विभिन्न पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। अभ्यर्थी अब यहां बीएससी नर्सिंग, बी फार्मा, बीबीए लॉजिस्टिक समेत कई जॉब ओरिएंटेड और स्नातक/परास्नातक, डॉक्टरेट व डिप्लोमा कोर्सेज में प्रवेश के लिए 15 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। यह जानकारी महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो. सुनील कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) के विलंबित रिजल्ट्स से प्रवेश लेने के इच्छुक बहुत से अभ्यर्थी लगातार विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति से संपर्क कर रहे हैं। इसके कारण छात्र हित में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति ने 1 अप्रैल से जारी प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि को 30 अप्रैल से बढ़ाकर 15 मई करने का निर्णय लिया है। प्रो. सिंह ने बताया कि परीक्षा की तिथि में कोई बदलाव नहीं किया गया है। प्रवेश परीक्षा अलग-अलग पाठ्यक्रम के अनुसार निर्धारित पूर्ववत तिथियों में होगी। बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा 19 मई को होगी।

जमीनी रंजिश में वृद्ध की गला रेत कर हत्या

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। रात में सोते समय 70 वर्षीय बृद्ध की धार दार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी गई । हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। प्राप्त विवरण के अनुसार घटना उरई कोतबाली थाना क्षेत्र के ग्राम अजनारी की है, यहाँ के निवासी परशुराम कुशवाहा रात में लाइट न आने की बजह से घर के बाहर लेटे हुए थे। उसका छोटा बेटा विवेक और उसकी पत्नी रिंकी मकान के ऊपरी हिस्से में बने कमरे में सो रहे थे। देर रात लाइट आने पर परशुराम अपने नीचे बाले कमरे में जाकर लेट गये। देर रात को अज्ञात लोगों ने धार दार हथियार से बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद हत्यारोपी परशुराम के कमरे की कुंडी बाहर से लगाकर भाग गए। अगले दिन सुबह जब काफी देर तक परशुराम कमरे से बाहर नही निकले तो उसके छोटे बेटे विवेक ने उन्हें जगाने के लिए गया। कमरे की कुंडी बाहर से लगी मिली। कुंडी खोलकर जैसे ही वह कमरे के अंदर पहुँचा वहां अपने पिता के शव को खून से लतपथ देखा तो उसके होश उड़ गए। पिता की ऐसी हालत देख जोर जोर से चीखने लगा शोर सुनकर परिवार के लोग वहां आ गए। घटना की जानकारी जब गांव के लोगों को हुई तो सनसनी मच गई। बृद्ध की हत्या की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक असम चौधरी क्षेत्राधिकारी गिरजाशंकर त्रिपाठी, कोतबाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पटेल फोरेंसिक टीम लेकर घटना स्थल पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच में जुटे अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने बताया कि हत्या के संबंध में कई सुराग मिले हैं।

वेयर हाउस का औचक निरीक्षण किया गया

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह तहसील सदर स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस में कमिशनिंग के कार्य पर निरंतर पैनी नजर बनाए हुए हैं, वह प्रतिदिन वेयर हाउस का औचक निरीक्षण कर कैंडिडेट सेटिंग के कार्य का जायजा ले रहे हैं।

आज उन्होंने वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान कमिशनिंग के कार्य में लगे कार्मिकों से संवाद करते हुये कहा कि बेहद सतर्क रहकर कमिशनिंग, मॉक-पोल की प्रक्रिया करायें, मॉक-पोल की प्रक्रिया के दौरान विशेष सावधानी बरती जाये, मॉक-पोल प्रक्रिया की निरंतर वीडियोग्राफी हो, मॉक-पोल की प्रक्रिया जन-प्रतिनिधियों, अधिकृत अभिकर्ताओं की मौजूदगी में करायी जाए, अधिकृत अभिकर्ताओं से ही विधानसभावार रेंडमतौर पर 05 प्रतिशत ईवीएम चयनित करा कर उसमें 01-01 हजार वोट डलवाकर मॉक-पोल की प्रक्रिया की जाए, मशीन से गणना के उपरांत वीवी पैट से पर्चियां निकालकर उनकी भी गणना की जाये, सावधानी पूर्वक दोनों का मिलान किया जाये, जिन मशीनों में मॉक-पोल की प्रक्रिया की जाए, उनके नंबर मॉक-पोल पंजिका में अवश्य अंकित किए जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस में उपस्थित डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदारों को आदेशित करते हुए कहा कि वेयर हाउस के अंदर जो भी निष्प्रयोज्य सामान है, उसे तत्काल प्रत्याशियों, मौजूद अधिकृत अभिकर्ताओं की देख-रेख में वेयर हाउस से बाहर निकलवाकर निस्तारण किया जाए, इसकी भी निरतंर वीडियोग्राफी करायी जाये, कोई भी निष्प्रयोज्य सामग्री किसी भी दशा में वेयर हाउस के अंदर न रहे।

प्रशिक्षण से अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध होगी वैधानिक कार्यवाही : जिला निर्वाचन अधिकारी

मैनपुरी अवधनामा संवाददाता। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 की मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु तैनात पीठासीन, मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण के दौरान दि. 29 अप्रैल को 46 पीठासीन, मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहें, प्रशिक्षण से अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करायी जा रही है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन सम्बन्धी प्रत्येक गतिविधि महत्वपूर्ण है, निर्वाचन को शांतिपूर्ण, सकुशल एवं निष्पक्ष माहौल में सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक सरकारी अधिकारी, कर्मचारी को किसी न किसी रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करना होता है, निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान सबसे महत्वपूर्ण भाग है और इसे सम्पन्न कराने की पूरी जिम्मेदारी मतदान कार्मिकों के कंधों पर है। मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक नेहा बंधु ने बताया कि प्रथम दिवस के प्रशिक्षण से पीठासीन अधिकारी के रूप में तैनात सहायक अध्यापक अवधेश सिंह, अल्केश कुमार, मनोज कुमार, शिशुपाल सिंह, नगेन्द्र पाल सिंह, मतदान अधिकारी प्रथम के रूप में तैनात सहा. अध्यापक राजवीर, अमरीश प्रवास, प्रधानाध्यापक आदित्य कुमारी, मतदान अधिकारी द्वितीय के रूप में तैनात सहा. अध्यापक नीलम, सुनीता कुमारी, रचना पाण्डेय, कादम्बरी राजपूत, कनिष्ठ सहा. प्रभा अवस्थी तथा मतदान अधिकारी तृतीय के रूप में तैनात सफाईकर्मी सुनील सैनी, बृम्हानंद, राजू, बच्चू, दीपक चौहान, गिर्राज, मुरारी लाल, ओम प्रकाश, संतोष कुमार, राजेश कुमार, सियाराम, नानक चन्द, सुरेश, दीपक यादव, सूरजभान, प्रदीप कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार, राशिद खान, लोकेश कुमार, भीम कुमार, महेश चन्द्र, राजू, राकेश कुमार, आशीष, चन्द्रप्रकाश, दशरथ, रूप किशोर, योगेश कुमार, नरेन्द्र कुमार, श्याम बाबू, पुरूषोत्तम, चतुर्थ श्रेणी कर्मी मानवेन्द्र प्रताप अनुपस्थित रहे हैं।

कैशियर ने महिला को गलती से थमाई ज्यादा रकम

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। भारतीय स्टेट बैंक शाखा माधौगढ़ में कैशियर ने विड्रॉल कर रुपये निकालने आयी महिला को भूल से ज्यादा रकम थमा दी, ईमानदारी दिखाते हुए महिला ने बैंक मैनेजर को रकम बापस लौटा दी। मैनेजर ने महिला को धन्यवाद देतेहुए शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। भारतीय स्टेट बैंक में मोहल्ला मालवीय नगर की महिला कामना देवी पत्नी दंगल सिंह विड्रॉल कर 49 हजार रुपये निकलने गयी थीं। इस दौरान कैशियर ने भूलबस 49 हजार रुपये की जगह 98 हजार की नगदी थमा दी। महिला अपने लड़के के साथ रकम लेकर घर पहुंची घर जाकर रकम गिनने पर 98 हजार निकले। महिला ने लड़के को बताया कि यह नगदी विड्रॉल भरी राशि से अधिक है। वह वापस अपने लड़के सोनू तोमर के साथ बैंक पहुंची।महिला ने बैंक मैनेजर को बताया कि यह रकम विड्रॉल में भरी गयी राशि का दोगुना है। जानकारी करने पर महिला को बैंक मैनेजर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस ईमानदारी के लिए मैनेजर ने महिला का सम्मान करते हुए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबल प्रताप सिंह व बैंक का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

शेष शस्त्र भी शीघ्र जमा हो जाएंगे : विमलेश कुमार

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर जालौन

कोतवाली पुलिस ने अभी तक 1290 शस्त्र जमा कराए हैं, तथा कहा है कि शेष शस्त्र भी शीघ्र जमा हो जाएंगे। जालौन कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए नगर तथा क्षेत्र में किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो तथा चुनाव शांति ढंग से हो इसके लिए पुलिस द्वारा सभी शस्त्र धारकों को अपने-अपने शस्त्र जमा करने के लिए सूचना दी जा रही है । अभी तक 1290 शस्त्र धारकों ने शस्त्र जमा कर दिए हैं और जो भी शस्त्र शेष बचे हैं वह भी शीघ्र जमा हो जाएंगे। कोतवाल विमलेश कुमार ने ये भी बताया की चुनाव आचार संहिता को देखते हुए अभी तक 2500 लोगो के उपर 107/16 के तहत कार्यवाही की गई है।

चलती बस में लगी आग, सवारियों ने कूदकर बचायी जान

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। ग्राम मिहौनी के पास एक बड़ा हादसा होते होते बचा। चलती बस में भीषण आग लग गयी ।आग लगने से आस पास अफरा तफरी मच गयी। अचानक आग लगने से बस धू-धू कर जलने लगी।आग लगने के बाद यात्रियों ने बस से कूद-कूद कर अपनी जान बचाई. इसके बाद बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। थाना अंतर्गत माधौगढ़ में सवारी बस में अचानक आग लग गई जिसके बाद बस धू-धू कर जलने लगी। बस में 2 महिलाएं व एक बच्चा मौजूद था। सभी ने कूद-कूद कर अपनी जान बचाई। वहां मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय थाने को दी। मौके पर पुलिस और दमकल की गाड़ियां पहुंची और स्थानीय लोगों की साथ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग पर जबतक काबू पाया गया तबतक बस पूरी तरह जल चुकीथी। बस में आग लगने के बाद वहां भीषण जाम लग गया।बस माधौगढ़ से रामपुरा बारात लेने के लिए रवाना हुई थी, इसी दौरान ग्राम मिहौनी के पास आग लगी। जानकारी देते हुए सीओ माधौगढ़ शैलेन्द्र बाजपेयी ने बताया की डीजल पाइप लाइन लीकेज के कारण बस में आग लगी थी।

लोक भारती इंटर कॉलेज ने सराहा पानी के दानी बने अभियान को

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। लोक भारती इंटर कॉलेज गीतापल्ली, आलमबाग

लखनऊ के प्रबंध निदेशक नमन दीक्षित ने श्रीमती रवि चावला सेवा केंद्र द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ा कार्य संस्था के द्वारा किया जा रहा है। लोक भारती विद्यालय द्वारा सदा ऐसे जनकल्याणकारी कार्यों को प्रोत्साहित किया जाता है। हम विद्यालय की तरफ से एक कैरट पानी की बोतल दान कर रहे हैं। आवश्यकता अनुसार और भी बड़ी संख्या में पानी की बोतल जरूरतमंदों के लिए दान दी जाएगी।

वेशकीमती हरे पेड़ों का अवैध कटान निरन्तर जारी

पचपेड़वा (बलरामपुर) अवधनामा संवाददाता। वन विभाग भांभर रेंज कार्यालय के अन्तर्गत यहां के जंगलों में बड़े पैमाने पर नाजायज अंधाधुंध कटान हुआ करता है जिस पर वनकर्मी मामला खुलने पर कभी कभी लकड़ियों को जब्त कर कार्यवाही करने का नाटक भी करते रहते है। यहां के वनकर्मियों का तो वनमाफियाओं से कहीं न कहीं सांठगांठ बना ही रहता ही है जिसके कारण यहां के जंगलों में पाये जाने वाले वेशकीमती हरे पेड़ों का अवैध कटान निरन्तर जारी रहा करता है। लेकिन कभी कभी मामला खुलने और बड़े अधिकारियों के दबाव तथा अपने बचाव में कार्यवाही करने के नाम का नाटक भी यहां के वनकर्मियों द्वारा किया जाता रहा है। जिसमें वनक्षेत्र से सटे गांव के ग्रामीणों पर केस वगैरह काटकर वाहवाही लूटने का कार्य भी शामिल होता हैं। इन्हीं अवैध कटान की लकड़ियों को समय समय पर जब्त कर विभाग द्वारा यहाँ के कार्यालय परिसर में रखा गया था जिसमें कई प्रकार की वेशकीमती लकड़ियां जैसे शाखू,सागौन, शीशम आदि प्रजाति के बोटे शामिल थे जिसमें बीते 24 अप्रैल को अचानक आग लग गयी और लाखों रूपये के सैकड़ो बोटे देखते ही देखते आग में धूधू कर जलते हुए स्वाहा हो गये। वन विभाग कई दिन बीत जाने के बाद भी कुछ भी नहीं बता पा रहा है कि आखिर आग कैसे लगी। इस पूरे मामले पर हमारे विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन जमा हुई लकड़ियों मे आग लगी नहीं बल्कि वनकर्मियों ने अपने काले कारनामों को खत्म करने के लिए खुद बची हुई सड़ी गली लकड़ियों में जानबूझकर आग लगा दिया ताकि यह साबित हो सके कि अचानक आग लगने से जब्त कर रखी गयी तमाम वेशकीमती लकड़ियां जल कर खाक हो गयी है।

मतदाता लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी : डीएम

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने सुदिति ग्लोबल एकेडेमी में पीठासीन, मतदान अधिकारियों के प्रथम दिवस के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व में हम सबको अपना योगदान देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, हम सबके लिए गौरव की बात है, संवैधानिक दायित्व का सभी कार्मिक पूरी निष्ठा, पारदर्शिता के साथ निर्वहन करें।

उन्होने कहा कि मतदान प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वतंत्र रूप से सम्पन्न कराने के लिये सबसे अहम भूमिका पीठासीन अधिकारी, मतदान कार्मिकों को निभानी है, इसलिए मतदान के दिन होने वाली विभिन्न गतिविधियों, सामान्य कार्यो, ईवीएम संचालन, लिफाफे पेकिंग, सीलिंग, मतदान अभिकर्ताओं के दायित्वों आदि के बारे में प्रत्येक मतदान कार्मिक को जानकारी होना आवश्यक है, मतदान कार्मिकों की लापरवाही, ईवीएम के कनेक्ट करने में बरती गयी कोताही मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है, इसलिए सभी मास्टर ट्रेनर्स पीठासीन, मतदान अधिकारियों को प्रत्येक गतिविधि से बाकिफ करा दें, बार-बार कंट्रोल यूनिट, वेलिट यूनिट, वीवी पैट को आपस में कनेक्ट करके देखें, मतदान कार्मिक अपने दायित्वों के प्रति जितने सजग होंगे, मतदान प्रक्रिया उतनी ही आसानी से सम्पन्न होगी। श्री सिंह ने पीठासीन, मतदान अधिकारियों से प्रशिक्षण के दौरान संवाद करते हुए कहा कि मॉक-पोल प्रक्रिया निर्धारित समय पर मतदान एजेंटों की उपस्थिति में संपन्न कराएं यदि अभिकर्ता समय से उपस्थित न हो तो 15 मिनट तक प्रतीक्षा करने के बाद मॉक-पोल की प्रक्रिया प्रारंभ करें, प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक प्रत्याशी सहित नोटा में भी मत डाले जायें, मॉक-पोल प्रक्रिया की निरंतर वीडियोग्राफी करायी जाये यदि बूथ पर वीडियोग्राफर तैनात न हों तो मतदान कार्मिक मोबाइल से मॉक-पोल प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कर डेटा सुरक्षित रखें, मॉक-पोल प्रक्रिया का अंकन पीठासीन डायरी में अवश्य किया जाये। उन्होने कहा कि वास्तविक मतदान प्रक्रिया प्रातः 07 बजे प्रारंभ की जाये, मतदान प्रक्रिया के प्रारंभ होने की उद्घोषणा अवश्य की जाये यदि 06 बजे के उपरांत बूथ पर कोई मतदाता मौजूद हो तो उससे मतदान कराने के उपरांत ही मतदान प्रक्रिया बंद की जाये। उन्होंने पीठासीन, मतदान अधिकारियों से कहा कि प्रत्याशी को प्रत्येक मतदान केंद्र पर 03 एजेंट नियुक्त करने का अधिकार है लेकिन बूथ पर एक समय में सिर्फ 01 एजेंट ही मौजूद रह सकता है, अपराह्न 03 बजे के बाद एजेंट बदला नहीं जा सकता, अपरान्ह 03 बजे से पूर्व एजेंट बदलने की दशा में उसे प्रमाणित मतदाता सूची दूसरे एजेंट को उपलब्ध करानी होगी, जारी किया गया पास जमा करना होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी एजेंट बूथ से पर्ची आदि जारी नहीं कर सकेगा और नाहीं किसी के माध्यम से कोई संदेश बाहर भेज सकेगा, एजेंट के पास प्रत्याशी द्वारा जारी किया गया पास, फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र, प्रमाणित मतदाता सूची, पेन ही उपलब्ध रहेंगा, कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एजेंट अपने पास नहीं रख सकेंगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यदि मतदान प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन खराब होने पर घबराएं नहीं बल्कि धैर्य रखें, उसके कनेक्शन दोबारा करें, कोई बटन, स्विच ढीला होने के कारण मशीन का सही प्रकार से संचालन नहीं होता इसलिए सभी कार्मिक तीनों मशीनों को आपस में भली-भांति कनेक्ट करने की विधि को अच्छी तरह समझ लें।

द मदद सहयोग गाइडेंस (एमएसजी) फाउंडेशन ने बच्चों का किया सम्मान समारोह

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। द एमएसजी फाउंडेशन ने डीआरवी कॉलेज के पास, बादशाह नगर के पास झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में सम्मान समारोह के साथ मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया। द मदद सहयोग गाइडेंस (एमएसजी) फाउंडेशन ने ज़रूरत मंद 12 बच्चों को उनकी शिक्षा में सहयोग किया जिनके पास फीस जमा करने के पैसे नहीं थे उन्हें पैसों का बंदोबस्त किया और आज उन बच्चों ने अपने माता-पिता का नाम रोशन किया और बताया कि हम आगे पढ़ना चाहते हैं और बढ़ाना चाहते हैं इसी उद्देश्य से आज द एमएसजी फाउंडेशन ने बादशाह नगर के पास सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिमांशु बाजपेयी, बतौर अतिथि अहमद जमाल (चार्टड एकाउंटेंट एफ सी ए), डॉ. अराफात हसन रिज़वी (असिस्टेंट प्रोफेसर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी), रुचिता सुजाइ चौधरी (असिस्टेंट प्रोफेसर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय), रिचा मनौचा (डिजिटल क्रीएटर), तरन्नुम नक़वी, हुर अब्बास मौजूद रहे। हिमांशु बाजपेयी ने द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहा कार्य बहुत ही सराहनीय है। इस कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों ने द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों की सराहना की। द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से जरूरतमंद लोगों मुफ्त चेकअप किया गया एवं उन्हें जरूरी दवाई भी मुफ्त में दी गई। डॉ. टीम में जागृति आनंद शर्मा, डॉ. शिवम, डॉ. नाज़नींन बानो, डॉ. मोहम्मद् उस्मान मौजूद रहे। द एमएसजी फाउंडेशन की फाउंडेशन के उपाध्यक्ष शुजा अब्बास, मिस्बाह, मुनतज़िर अब्बास, अतहर हुसैन एवं संस्थापक मोहम्मद सादिक मौजूद रहे।

नहीं रहे काव्य पुरुष रामवचन शास्त्री

साहित्यकार रामबचन के निधन पर शोक

गाजीपुर। साहित्य चेतना समाज की शोक सभा नगर के वंशीबाजार स्थित स्वामी विवेकानन्द कॉलोनी में संस्था के कैम्प कार्यालय पर आयोजित की गई। सभा में वर्ष 2018 में संस्था द्वारा गाजीपुर गौरव सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार रामबचन शास्त्री अँजोर के निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. रविनन्दन वर्मा, हीरा राम गुप्ता, शशिकांत राय, राजीव मिश्र, अमरनाथ तिवारी अमर, आनन्द प्रकाश अग्रवाल, प्रभाकर त्रिपाठी, संजीव गुप्त आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अध्यक्षता संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर एवं संचालन संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

अवधनामा ब्यूरो

गाजीपुर। काव्य-पुरुष रामबचन शास्त्री अंजोर अब इस दुनिया में नहीं रहे। विगत 27 अप्रैल (शनिवार) की रात लगभग 10 हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। अंजोर जी का जन्म 6 सितंबर सन् 1932 ई0 को गाजीपुर जनपद अन्तर्गत नवली गांव में हुआ था। ये बिहार के विभिन्न प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालययों में अध्यापन करते हुए। एक उच्च कोटि के हिंदी तथा भोजपुरी दोनों भाषाओं के सशक्त हस्ताक्षर थे। इन्होंने लगभग दो दर्जन विभिन्न विधाओं की हिंदी तथा भोजपुरी दोनों भाषाओं में साहित्य-सृजन किया। इनका अगिनदूत (काव्य-खंड) भोजपुरी विश्वविद्यालय आरा(बिहार) तथा निरधन के धन श्याम (खंडकाव्य) मुज्जफरपुर विश्वविद्यालय के भोजपुरी संकाय में पढ़ाया जाता है। इनकी प्रकाशित कृतियों में प्रमुख हैं- बदरिया (गीत एवं कविता- संग्रह), किरणमई (भोजपुरी प्रबंध काव्य), मीत-मिलन (भोजपुरी गीत नाटिका), निर्धन के धननश्याम (भोजपुरी प्रबंध काव्य), अमझोर बावनी (मुक्तक छंद), श्री कृष्ण लीलामृतम्, पाहुर (भोजपुरी खंडकाव्य), गह-गह गीत गंथाइल गांछिन, अगिनदूत (भोजपुरी महाकाव्य), पांचाली (हिंदी प्रबंध काव्य), तारा के तेवर (गीति नाट्य), इंद्रधनुषी रंग में भोजपुरी, शेरे सह्याद्रि (हिंदी महाकाव्य), महारथी अंगराज (चंपू काव्य नाटक), संवादन के घवद, संवाद शैली आदि। ये विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा अनेकों बार सम्मानित हो चुके थे। जिनमें प्रमुख है- 1966 में तत्कालीन कृषि मंत्री जगजीवन राम के हाथों सम्मानित होना, बिहार राजभाषा पटना द्वारा 1991 में डॉ ग्रियर्शन पुरस्कार से सम्मानित होना।

ठंडे पानी की शीतलता से मिली पीड़ा में राहत

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर परिसर में 70 वर्षीय रामदेवी अपने पति व पोता -पोती के साथ जमीन पर चादर बिछाए बैठी थी. आंखों में बेचैनी चेहरे पर तनाव साफ दिख रहा था। पूछने पर एकदम से जवाब देती हैं बहु भर्ती है क्या हो गया पूछने पर बताती है कि कल हरदोई में बेटा बहू बाइक पर दोनों बच्चों के साथ घर से निकले थे .किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक असंतुलित हो गई और पूरा परिवार जमीन पर गिर पड़ा बहू को सिर में गंभीर चोट आई बेटा व पोते को भी चोट लगी। लेकिन बहू को कल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करना पड़ा। श्रीमती रवि सेवा केंद्र द्वारा उन्हें ठंडी पानी की बोतल दी गई तो पहले उन्हें संकोच हुआ। लेकिन फिर खुशी-खुशी दुआ देते हुए पानी की बोतल लेकर खुद भी पानी पिया और पति ,पोता को भी पिलाया. पानी निशुल्क मिलने पर उनकी आंखों में चमक से आ गई और तपती धूप में ठंडक भी मिली। ऐसे ही ट्रॉमा सेंटर में सुरक्षाकर्मी विमलेश को जैसे ही मालूम हुआ कि ठंडा पानी की बोतल निशुल्क मिल रही है तो उनके चेहरे पर थकान जैसे गायब हो गई श्रीमती रवि सेवा केंद्र को दुआ देने लगे। श्रीमती रवि सेवा केंद्र ने पानी के दानी बने अभियान के तहत तपती धूप में शीतलता प्रदान करने के लिए ठंडा पानी की बोतल निशुल्क बांटने का संकल्प किया है जिसके अंतर्गत अस्पतालों में मरीज, परिजनों, रिक्शा चालकों पुलिसकर्मियों व ऐसे सभी लोग जो दिन भर धूप में रहकर काम करते हैं उन्हें निशुल्क ठंडे पानी की बोतले बांटने का कार्य शुरू किया है। संस्था के संयोजक अमित कुमार ने बताया कि प्रचंड गर्मी व धूप में लोगों का गला सूखने लगता है। लोगों के पास जो अपना पानी उपलब्ध होता है वह भी धूप की गर्मी से तपने लगता है ऐसे में प्यास लगने पर ठंडा पानी तलाशना पड़ता है। इसे ही ध्यान में रखते हुए श्रीमती रवि चावला सेवा केंद्र रोज जरूरतमंदों तक निशुल्क ठंडी पानी की बोतल पहुंचाएगा इसके लिए जागरूक लोगों से पानी के दानी ञ्बनने की अपील की जा रही है कोई भी स्वेच्छा से संस्था को पानी की बोतले दान में दे सकता है। जिसका वितरण जरूरतमंदों में किया जाएगा अधिक जानकारी के लिए 7393897633 पर संपर्क किया जा सकता है।

अब कांवड़ यात्रा पर फूल बरसाए जाते हैं : स्वतंत्रदेव सिंह

- रामजी के दर्शन न करने वालों को सबक सिखाना है : स्वतंत्र देव सिंह
- भाजपा प्रत्याशी ने किया नामांकन, उमड़े समर्थक

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया।नामांकन सभा में समर्थकों का सैलाब उमड़ा। जय श्री राम और भारत माता की जयकारे से जीआईसी ऑडिटोरियम गूंजता रहा। नामांकन सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बाराबंकी लोकसभा अयोध्या के सबसे निकट है इसलिए यहां के लोगों को सर्वाधिक वोटों से भाजपा प्रत्याशी को जिताना है। कहा कि 80 प्रतिशत वोट भाजपा को दिलाकर इतिहास रचना है। कांग्रेस और सपा पर जमकर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की जिन्ना से तुलना करने वालों को सबक सिखाने का चुनाव है। कहा कुछ नेता 500 किलोमीटर जाकर फातिया पढ़ सकते हैं, मगर अयोध्या में रामजी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण ठुकरा देते है। कहा योगी सरकार में अब कांवड़ यात्रा पर रोक नही लगती बल्कि यात्रा पर फूल बरसाए जाते हैं। उन्होंने राष्ट्र के सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा एवम विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। कहा मोदी ने विगत दस वर्षो में अनेकों कड़े और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, जिनका असर जमीन पर दिखने लगा है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। मोदी का तीसरा कार्यकाल भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ विकसित भारत की गारंटी देगा। राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के चलते उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयां दी है। कहा योगी सरकार माफियाओं को मिट्टी में मिला रही है। भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने जिले के चहुमुखी विकास के लिए भाजपा को वोट करने की अपील की।प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत ने राजरानी रावत को अपनी बड़ी बहन बताते हुए समर्थकों से उन्हें बड़ी जीत दिलाने का संकल्प दिलाया। पूर्व सांसद बैजनाथ रावत ने मोदी योगी के हाथों को मजबूत करने के लिए भाजपा के वोट करने की अपील की। इस अवसर पर जिला प्रभारी अवनीश पटेल, विनोद मिश्रा विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, शरद अवस्थी, पद्मश्री रामसरन वर्मा, संतोष सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, सुधीर कुमार सिंह सिद्धू, विवेका नंद पांडे, डॉक्टर विवेक वर्मा, हरिनाम वर्मा, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, धर्मेंद्र यादव, रामेश्वरी त्रिवेदी, सहित हजारों समर्थक मौजूद रहे।

29 किलो पोस्ता छिलका व बाइक समेत 3 तस्कर गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। दो थानों की पुलिस ने 3 शातिर तस्करों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 29 किलो से अधिक पोस्ता छिलका बरामद किया है। थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त दिग्विजय सिंह पुत्र स्व0 रघुवर दयाल निवासी ग्राम समोसराय थाना कोठी को पुराना अस्पताल, गोकुलपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक बोरी में कुल 20 किलो 200 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका व एक मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डर यूपी 41 बीएच 3738 बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सतरिख पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा आज अभियुक्तगण ओम प्रकाश रावत पुत्र उदल रावत निवासी ग्राम महादीनपुरवा मजरे ढेरिहा थाना कोठी व सुशील वर्मा पुत्र शिव बहादुर वर्मा निवासी ग्राम रहिमापुर थाना टिकैतनगर को इरशाद नगर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से एक बोरी में कुल 09 किग्रा0 अवैध पोस्ता छिलका व एक मोटर साइकिल हीरो डीलक्स यूपी 42 एक्यू 9986 बरामद किया गया।

अलग अलग सड़क हादसों में थम गईं पांच युवकों की सांसें, एक की हालत गंभीर

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। बीते 24 घण्टो में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हुई जबकि एक की हालत गंभीर है। इन हादसों के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मचा है।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह लखनऊ महमूदाबाद सड़क मार्ग पर निंदूरा के पास रोडवेज बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर तीन युवक सवार थे। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में सीतापुर जिले के रामपुर कला थाना क्षेत्र के चंदेल गांव निवासी विकास उर्फ गुड्डू (26) व तुलसी (24) की मौत हुई है। जबकि बाइक पर सवार तीसरे युवक श्रवण को गंभीर चोटें आई हैं। मौके से हेलमेट भी मिला है। तीनों मजदूरी करने लखनऊ जा रहे थे। वही देवा कोतवाली क्षेत्र के सरैया गांव निवासी ऋषि कुमार (21) अपने साथी मालिकदीन (24) के साथ रविवार रात बाइक से मोहम्मदपुर खाला में मुंडन समारोह में आए थे। देर रात दोनों बाइक से घर को जा रहे थे। इस दौरान फतेहपुर देवा मार्ग पर कुतुलुपुर गांव के पास सड़क किनारे खड़ी खराब डीसीएम में बाइक जा घुसी। गंभीर हालत में घायल होने के बाद दोनों को सीएचसी देवा भेजा गया। जहां मौत हो गई है। इसी तरह बाराबंकी हैदरगढ़ मार्ग पर देर रात राजा बाजार के पास स्कूटी और ई रिक्शा में भिड़ंत से एक युवक की मौत हो गई। मृतक जैदपुर थाना क्षेत्र का बताया जाता है। पुलिस शिनाख्त में लगी है। इन तीन सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत से सुबह से ही पोस्टमार्टम हाउस में भीड़ है।

271 हजयात्रियों का टीकाकरण, दिया प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। हज पर जाने से पहले खुद को फिट करें, खानपान सुधारें और नियमित व्यायाम करें। इसी प्रकार की कई जानकारी सोमवार को नगर पालिका सभागार में हज सेवा समिति ने प्रशिक्षण के दौरान सिखाया। इस मौके पर हज यात्रा पर जाने वाले जिले के 121 महिला समेत कुल 271 लोगों को सीएमओ की देखरेख में टीका लगाया गया।

हज सेवा समिति के सहयोग से नगर पालिका में प्रशिक्षण टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया था। जिला अल्पशंखयक कल्याण अधिकारी बालेंदु कुमार के किन्हीं कारणों से न आने पर डाक्टर राजीव कुमार ने कस्बा शहावपुर के एक 80 वर्षीय बुजुर्ग यात्री को पोलियो ड्रॉप पिलाकर कैम्प का शुभारम्भ किया। इस प्रक्रिया के साथ ही हज यात्रा पर जाने वालों की सभी तैयारियां भी पूरी हो गई। ने बताया कि सभी यात्रियों को मेडिकल फिटनेस का प्रमाण पत्र भी दे दिया गया।

आचार संहिता का पालन करने पर दबंग ने की धक्कामुक्की, पुलिस का जानकारी से इंकार

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। आचार संहिता का पालन करते हुए मजार पर चल रहे कार्यक्रम को समय से बन्द करना मंहगा पड़ गया। क्षेत्र के दबंग परिवार ने कमेटी अध्यक्ष से बदसलूकी करते हुए उसे धक्का दे दिया वही उसे धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है।

जानकारी के अनुसार मो0 शादाब पुत्र अली हसन निवासी सैदनपुर थाना सफदरगंज ने बताया कि गत 22 अप्रैल को हजरत मौलवी नफीस की मजार पर कुल का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें वह आयोजन कमेटी का अध्यक्ष है। उप जिलाधिकारी तहसील सिरौली गौसपुर से अनुमति लेकर यह कार्यक्रम कराया जा रहा था। चुनाव के चलते लागू आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुये रात्रि 10 बजे कार्यकम बंद करवा दिया गया। इसी दौरान अनवर अली पुत्र अब्दुल खालिद निवासी सैदनपुर अपने पूरे परिवार के साथ मौके पर पहुंचे और उससे कहा कि अभी कार्यक्रम सुबह चार बजे तक चलेगा। इस पर उसने ऐसा करने से मना कर दिया। इससे नाराज अनवर अली ने उसे धक्का दे दिया। जिसमें वह जमीन पर गिर गया। अनवर अली उसे धमकी देने लगा कहा कि अभी तो बच गये हो, मौका मिलने पर अच्छे से सुधार दूंगा। वह जान से मारने की धमकी देते हुये चला गया। पीड़ित ने बताया कि अनवर अली आपराधित्क किस्म का व्यक्ति है पूर्व में भी उसके साथ अभद्रता कर चुका है। इस बारे में सफदरगंज थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने किसी जानकारी व शिकायत से सिरे से इंकार किया, कहा कि वह मामले की जानकारी करेंगे।

छात्रा अलशबा की मौत पर आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

अयोध्याधाम। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर ने लखनऊ गोरखपुर राजमार्ग पर डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय के आईटी कैंपस के बाहर मोड़ पर हुई दुर्घटना में डी फार्मा की छात्रा अलशबा की मौत पर दुख जताते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।अभाविप कार्यकर्ताओं ने परिजनों से मिलकर सांत्वना देकर संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रीय मंत्री श्री अंकित शुक्ला ने मांग की है की घटनास्थल पर बेतरतीब खड़े होने वाले ट्रकों पर कार्यवाही की जाए और डिवाइडर को बंद किया जाए।गौरतलब है कि डिवाइडर के बंद ना होने के कारण वाहनों का आवागमन लापरवाही से होता रहता है पहले भी ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। महानगर मंत्री श्री सत्यम दुबे ने बताया कि अभाविप ने पहले भी यह मांग की थी किंतु प्रशासन द्वारा अभी तक उस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया इस घटना के बाद विद्यार्थियों में आक्रोश व्याप्त है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जल्द ही प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर इस पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित कराएगी।

निष्ठा तथा सर्मपण के साथ सभी पदाधिकारी चुनाव के कार्य में जुटें : मानवेंन्द्र सिंह

- श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ अयोध्या विधान सभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी द्वारा अयोध्या विधान सभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय विद्याकुण्ड अयोध्या धाम में समपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मानवेंद सिंह ने कहा कि श्री राम दर्शन यात्रा के दौरान लगभग दो माह से अधिक का समय आप लोगों के साथ व्यतीत हुआ। जिसमें अनुभव हुआ कि अयोध्या के कार्यकर्ता कितनी निष्ठा भाव के साथ अपने कार्यो का निर्वहन करते हैं। उसी निष्ठा तथा सर्मपण के साथ सभी पदाधिकारियों को चुनाव के कार्य में जुट जाना है। मंडल तथा शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी निरंतर बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुख के साथ समन्वय बनाएं। भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बनाने में आप सभी निष्ठावान कार्यकताओं का सर्वाधिक योगदान है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया की निगाहें अयोध्या तथा यहां के चुनाव पर हैं। यहां से पूरे विश्व को एक संदेश जाना चाहिए। बूथ समितियां व पन्ना प्रमुख की वोटर तथा प्रभावी मतदाताओं से निरंतर सम्पर्क में रहें। बूथ की ग्रेडिंग कर लीं जाए। चुनाव अभियान व्यवस्थित ढ़ंग से चलाना है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 2024 का चुनाव कोई आम चुनाव नहीं हैं। यह देश की राजनीती की दिशा व दशा तय करेगा। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कर पीएम मोदी ने पूरी दुनिया को एक संदेश दिया है। आज पूरी दुनिया की निगाहें अयोध्या के चुनाव पर है। सभी कार्यकताओं को चार जून को भगवा लहराने का संकल्प लेकर चुनाव में जुट जाना है।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सबका साथ सबका विकास के पथ पर चल कर हम सबका विश्वास जीतने के पथ पर अग्रसर हैं। अयोध्या से ऐतिहासिक विजय मिले। देश में सर्वाधिक अंतर से अयोध्या विजय का संकल्प हम सभी को लेना है।सम्मेलन का संचालन विधान सभा प्रभारी अशोक कसौंधन ने किया। इस दौरान जिपंअ रोली सिंह, लोक सभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, संयोजक डा. बाकें बिहारी मणि त्रिपाठी, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र, रमापति पाण्डेय, महंत राम कुमार दास, बाल कृष्ण वैश्य, अनुराग त्रिपाठी, वरूण चौधरी, शशि प्रताप सिंह, दिव्य प्रकाश तिवारी, अरूण तिवारी, दिनेश मिश्र, अरविन्द सिंह, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, अशोका द्विवेदी, आशा गौड़, रीना द्विवेदी सहित मंडल, शक्ति केन्द्र पदाधिकारी, सभी बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

डोर टू डोर जनसंपर्क कर महिलाओं से वोट की अपील : सरोज यादव

- महिलाओं के साथ जनसंपर्क करती सपा महिला जिलाध्यक्ष सरोज यादव

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। समाजवादी पार्टी की जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने रुदौली विधानसभा के ग्राम नियोती, गोरियामऊ, जमुनियामऊ, करीमपुर, मेहनौरा, आदि गांव में अयोध्या लोकसभा 54 प्रत्याशी अवधेश प्रसाद जी के लिए डोर डोर जनसंपर्क कर कर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद एवं साइकिल चुनाव निशान पर वोट की अपील की। लोगों ने आश्वासन दिया और उन्होंने बताया कि हम सब महिलाएं पूरी तरह से बीजेपी सरकार से त्रस्त है, परेशान है, उनका कहना है इस सरकार ने हमसे हमारा घर,रोजी-रोटी, बच्चों की शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा सब छीन लिया महंगाई चरम पर है घर चलाना मुश्किल हो रहा है साल हो गए युवाओं को नौकरियां नहीं दी, किसानों से वादा किया था जब सरकार आएगी आवारा पशुओं से छुटकारा दिलाएंगे, रसोई महंगी हो गई है, महिलाओं के अस्मत लूट जा रहे हैं, ऐसी सरकार हमें नहीं चाहिए इसलिए इस बार इंडिया गठबंधन को जिताकर सरकार बनाएंगे। और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद सांसद बनेंगे तो हम महिलाओं का युवाओं कार्य हो सकेगा।परंपरागत वोट जो बीजेपी को मिला करता था वो खुलकर के विरोध कर रहे हैं, लोकसभा के सभी पंचायतो क्षेत्रों में, वो भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए पंचायत कर करके फैसला ले रहे हैं जनसंपर्क के दौरान राजकला शिव कुमारी भानुमति उर्मिला कंचन संजना राजकुमारी आदि मौजूद रही।

भीषण गर्मी से उल्टी-दस्त की चपेट में आ रहे मरीजों फुल हुआ सीएचसी

अवधनामा संवाददाता

गोसाईगंज-अयोध्या। एक हफ्ते से भीषण गर्मी शुरू हो गई है। इसे देखते हुए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिन ब दिन डायरिया के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। एक दिन में लगभग 15 से 20 मरीज हीट स्ट्रोक की वजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपना इलाज कराने आ रहे हैं। पिछले एक हफ्ते से मौसम के तापमान में भारी वृद्धि हो रही है। रविवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। भीषण गर्मी व तेज धूप की वजह से लोग घरों से नहीं निकले। दोपहर 12 बजे के बाद सड़कों में सन्नाटा छा गया। गर्मी को चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज में उल्टी-दस्त से डायरिया के मरीज दिन ब दिन बढ़ते जा रहे हैं। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 मरीजों का ग्लूकोज की ड्रिप एवं ओआरएस पानी का घोल देकर इलाज किया गया।चिकित्सक डॉ. इंद्रजीत वर्मा ने अस्पताल आए मरीजों को सलाह दी कि दोपहर को घर से बाहर कम निकलें। बहुत जरूरत पड़ने पर ही घर से निकलें।

गलत रिपोर्ट देने वाले पैथोलॉजी सेंटर के विरुद्ध नही हुई कार्यवाही,बना चर्चा का विषय

अवधनामा संवाददाता

रुदौली-अयोध्या। जिले मे कुकुरमुत्ते की तरह संचालित हो रहे डायग्नोस्टिक सेंटर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का इन पर कोई अंकुश नहीं है। ऐसा नहीं है की स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी नही होती। हकीकत तो यह है कि डायग्नोस्टिक सेंटर व निजी अस्पताल अधिकारियों की अवैध कमाई का जरिया बन गए है।मानकों को ताक पर रखकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बिना किसी डिग्री या डिप्लोमा प्राप्त लोगों को डायग्नोस्टिक सेंटर व नर्सिंग होम का लाइसेंस बांट दिए हैं। ऐसे लोग मरीजों को गलत रिपोर्ट देकर उनकी जिन्दगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला रुदौली तहसील क्षेत्र स्थित अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर का है।जहां ब्लड सेम्पल की जांच कराने आई सोनी तिवारी जिसका ब्लड ग्रुप बी पाजिटिव है और अपोलो पैथालॉजी ने उसे ओ पाजिटिव ग्रुप की रिपोर्ट थमा दी।जबकि सोनी ने इससे पहले सीएचसी रुदौली में जाकर जांच कराई थी उसमे भी उसका ब्लड ग्रुप बी पाजिटिव बताया गया। अलग अलग ग्रुप की रिपोर्ट मिलने पर सोनी ने जब तीसरी एक निजी पैथालॉजी मे जांच कराई तो वहां भी उसका ब्लड ग्रुप बी पाजिटिव बताया गया। गौर तलब बात यह की जब अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक मोहम्मद अम्मार से सोनी ने शिकायत की तो संचालक ने उसके साथ गाली गलौज की। घटना को बीते 10 दिन बीत जाने के बाद भी अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर पर गलत रिपोर्ट दिए जाने की शिकायत सोनी तिवारी ने सीएमओ से की किन्तु शिकायत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई। पैथालॉजी व नर्सिंग होम का पंजीकरण करने के नोडल अधिकारी डा डी के शर्मा से लगतार दो दिनों से फोन कर जानकारी करने की कोशिश की गई किन्तु डाक्टर शर्मा ने एक बार भी फोन रिसीव नहीं किया। जबकि सीएमओ डा संजय जैन ने बताया कि सभी बिन्दुओ पर जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ भले ही कार्रवाई की बात कर रहें हैं, किन्तु नोडल अधिकारी डॉ शर्मा चुपचाप मामले को ठंडे बस्ते मे पहुचाने का प्रयास कर रहे हैं। जिले भर मे इसी प्रकार दर्जनों पैथालॉजी,नर्सिंग होम व एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड संचालित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग इन पर रोक लगाने की जहमत नहीं कर रहा।जब कभी किसी पैथालॉजी या नर्सिंग होम की शिकायत होती है तो जांच के नाम पर खानापूर्ति कर ली जाती है। एक माह पूर्व सोहावल क्षेत्र मे नव जीवन हास्पिटल को शिकायत के बाद सील किया गया।किन्तु आगे की कार्रवाई ठंडे बस्ते मे चली गई।

ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आई दो छात्राएं, एक की हुई मौत दूसरी घायल

अयोध्या,अवधनामा संवाददाता। थाना कोतवाली के अंतर्गत आईटी कॉलेज के पास हाईवे पर हुआ हादसा, ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आई फार्मेसी की दो छात्राएं, एक छात्रा अलशबा की मौत, दूसरी छात्रा घायल, जिला अस्पताल में हुआ इलाज, कोतवाली नगर के जनौरा कट पर एनएच 27 पर हुआ हादसा, अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने दोनों छात्राओं को मारी टक्कर, अवध विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी की बी फार्मा सेकंड ईयर की छात्रा थी मृतका अलशबा, अयोध्या कोतवाली के दर्शननगर कुढ़ा केशवपुर की रहने वाली थी छात्रा अलशबा, फार्मेसी छात्राओं में आक्रोश, जिला अस्पताल में तैनात रही पुलिस, कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने जिला अस्पताल पहुंचकर ली घटना की जानकारी, ट्रैक्टर ड्राइवर को तलाश रही पुलिस।

अवध विवि के प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड अयोध्या के विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरो से हुए परिचित

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग द्वारा टूरिस्ट गाइड ट्रेनिंग के अंतर्गत प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड को अयोध्या के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया गया एवं उन्हें भौगोलिक एवं ऐतिहासिक जानकारी प्रदान की गई। इसमें विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह व गोरखपुर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ डॉ0 सर्वेश कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड ने क्रीन हो पार्क से यात्रा प्रारंभ की। इन्हें राजकुमारी हो के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे वह दक्षिणी कोरिया गई और भारत सरकार एवं कोरियाई सरकार ने अयोध्या में एक कोरियन पार्क बनाये जाने का अनुबंध किया। उन्हें यह भी बताया कि यहाँ पर कोरियन पार्क कोरियन वास्तुकला स्टाइल में बना है। वहाँ की पारंपरिक चीजों का उपयोग इस पार्क को बनाने में किया है। जिसके कारण बहुत सारे कोरियन टूरिस्ट आते हैं और आगे बहुतायत में आने की संभावना है। इस भ्रमण में प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड को राम की पैड़ी पर स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर का इतिहास और उसके आर्किटेक्चर से परिचित कराया गया। इसके उपरांत उन्हें लक्ष्मण घाट, ऋणमोचन घाट, पापमोचन घाट होते हुए लक्ष्मण किला पर जाकर गाइड का भ्रमण समाप्त हुआ। इस दौरान डॉ0 सर्वेश ने टूरिस्ट गाइड को सभी स्थलों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि अयोध्या के सभी मंदिर एवं घाट अपना एक ऐतिहासिक महत्व रखते है। जिसे टूरिस्ट गाइड को जानना होगा और पर्यटकों को बताना होगा। इस भ्रमण से पहले प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने डॉ0 सर्वेश कुमार का स्वागत किया और बताया कि इनके द्वारा अयोध्या पर बहुत शोध किए गए है। अयोध्या के भौगोलिक एवं ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त कर एक अच्छे टूरिस्ट गाइड बन सकते है। इस भ्रमण प्रो0 शैलेंद्र कुमार वर्मा, डॉ0 महेंद्र पाल सिंह, डॉ0 आशीष पटेल, डॉ0 रामजीत सिंह यादव, डॉ0 राकेश कुमार, डॉ0 रविन्द्र भारद्वाज, डॉ0 प्रियंका सिंह सहित प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड उपस्थित रहे।

समर्थकों से अभय सिंह की भावुक अपील जीना मरना तेरे संग जंग में रहना मेरे संग

तारुन-अयोध्या,अवधनामा संवाददाता। दिल वही है कुछ किरदार बदलने वाले हैं। हम वही है जो अपनो संग इतिहास बदलने वाले हैं। सियासी सफर में हमेशा सुर्खियों में रहने वाले गोसाईगंज विधायक अभय सिंह 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से अपनो संग राजनैतिक सक्रियता बढ़ाते हुये बड़ा सियासी धमाका करके सियासी सूरमाओं को चौकाने वाले हैं। इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों के बहुत से समर्थकों को दर किनार व नजर अंदाज कर स्थानीय नेताओं द्वारा अपने जेबी लोगो को तवज्जो दिए जाने को लेकर गोसाईगंज विधान सभा मे बखेड़ा खड़ा हो गया हैं। ऐसे लोगो को अपने पाले में करने के लिए अभय सिंह अपने प्रभाव के चलते गोसाईगंज विधानसभा में एक बड़ा धमाका करने की तैयारी में हैं।

ग्रामोदय इंटर कॉलेज की प्रदेश टॉपर को विधायक ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सर्धा अयोध्या की छात्रा सुहानी को उसके निवास स्थान खपरैला बाजार में सम्मानित करने के उपरांत संबोधित करते हुए श्री अभय सिंह माननीय विधायक गोसाईगंज ने कहा कि परिश्रम ही हर एक सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित करके सही दिशा में परिश्रम करने से निश्चित ही सफलता प्राप्त होती है। माननीय विधायक जी ने आगे की पढ़ाई के लिए 25 हजार रुपए प्रदान कर छात्रा एवं उनके माता-पिता को सम्मानित किया।इस अवसर ग्रामोदय ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ संदीप सिंह जी ने अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि सच्ची लगन और समय के सदुपयोग से जीवन में हर एक बाधा को पार करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

384 बैंक कर्मियों का रैडमईजेशन सॉफ्टवेयर के द्वारा हुआ

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जिलाधिकारी अनुनय झा की उपस्थिति और उनके निर्देशन में माइक्रो आब्जर्वर का प्रथम रैंडमाइजेशन एनआईसी सभागार में संपन्न हुआ। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनोज कुमार द्वारा कुल 384 बैंक कर्मियों का रैंडमाइजेशन ईपीडीएस (इलेक्शन पर्सोनल डिप्लॉयमेंट सिस्टम) सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। प्रथम रैंडमाइजेशन में सभी कर्मियों को कोड का आवंटन किया गया।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण रैंडमाइजेशन को देखा और निर्देशित किया कि रेंडमाइजेशन को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संपादित करें। साथ ही द्वितीय और तृतीय रेंडमाइजेशन को निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों की उपस्थिति में करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपादित करने हेतु माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण भी ससमय संपादित करा लें।

माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर की जाएगी और केंद्र पर ये निर्वाचन आयोग की ओर आए प्रेक्षकगण के प्रतिनिधि के रूप में क्रिटिकल मतदान केंद्रों की निगरानी करेंगे। माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार 12 मई को कराया जायेगा।

रैंडमाइजेशन के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, डीसी मनरेगा करुणाकर अदीब, पीडी रामदरश चौधरी, अपर उपजिलाधिकारी मदन मोहन वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

लोकतंत्र और संविधान को खत्म कर तानाशाही लाना चाहती है भाजपा : चौधरी

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी और उनके बड़े नेता जनता की मूलभूत समस्याओं पर कोई बात नहीं कर रहे। दो करोड़ नौकरी देने के वादे पर नहीं बोलते, कभी चीन को लाल आंख दिखाने की बात कहे थे,उस पर बात नहीं करते,महिला सुरक्षा पर बात नहीं करते,मणिपुर पर चुप हैं, लद्दाख पर चुप हैं, मंहगाई पर चुप हैं।

उल्टे देश को धमकी भरे अंदाज में कहते हैं कि अभी तो ये ट्रेलर है। सोचिए प्रधानमंत्री का ट्रेलर इतना डरावना है तो उसका अंजाम कैसा होगा किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए 600 किसानों के विधवाओं की मंगल सूत्र की परवाह नहीं की और चिंता मंगलसूत्र की कर रहे हैं। यह बातें रविवार को इंडिया एलायंस के लोकसभा उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी ने लोकसभा क्षेत्र के

विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और हमारे नेता जनता की खुशहाली की योजनाओं के नाम पर वोट मांगते हैं और ये मुसलमानों के खिलाफ लोगों में नफ़रत फैलाकर वोट मांग रहे हैं। ये लोग लोकतंत्र और उसके खूबसूरत ढांचे को तहस नहस करने पर तुले हैं। उन्होंने कहा कि उनका सोना और मंगल सूत्र वाला फार्मूला फेल हो गया तो एक नया झूठ लेकर आ गए और इस बार कांग्रेस के मरहूम नेता अहमद पटेल और सोनिया गांधी को बीच में ले आए। जनता इनके झूठ को सुनकर थक गई है। इनके पास जनता और देश को बताने के लिए कुछ नहीं है। प्रधान मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक सिर्फ सड़क छाप सांप्रदायिक भाषण कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री बार बार माफिया के मिट्टी में मिलाने की बात करते हैं तो क्या यूपी में सिर्फ ब्राम्हण और मुसलमान ही माफिया हैं,और जाति के भी माफिया हैं,मुख्यमंत्री उन्हें मिट्टी में मिलाने की बात क्यों नहीं करते? जाहिर है मुख्यमंत्री जब ऐसा कहते हैं तो इसके पीछे बहुसंख्य हिंदुओं को डराना होता। वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री अपनी योजनाओं का लाभ 2047 के बाद मिलने की बात करते हैं लेकिन यह नहीं बताते कि उसके पहले की पीढ़ी के लिए क्या कर रहे। उनकी बातों से ऐसा लगता है जैसे देश के वे आखिरी बादशाह हैं और वही सब कुछ कर सकते हैं बाकी आने वाले लोगों के बस का कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि 55 साल कांग्रेस ने देश में शासन किया। इस दौरान उसने क्या कुछ नहीं किया। शिक्षा के लिए,स्वास्थ के लिए,रोजगार के लिए,परिवहन के लिए ,कांग्रेस ने सबकुछ किया और मोदी आज वही सबकुछ बेंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म कर देश को तानाशाही की ओर ले जाना चाहती है जबकि कांग्रेस इसे हर कुर्बानी देकर बचाना चाह रही है।

भागवत कथा के चौथे दिन धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। तहसील क्षेत्र के महुआरा ग्राम में चल रही भागवत कथा के चौथे दिवस शनिवार की रात्रि में स्वामी आलोकानंद शास्त्री ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब- जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुई, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्ठम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। इस दौरान स्वामी अलोकानंद शास्त्री ने कहा, कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनना तभी सार्थक होगा। जब उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करें। उन्होंने रामकथा का संक्षिप्त में वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने धरती को राक्षसों से मुक्त करने के लिए अवतार धारण किया।

सपा प्रत्याशी पप्पू निषाद ने किया रोड शो

अवधनामा संवाददाता

आलापुर (अंबेडकरनगर)। संत कबीर नगर 62 लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद आलापुर विधानसभा क्षेत्र में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ अपने लम्बे काफिले के साथ रोड शो के माध्यम से कार्यकर्ताओ से मिले और कार्यकर्ताओं ने बड़े ही उत्साह के साथ फूल मालाओं से लादकर सपा प्रत्याशी का स्वागत किया।

मालूम हो सपा प्रत्याशी के क्षेत्र में आते ही अब तक शांत रही चुनावी सरगर्मी एकाएक बढ़ गई और सपा के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। आलापुर विधायक त्रिभुवनदत्त के साथ बिडहर घाट पुल से मॉडर मऊ बाजार, जहांगीरगंज होते हुए गिरैया बाजार मे संपर्क करते हुए जल्लापुर ग्राम सभा के प्रधान योगेंद्र यादव एवं सेक्टर अध्यक्ष अजीत यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से लोकसभा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद का स्वागत किया। इस दौरान विधायक त्रिभुवन दत्त समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामवृक्ष यादव, सपा नेता सुबोध यादव जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव,जितेंद्र निषाद पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष, आलापुर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य अजीत यादव के साथ सपा प्रत्याशी का स्वागत सरयू नगर, कमहरिया, गढ़वल, राजेसुल्तानपुर, पदुम पुर, तेंदुआईकला में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

देवरिया बाजार में सपा नेता बिट्टू यादव, नूरुल हसन, साधू यादव, राजन कन्नौजिया, श्याम बहादुर सिंह यदुवंशी, दीप प्रकाश मौर्य, सुरेन्द्र प्रताप यादव उर्फ चक्कू, लालमणि गोंड, अमरदीप गोंड, कैलाश वर्मा, दिनेश निषाद, धनंजय यादव गुड्डू, चंद्रेश यादव, अनिल मौर्य, राम आशीष, राजपत गौतम, अजय यादव, शमशेर गौतम, पवन यादव, फूलचंद, रामधारी, श्याम जी राव, राकेश गौतम, राम बुझारत गोंड, रामचंद्र शर्मा, मुन्नीलाल गौतम, घरभरन गौतम, अर्जुन यादव, सुरेश यादव, वाजिद अली, इंशाउल्लाह, महेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, विनोद यादव, संदीप चौहान, ओम कृष्णा प्रजापति सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों, ढोल नगाड़े संग सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद का फूल मालाओं से स्वागत किया और समाजवादी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया।

बाइक सवार युवकों में हुई टक्कर, महिला की मौत

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। स्टंटबाज बाइक सवार युवकों के चक्कर में आमने-सामने दो बाइकों की हुई भिड़ंत में महिला की मौत हो गई जबकि पुत्र व पुत्री तथा दूसरा बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि हादसे का कारण बने बाइक सवार युवक भाग गए। बसखारी थाना क्षेत्र के पडरिया फौलादपुर शुक्ल बाजार निवासी महिला सुनीता 45 वर्ष अपने पुत्र रितिक उपाध्याय व व पुत्री दृष्टि उपाध्याय के साथ बुलेट बाइक पर सवार होकर जहांगीरगंज के हरिहरपुर में रिश्तेदारी में गंगाधर दुबे के घर जा रही थी कि जहांगीरगंज बाजार के नरियावं बावली चौक के निकट बसखारी मेन रोड पर स्थित जगदीशपुर गांव के निकट पहुंचे ही थे तभी उनकी बाइक का संतुलन तब बिगड़ गया जब एक ही बाइक पर सवार होकर स्टंट बाज तेज रफ्तार युवकों की लहराती बाइक से बचने के चक्कर में सामने से आ रहे तीसरे नरियावं निवासी संदीप की बाइक का भी संतुलन बिगड़ा और रितिक की बुलेट से आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक चला रहे पुत्र रितिक व पुत्री दृष्टि सहित सुनीता सहित दूसरा बाइक सवार संदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सीएचसी जहांगीरगंज भेजा जहां चिकित्सकों ने सुनीता उम्र लगभग 45 बर्ष को मृत घोषित कर दिया वहीं गंभीर रूप से घायल रितिक व संदीप को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जबकि दृष्टि का इलाज वहीं जारी रहा। इधर हादसे का कारण बने स्टंटबाज तीनों युवक मौके से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक सुनीता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ के साथ लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत नामांकन स्थल का भ्रमण कर जायजा लिया तथा नामांकन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु ड्यूटी मे लगे समस्त पुलिस बल को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश।

हरैया सीएचसी पर सराती लोगो से कब मिलेगी छुट्टी

बस्ती अवधनामा संवाददाता। जनपद के सी एच सी हरैया पर हर समय अनेक शरारती तत्व घूमते रहते है जो मौका मिलने पर मरीजो तथा उनके साथ आये तिमारदारो के साथ चोरी आदि घटनाओ को अंजाम देते है। इस प्रकार के मामले की जानकारी डूहवा मिश्र थाना छावनी बस्ती निवासी अवनीश कुमार मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र मे कहा कि बीते अप्रैल को वह अपनी पत्नी को आप्रेशन से प्रसव हेतु हरैया सी एच सी पर ले गए थे जहाँ चिकितस्को ने उनकी पत्नी को भर्ती कर लिया, देखभाल के लिए मरीज की ननद ममता पाण्डेय साथ थी। भर्ती कक्ष में दो अज्ञात सरारती घूम रहे थे जो अपनेआप को कर्मचारी बता रहे थे। रात के समय मरीज व तिमारदार की आँख लग जाने पर अज्ञात चोर मुबाइल फोन के कवर मे रखे पांच सौ रुपये की नोट सहित मुबाइल को चुरा लिया। प्रार्थी अवनीश मिश्र ने एस पी को दिये प्रार्थना पत्र में मुबाइल फोन को बरामद कराकर उक्त अज्ञात चोर के विरुद्ध सुसंगत धाराओ मे गिरफ्तार करने की मांग किया है।

लोकतंत्र के महापर्व पर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। लोकतंत्र के महा पर्व पर आने वाले 25 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। यह बातें भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सेमरा बनकसिया के पंचायत भवन पर आयोजित मतदाता जागरुकता बैठक के दौरान ग्राम प्रधान बृजनंदन शुक्ला ने ग्रामीणों से कही। बृजनंदन ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि आप सब अपने अधिकार को समझें, आपका एक वोट देश की दशा व दिशा तय करता है। आने वाले 25 मई को मतदान स्थल पर जा कर सबसे पहले अपना वोट डालें फिर कोई और काम कीजिए। अतं में बृजनंदन शुक्ला ने कहा कि सभी बिना किसी भेदभाव, जाति, धर्म, लालच के निर्भीक होकर आपने मतदान का प्रयोग करें। इस दौरान रामदरश उपाध्याय, महात्मा उपाध्याय, त्रिभुवन, लालमनि, झिनकन, राम सुरेमन शुक्ल, राजू, धनीराम, कासिम अली, राजिन्दर आदि लोग उपस्थित रहे।

लोगों से मतदान करने की अपील की

बढ़नी सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा 60 डुमरियागंज के प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर पंचायत बढ़नी में पैदल चलकर लोगों से मिले और उन्होंने अपने पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। रविवार को अपने दर्जनों समर्थको के साथ डुमरियागंज लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने पदयात्रा करते हुए नगर भ्रमण कर लोगों से जनसंपर्क किया। पदयात्रा कस्बे के मालगोदाम तिराहे से निकलकर स्टेशन रोड होते हुए राम जानकी मंदिर मुहल्ले में पहुंची वहां भी लोगों से सांसद मिले और उनका हाल चाल जाना , पदयात्रा राम जानकी मंदिर से होते हुए पोस्ट ऑफिस रोड , आर्य समाज रोड के बाद चट्टीबाजार पहुंची जहां सांसद जगदंबिका पाल व्यापारियों से मिले और उनका हालचाल जाना और नगर की जनता से भाजपा प्रत्याशी ने आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क के दौरान लोगों में काफी उत्साह दिखा लोग जगदंबिका पाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए नजर आए।

पेयजल सप्लाई ठप होने से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

सहजनवा तहसील अंतर्गत पिपरौली ब्लाक के नेवास गांव का मामला

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत पिपरौली ब्लाक के नेवास गॉव की वाटर सप्लाई दो सप्ताह से ठप है। जिससे गॉव में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। सप्लाई बहाली में देरी के चलते आक्रोशित ग्रामीणों ने विभागीय लापरवाही के विरोध में प्रदर्शन किया और संबंधित विभाग से जल्द सप्लाई चालू कराने की मॉग की है।

स्वच्छ जलशक्ति मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में हर घर तक शुद्ध पेयजल मुहैया कराने की मुहिम के तहत मौजूदा सरकार ने गॉव-गॉव वाटर हेड टैंक का निर्माण कराया जिससे हर परिवार को पेयजल की सुविधा मिल सके। इसी क्रम में कुछ साल पहले पिपरौली ब्लाक के नेवास गॉव में वाटर हेड टैंक बनाया गया था। दो सप्ताह पहले बिजली का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के चलते वाटर सप्लाई बंद हुई। ग्रामीणों की शिकायत पर जागे बिजली निगम ने ट्रांसफार्मर बदलवाया। लेकिन अब पानी निकालने के लिए लगा मोटर खराब हो जाने के चलते ग्रामीणों को दी जाने वाली पेयजल सप्लाई ठप हो गई है। जिससे रोजमर्रा के घरेलू काम के लिए पानी की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं।

विभागीय हीलाहवाली से नाराज ग्रामीणों ने पेयजल के लिए बने वाटर हेड टैंक के पास प्रदर्शन कर विभाग से नाराजगी जताई।और जल्द सप्लाई बहाल करने की मॉग की। नेवास के युवा समाजसेवक मानवेन्द्र शाही बंटू ने बताया की मोटर जलने की जानकारी मिली है जिसे ठीक कराने के लिए जल निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। साथ ही उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत भी करेंगे। सूरज सेंगर, आजाद अहमद ने बताया कि सप्लाई ठप हो जाने से लोगों को नहाने और पीने के लिए स्वच्छ जल नही मिल पा रहा है। ग्रामीण दुर्गेश कन्नौजिया, उदयराज सिंह, मलेन्द्र गोंड, बलराम माथुर, अवनीश सिंह, गुड्डू शाही, मेराज आलम, डॉ नौसाद, हनुमान शर्मा, रविंद्र सिंह, बंटू शाही, पन्नी लाल, संतोष,रमेश, दुलारे, विवेक, ईश्वर, रामप्रीत, देवानंद, इंदल, सोनू सिंह पूर्वांचल, मिट्ठू पासवान, सरोज आदि लोगों ने विभागीय लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया और जल्द पेयजल सप्लाई बहाल करने की मांग की।

सपा ने आयोजित किया कार्यकर्ता सम्मेलन

बांसी अवधनामा संवाददाता। सपा सांसद प्रत्याशी कुशल तिवारी के समर्थन में लोक सभा क्षेत्र डुमरियागंज के बांसी विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन बांसी के उपनगर नरकटहा में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व विधान सभा अध्यक्ष माता प्रसाद पान्डेय ने कहा कि सपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जो विकास का कार्य किया जनता आज भी याद कर रही है। भाजपा सरकार में किसान, नौजवान, व्यापारी सभी वर्ग परेशान है। महंगाई, भ्रष्टाचार चरन सीमा पर है। काग्रेसी नेता अभिनव राय ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े और दलितों का सबसे ज्यादा उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने कि बेरोजगारों को नौकरी न देना पड़े इससे पहले पेपर लीक हो जाता है।लोक सभा प्रत्याशी कुशल तिवारी ने सबसे पहले सभी क्षेत्र के सेक्टर अध्यक्षों तथा बूथ अध्यक्षों को फूलों का माला पहना कर उनकी जिम्मेदारी सौंपी और कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में बिना भेदभाव के सभी वर्गों के कल्याण के लिये काम किया है।पूर्व विधायक लालजी यादव ने कहा कि इस बार केन्द्र में इण्डिया गठबन्धन के तहत सरकार बनेगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पीडीए को साथ लेकर चुनाव जीतेंगे। अखिलेश यादव की सरकार में जो भी विकास कार्य चल रहे थे वर्तमान सरकार ने उसे बन्द कर दिया।नपाध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिये कार्यकर्ताओं ने मन बना लिया है। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव कलाम अहमद ने किया।

कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा है आने वाला दिन बसपा का है : शमीम

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। देश दलित पिछड़े माइनॉरिटी के लोगों के अधिकार के अधिकारों का हनन हो रहा है। लेकिन ये याद रखिएगा बाबा साहेब के अनुयायी जाग चुके हैं वो दिन दूर नहीं जब दिल्ली में दलित की बेटी मायावती प्रधानमंत्री होगी तब सबका हिसाब किया जाएगा।

उक्त बाते बसपा जिला उपाध्यक्ष समीम अहमद ने डुमरियागंज बिधानसभा के गेराम कटवत्या आलम में जनसम्पर्क के दौरान कहा की पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने जो जोश और उत्साह दिखाया वो इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश एक बड़े बदलाव के लिए तैयार है। डुमरियागंज लोकसभा की जनता किसी के बहकावे में ना आये हाथी वाला बटन दबा कर बसपा को मजबूत करें।

जनसंपर्क के दौरान जिला प्रभारी सत्येंद्र कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष पट्टू राम आजाद पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार आर्या विधानसभा प्रभारी डॉक्टर इंद्रजीत गौतम विजयपाल कनौजिया विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद कैफ अशोक कुमार डॉक्टर शीष कुमार श्री राम बाबू सही तमाम लोग मौजूद रहे।

सैकड़ो लोगों के साथ भीम चेतना समिति ने सपा प्रत्याशी को दिया समर्थन

दानिश मेंहदी/मुकीम खान

किछौछा अम्बेडकरनगर। आगामी लोकसभा चुनाव में अंबेडकर नगर से लोकसभा प्रत्याशी लालजी वर्मा को नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा बसखारी दलित बस्ती से जय भीम चेतना समिति ट्रस्ट का समर्थन मिल गया है। भाजपा को हराने के लिए समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार लाल जी वर्मा के समर्थन का ऐलान किया है।

जय भीम चेतना समिति ट्रस्ट ने कहा रोजगार का संकट भी जबरदस्त है। भाजपा सरकार की तमाम घोषणाओं के बावजूद रोजगार सृजन की दिशा में कुछ भी नहीं किया जा रहा है। जय भीम चेतना समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा देश में लोकतंत्र अभिव्यक्ति की आजादी और संवैधानिक मूल्यों पर लगातार हमले हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा को चुनाव में हराना वक्त की जरूरत है। इस लिए जय भीम चेतना समिति ट्रस्ट की अगुवाई में बसखारी दलित बस्ती के लोग समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लालजी वर्मा का समर्थन करने का निर्णय लिया है। इसके पूर्व सभासद प्रतिनिधि फरहान खान के नेतृत्व में

सैकड़ो लोगों ने पूर्व मंत्री व लोकसभा प्रत्याशी लालजी वर्मा को माला पहनाकर स्वागत किया पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मंत्री लाल जी वर्मा ने कहा समाज में क्रांतिकारी बदलाव लाने में बाबा साहब का महत्वपूर्ण योगदान श्री वर्मा ने अंबेडकर के जीवन संघर्ष को याद करते हुए कहा कि समाज में क्रांतिकारी बदलाव लाने में बाबा साहब का महत्वपूर्ण योगदान रहा। लेकिन आज संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। हम सभी को संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई एक बार फिर लड़नी होगी। इस मौके पर जयभीम चेतना समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार, महासचिव डॉ निंकु, निरंजन कुमार (सभासद) ऋषि लाल, माखन लाल, सूरज कुमार, इंद्र भारती, अनिल कुमार, विनय कुमार, आनंद कुमार, ज्ञान चंद्र, जय विजय, नागेंद्र कुमार, अंकुश कुमार, राकेश कुमार, फिरोज अहमद सिद्दीकी, सैयद आरिफ अशरफ, मेराज हाशमी (सभासद प्रतिनिधि) फ़ैजान खान सपा नेता, ज़हीन अब्बास, डा गुलरेज, डा सत्तार, राज खान, अब्दुल हफीज लल्लू शाह, सुनील वर्मा मौजूद रहे।

देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बनने वाली है सरकार : रमेश गुप्ता

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। भाजपा पार्टी के प्रत्याशी रितेश पाण्डेय के समर्थन में शांति मैरिज हॉल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजन किया गया। इस दौरान विधानसभा संयोजक रमेश गुप्ता ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्ष के कार्य कॉल में सत्र 2014 से जनता को समर्पित रहा समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए अंत्योदय योजना के अंतर्गत अनेको लाभकारी योजनाएं भाजपा सरकार चला रही है जिसका लाभ आम जनता उठा रही है उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता को स्थापित करने के लिए धारा 370 और 35 ए. जैसी धारो को हटाया साथ ही भारत का सांस्कृतिक विस्तार कर राम की जन्मभूमि पर भगवान श्री राम का मंदिर बनाने के मार्ग को प्रशस्त किया जनता का पूरा विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति स्पष्ट रूप से प्रलच्क्षित हो रहा है और जन विश्वास के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्ष्य तय किया है। अबकी बार चार सौ पार यानि चार सौ से अधिक भारतीय जनता पार्टी के सांसद लोकसभा का चुनाव जीतकर देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में सरकार बनने वाली है प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है उस संकल्प को सिद्धी की तरफ ले जाने के लिए पूरा प्रयास कर है पूरे देश के अंदर मोदी जी कि आवाज गूंज रही है और उसी कड़ी में अम्बेडकरनगर के अंदर रितेश पांडे के नाम कीआवाज गूंज रही है। जनता ने तय कर लिया है अम्बेडकरनगर की जनता ने तय कर लिया है बस आवश्यकता है आप सब के सहयोग की। आप सबके आशिर्वाद से निश्चित रूप से संख्या चार सौ के पार जाएगी और मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेगें औरदेश का मस्तष्क पूरे विश्व के अंदर उंचा होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधानसभा प्रभारी विजय कुमार सिंह, आशीष मिश्रा, विधानसभा संयोजक रमेश चन्द्र गुप्ता, भाजपा पार्टी के मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, सरदार राजेश सिह सलूजा, तामेश्वर गुप्ता, राकेश यादव, मनोज यादव, चंद्रिका प्रसाद, रूद्र प्रसाद उपाध्याय, सुनील पासवान, आदि भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

अनुशासन ही सफलता की कुंजी है : प्रबंधक

विद्यालय में सबसे अधिक अंक पाने वाली दस बालिकाओं को सम्मानित किया गया

अवधनामा संवाददाता

कुदरहा, बस्ती। बहादुरपुर विकास क्षेत्र के चौधरी त्रिवेनी राम बालिका इंटर कालेज कलवारी मे सोमवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परिणाम घोषित होने बाद विद्यालय मे सबसे अधिक अंक पाने वाली दस बालिकाओं को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल की शालिनी यादव, साक्षी अग्रहरि, अंशिका चौरसिया, अर्चना बर्मा, मोनू इंटरमीडिएट की शालू मौर्या, मानसी, खुशी यादव, सनाअदीशा, अन्नया भारती को विद्यालय के प्रबंधक अमित कुमार चौधरी व प्रधानाचार्या प्रतिमा चौधरी ने माला पहनाकर, मीठा खिलाकर व गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

प्रबंधक अमित कुमार चौधरी ने सभी सफल छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुशासन और संस्कार ही सफलता की कुंजी है। सभी को निष्ठा और ईमानदारी से अपने

कर्तव्य का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर विनोद कुमार, राजकुमार, जगवंत, नंदलाल, कलावती, कमलावती, रंजना, अंजू, रुकैया सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। वही कुदरहा विकास क्षेत्र के एस. बी. एस ब्वायज इंटर कालेज पियारेपुर मे सोमवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परिणाम मे सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले आठ छात्रों को विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। हाईस्कूल के प्राजंल 90.17, शिवाशं 86, अविनाश 85.17, प्रदीप 82.17 प्रवेश 81 प्रतिशत, इटरमीडिएट के अनिल कुमार 83.2, अश्वनी कसौधन 70.4 दीपचंद 68.8 प्रतिशत प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक अभयशंकर त्रिपाठी व प्रधानाचार्य साधना ने छात्रो को मीठा खिलाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रबंधक अभय त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन व छात्राओं के कड़ी मेहनत का परिणाम है। जिससे अभिभावक व विद्यालय का सम्मान बढ़ा है। विद्यालय के शिवबचन पाल ने कहा कि हाईसकूल इंटरमीडिएट मे विद्यालय का शतप्रतिशत परिणाम आया इसमे छात्रों के साथ शिक्षकों व अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान है।

तामिलनाडु और भाजपा

दक्षिण के राज्य राष्ट्रीय पार्टियां से हमेशा दूरी बनाई रक्खे है अपनी द्रविण संस्कृति को बचाये रखने के लिये तामिलनाडु के मतदाताओं की रूचि रही है केन्द्र राज्य में घुसपैठ कर अपना वर्चस्व बनाने की कोशिश करेगा। मोदी इस बार दक्षिण के राज्यों में चुनाव प्रचार में काफी समय दे रहे है और जी तोड़ मेहनत कर रहे है। मोदी तामिल वासियो का भ्रम कि भाजपा अपना वर्चस्व लादेगी मिटाने के लिये इस बार मोदी ने राज्य के भाजपा अध्यक्ष जो संसद का चुनाव लड रहे है उनको पूरी स्वतन्त्रता दे रक्खी है। 39 सीटो वाले राज्य में कोयम्बटूर से लड़ रहे अन्नामलाई ने एक समाचार पत्र को बताया है कि पार्टी इस बार दो अंकों में सीट जीतेगी और बाकी सीटों में नम्बर दो पर रहेगी। दक्षिण के राज्य खासकर तामिलनाडु मोदी का 400 पार का सपना पूरा करने में इस बार अहम रोल निभा सकती है। भाजपा को विश्वास है इस बार द्रविण संस्कृति की मजबूत दिवाल को भाजपा अपने मित्रवंत व्योहार से और राज्य पार्टी पर अपना वर्चस्व लादने के अभियोग से बचा कर भेद सकती है। यह मोदी के नेतृत्व का चमत्कार होगा अगर ऐसा हो पाता है।

मोदी यहां के लोगों को विश्वास दिलाने में लगे हुये है कि उनकी सरकार और पार्टी केन्द्र से उन पर शासन करने की नीति से अलग हटकर संविधान में दिये गये संघात्मक सरकार के अदर्शों पर चल तामिल वासियों सहित सभी राज्यों को पूरी स्वतंत्रता और सहभागिता देगी। तामिलनाडु में 1967 से अब तक शाक्तियों डीएमके और आईएडीएम के बीच ही आती जाती रही है। मोदी अगर भाजपा को इस बार यह शक्ति दिला देते है तो यह उनके करिश्मा को अलग आयाम देगा। तामिलनाडु में अप्रैल में मतदान होगा। देखना है मोदी मतदाता का यह भ्रम कितना मिटा पाने में सफल होते है कि बाहरी पार्टियां उनकी संस्कृति को नष्ट देगी।

भाजपा यह भ्रम मिटाने में लगी है कि उनकी पार्टी सेन्ट्रल इजिंग पार्टी है। इसलिये राज्य अध्यक्ष को फ्री हैन्ड दे रक्खा है। भाजपा कैचथीबू को लेकर कांग्रेस और डीएमके पर भारी हमला बोले हुये है। एआईए डीएमके से भाजपा गबन्धन करना चाहती थी। पर इस समय भाजपा राज्य अध्यक्ष एआईए डीएमके पर सशक्त हमला करने में लगे हुये है। जो दर्शाता है भाजपा राज्य में अनाअवश्यक घुसपैठ के अपनी इमेज को खत्म करना चाहती है। यहां हिन्दी बोलने वालो को स्थानीय निवासी शंका की दृष्टि से देखते है कि वे उनके पुरानी संस्कृति को नष्ट करने में लगे है। इसे मिटाने के लिये तमिल भाषा और तामिल संस्कृति को टकराहट से बचाने में लगे हुये है। इसके लिये तामिनाडु के अथीरेमरूर शिलालेख जो 1000 साल पुराना है प्रजातन्त्र का लेख है। काशी तामिल संगमग सदियों पुराने सम्बन्धों का उल्लेख कर रहे है। सबसे अहम है नये संसद भवन के उद्घाटन में प्राचीन चोल पावर का सिम्मबल सेनगोल को प्रमुख स्थान देना। सेंनगोल का प्रभाव यहां के राजनीति में प्रमुख रहा है। अब मतदाता बतायेंगे मोदी और भाजपा का कितना प्रभाव तामिलनाडु पर पड़ा है।

संकल्प तथा मनोबल से जीवन में सर्वोत्तम सफलता

संजीव ठाकुर

जीवन में कठिन परिस्थितियों कभी बता कर नहीं आतीं हैं, इसीलिए मनुष्य को हर कठिन तथा विषम परिस्थिति के लिए सदैव सजग तथा सावधान रहने की आवश्यकता है। खुशियां तथा अवसाद हर मनुष्य के जीवन के दो पहलू हैं अब यह आप पर निर्भर है कि आप इन परिस्थितियों को किस तरह अपने जीवन में आत्मसात कर संतुलित करते हैं। जीवन एक गणित की तरह है कभी-कभी दो और दो चार तथा कभी दो और दो पांच भी हो जाते हैं दो और दो पांच का मतलब विषम परिस्थितियों का सामना करना।वैसे भी जीवन मैं ऊंचाइयां पाने के लिए सदैव संघर्षरत रहना होता है। सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है,पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैद्य यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता हैद्य मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया हैद्य मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता हैद्य एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता हैद्य जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैं। आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिएद्य

मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है।हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है, तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए, समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस ,संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्रोत होता है। किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क मदद करता है फिर चिंतन करता है और कार्य योजना सुनियोजित कर, अन थक परिश्रम कर उस दुरूह लक्ष्य को प्राप्त करता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। हालाँकि, पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेह्तर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमशः 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी।

गहराते जल-संकट से जीवन एवं कृषि खतरे में

ललित गर्ग

मानवीय गतिविधियों और क्रिया-कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के साथ जलाशयों एवं नदियों के लिए खतरा बन चुका है। जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख जलाशयों और नदी घाटियों में कुल जल भंडारण पर खतरनाक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, जिससे लोगों को गंभीर जल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल-संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है। भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। हालाँकि, पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेहतर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमशः 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी, विशेष रूप से दक्षिण भारत में, 2023 का मानसून असमान था क्योंकि यह अल नीनो वर्ष भी था - एक जलवायु पैटर्न जो आम तौर पर इस क्षेत्र में गर्म और शुष्क परिस्थितियों का कारण बनता है। इससे काफी चिंता पैदा हुई है. वर्तमान में, सिंचाई भी प्रभावित हो रही है, और देश भर में पीने के पानी की उपलब्धता और जलविद्युत उत्पादन पर प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। भविष्य को देखते हुए, आने वाले महीनों में और अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है, जो दर्शाता है कि आने वाले दिनों में बड़ा जल संकट उभरने वाला है।

लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है। जिसके चलते

कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। जिससे विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के निर्भर है। ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसी आसन्न संकट से निपटने के लिये जल संरक्षण के प्रयास घरों से लेकर तमाम कृषि पद्धतियों और औद्योगिक कार्यों तक में तेज करने की जरूरत है। जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिये पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है। इसके साथ ही जल संरक्षण की परंपरागत तकनीकों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही आम लोगों को प्रकृति के इस बहुमूल्य संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा हेतु प्रेरित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है।

पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, उन्हीं प्रयत्नों को व्यापक स्तर पर अपनाने एवं जल-संरक्षण क्रांति को घटित करने की अपेक्षा है।

सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, अब उन पर जलवायु परिवर्तन का घातक प्रभाव पड़ने लगा है। जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन हैं नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, इनकी रक्षा करो, इन्हें अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरुआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाकर या उनका जीर्णोद्धार करके बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं। पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है।

विरासत कर कानून विवाद में बैकफुट पर कांग्रेस

सैम पित्रोदा के बयान से कांग्रेस पार्टी ने किनारा कर लिया है। वहीं सैम पित्रोदा ने अपने बयान पर भी सफाई दी है। अपने बयान पर सैम पित्रोदा ने सफाई पेश करते हुए कहा कि मैंने टीवी पर अपनी बातचीत में सिर्फ एक उदाहरण के तौर पर अमेरिका के वारिस टैक्स का जिक्र किया था। क्या मैं सच बता भी नहीं सकता? मैंने ये कहा था कि इस तरह के मुद्दों पर लोगों को चर्चा और बहस करनी चाहिए। इसका किसी भी पार्टी, कांग्रेस समेत, की नीति से कोई लेना-देना नहीं है।

डॉ. आशीष वशिष्ठ

कांग्रेस में कई ऐसे नेता हैं जो चुनाव आते ही पार्टी के लिए सेल्फ गोल करना शुरू कर देते हैं। ये नेता हमेशा पार्टी को अपने बयानों से मुश्किल में फंसाने का काम करते हैं। ऐसे ही कई बार अमरीका में बसे सत्य नारायण गंगा राम पित्रोदा यानी सैम पित्रोदा भी करते आए हैं। वह कई संवेदनशील और राष्ट्रीय घटनाओं पर अनाप-शनाप बोलते रहे हैं।

वह 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष हैं। जब भी केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की सरकार बनी है, उसमें उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। मनमोहन सरकार में ही वह 'राष्ट्रीय ज्ञान आयोग' के अध्यक्ष थे। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सलाहकार थे। सैम पित्रोदा की विरासत कर कानून वाली टिप्पणी एक बड़े विवाद में बदल चुकी है। इस टिप्पणी ने लोकसभा चुनावों के बीच कांग्रेस को बैकफुट पर धकेल दिया है।

2019 के लोकसभा चुनावों से पहले एक टीवी इंटरव्यू में पित्रोदा ने मध्यम वर्ग पर एक ऐसा बयान दिया था, जिससे पार्टी सकते में आ गई थी। उन्होंने कहा कि मिडिल क्लास को ज्यादा टैक्स देना चाहिए ताकि गरीब परिवारों के लिए न्यूनतम आय की गारंटी पूर हो सके और उन्हें स्वार्थी नहीं होना चाहिए। इस बयान के बाद कांग्रेस पार्टी पार्टी को सफाई देनी पड़ी कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वो मिडिल क्लास लोगों पर कोई अतिरिक्त करों का बोझ नहीं डालेगी। 2019 लोकसभा चुनावों के दौरान ही सिख दंगों पर एक बयान देकर भी पित्रोदा फंस गए थे। दरअसल, भाजपा ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के लिए राजीव गांधी को मास्टरमाइंड कहा था। इसपर पूर्व प्रधानमंत्री के करीबी सहयोगी पित्रोदा ने कहा, अब क्या है 84 का? भाजपा ने 5 साल में क्या किया, उसकी बात करे। 84 हुआ तो हुआ, आपने क्या किया? पित्रोदा ने पाकिस्तान के बालाकोट में भारतीय सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक का भी विरोध किया था। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस को तीखी आलोचना झेलनी पड़ी थी।

सैम ने अमेरिका के 6 राज्यों में लागू 'इंहेरिटेंस टैक्स' यानी विरासत कर का उल्लेख किया है कि अमेरिकी व्यक्ति की मौत के बाद उसकी संपत्ति का 45 फीसदी हिस्सा बच्चों, परिजनों को मिलता है। शेष 55 फीसदी सरकार ले लेती है। यह कानून एक निश्चित आय के वर्ग पर ही लागू होता है। अमेरिका के अलावा जर्मनी, स्पेन, फ्रांस, जापान और दक्षिण कोरिया आदि देशों में भी विरासत-कर की व्यवस्था है। वे देश जनता और समाज के प्रति व्यक्ति का दायित्व मानते हैं, लिहाजा उसकी संपत्ति में सामाजिक-सार्वजनिक हिस्सेदारी भी मानी जाती है। भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है, लिहाजा सैम पित्रोदा का सुझाव था कि भारत में भी इस विषय पर बहस और चर्चा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा-एनडीए ने तुरंत इस मुद्दे को भी लपक लिया। प्रधानमंत्री ने यहां तक टिप्पणी की कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। निजी संपत्तियों को छीन

कर उन्हें एक समुदाय विशेष में बांटने का मुद्दा बेहद उग्र हो रहा था, 'विरासत-कर' पर भी बवंडर छिड़ गया है। अब चुनाव की दिशा और लहर ही बदल गई हैं।

भारत में 1953 से 1985 तक एक कानून लागू था-'एस्टेट ड्यूटी एक्ट।' उसके तहत 20 लाख रुपए या अधिक की संपत्ति पर 85 फीसदी तक टैक्स देना पड़ता था। वह विरासत-कर का ही एक रूप था। 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस कर को निरस्त किया, लेकिन कांग्रेस और भाजपा के वित्त मंत्री इस कर की पैरवी करते रहे। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2018 में कहा था कि विरासत-कर से विदेशों में अस्पतालों, विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों को वित्तीय अनुदान मिलते रहे हैं, लिहाजा इस कर पर विमर्श किया जाना चाहिए। मौजूदा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी बजट के दौरान 'इंहेरिटेंस टैक्स' का उल्लेख किया था। फिलहाल भारत में इस कर-व्यवस्था के प्रावधान नहीं हैं। किसी पार्टी के चुनाव घोषणा-पत्र में भी यह एजेंडा घोषित नहीं किया गया है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के मंसूबों पर सवाल करते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार आई, तो 'विरासत-कर' लगाएगी। आपके मकान-दुकान, खेत, जमीन और धन, सब कुछ छीन लिया जाएगा। आपके बच्चों और परिजनों का 'पैतृक संपत्ति' में हिस्सा आंशिक रह जाएगा। क्या आप ऐसा होने देंगे? हालांकि लोगों की संपत्ति के सर्वे वाले बयान पर राहुल गांधी ने अब यह कहा है कि वह जानना चाहते हैं कि देश में कितना अन्याय है। उन्होंने सफाई दी है कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा कि वह 'वेल्थ सर्वे' कराएंगे।

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा के बयान से कांग्रेस पार्टी ने किनारा कर लिया है। वहीं सैम पित्रोदा ने अपने बयान पर भी सफाई दी है। अपने बयान पर सैम पित्रोदा ने सफाई पेश करते हुए कहा कि मैंने टीवी पर अपनी बातचीत में सिर्फ एक उदाहरण के तौर पर अमेरिका के वारिस टैक्स का जिक्र किया था। क्या मैं सच बता भी नहीं सकता? मैंने ये कहा था कि इस तरह के मुद्दों पर लोगों को चर्चा और बहस करनी चाहिए। इसका किसी भी पार्टी, कांग्रेस समेत, की नीति से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, 55 फीसदी टैक्स लगाने की किसने बात की? भारत में ऐसा करने की बात किसने की? बीजेपी और मीडिया घबरा क्यों रहे हैं? सैम पित्रोदा पार्टी का चुनाव घोषणा-पत्र लिखने वालों में एक रहे हैं। आजकल सैम पित्रोदा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सलाहकार और रणनीतिकार हैं। यदि ऐसा शख्स, भारत के संदर्भ में, कोई बयान या परामर्श देता है, तो वह उसका 'निजी' कैसे हो सकता है? कांग्रेस अपना पल्ला कैसे झाड़ सकती है?

भाजपा की तरफ से अमित शाह ने लोगों से श्री पित्रोदा की टिप्पणी को गंभीरता से लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनकी छिपी हुई योजनाएं सामने आ गई हैं। लोगों को ध्यान रखना चाहिए और कांग्रेस को अपने घोषणापत्र से सर्वेक्षण का उल्लेख वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता अल्पसंख्यकों की नहीं है। हमारी प्राथमिकता गरीब, दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग हैं। असम के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता हिमंता बिस्वा सरमा ने पोस्ट के साथ साक्षात्कार का एक वीडियो साझा किया कि परिवार सलाहकार बीज फैला रहे हैं-उनका इरादा आपकी मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट है। भाजपा के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भी सैम पित्रोदा पर हमला बोलते हुए कहा कि, देश की विरासत पर कांग्रेस की कुदृष्टि है। बीजेपी नेता ने शक जताया कि सैम पित्रोदा का बयान कहीं भविष्य में हार्ड करेंसी के बेस को ध्वस्त करने का बड़े राजनीतिक षडयंत्र का हिस्सा तो नहीं हैं। कानूनन यह संभव नहीं है। उद्योगपतियों पर 'वेल्थ टैक्स' 2015 के बजट में ही हटा लिया गया था। उसके स्थान पर 'सुपर रिच' नामक अधिभार उन लोगों पर लगाया गया, जिनकी सालाना आमदनी एक करोड़ रुपए से ज्यादा है। दरअसल भारत अमेरिका नहीं हो सकता। यदि एक नागरिक जीवन-भर करों का भुगतान करता है और फिर जीवन के अंत तक कुछ अर्जित कर पाता है, तो वह उसके अपने परिवार के लिए होना चाहिए।

ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

ईवीएम को लेकर समय-समय पर याचिकाएं दाखिल होती रही हैं। कभी कहा जाता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ हो सकती है तो कभी कहा जाता है कि ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव करवाया जाए। कभी कहा जाता है कि ईवीएम के साथ जो वीवीपैट होता है यानी कि आपने जो वोट दिया है, वो किसको गया है उसकी पर्ची का ईवीएम में दर्ज वोटों के साथ मिलान किया जाए। जितने लोग उतने तर्क और उनकी ही अलग-अलग याचिकाओं पर हर बार कोर्ट में सुनवाई होती है और हर बार फैसला ईवीएम के पक्ष में ही आता है।

प्रेम शर्मा

भारत में जब से ईवीएम का इस्तेमाल की शुरूआत से उस पर सवालिया निशान भी लगते रहे हैं। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि चुनाव ईवीएम से ही होंगे। लोकसभा चुनाव की वोटिंग के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट को लेकर सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया है, उससे ईवीएम पर सवाल उठने भले ही कम हों न हों, लेकिन एक बात तो तय है कि अब भारत में चुनाव का वर्तमान और भविष्य तो ईवीएम ही है, जिसपर सवाल उठाने से पहले कई बार सोचना पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने जो फैसला दिया है, वो हर चुनाव में इस्तेमाल हो रहे ईवीएम की जरूरत पर एक मुहर की तरह है, जिसका फिलहाल कोई दूसरा ऑप्शन नहीं है। लेकिन ईवीएम को लेकर जब केंद्र की सत्ता में कांग्रेस थी, तो बीजेपी सवाल उठाती थी और अब जब पिछले 10 साल से बीजेपी केंद्र की सत्ता में है तो कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल ईवीएम पर सवाल उठाते हैं। यह मामला पिछली सदी में अस्सी के दशक का है। चुनाव आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 से मिले अपने अधिकार का इस्तेमाल करके 1982 में केरल विधानसभा चुनाव में पनुर सीट के 84 में से 50 बूथों पर ईवीएम का इस्तेमाल किया था। इस चुनाव में सीपीआई के उम्मीदवार सिल्वा पिल्लई ने कांग्रेस के अम्बट चाको जोस को 123 वोट से हरा दिया था। हारे हुए उम्मीदवार ने निचली अदालत में नतीजे को चुनौती दी तो निचली अदालत ने याचिका खारिज कर दी और कहा कि चुनाव आयोग ने जो किया है ठीक किया है। लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस मुर्तुजा फजल अली, जस्टिस ए वरदराजन और जस्टिस रंगनाथ मिश्र की बेंच ने इस पर विचार किया और नतीजे को रद्द कर दिया। फिर बैलेट से चुनाव हुआ और उसमें ईवीएम से जीता हुआ उम्मीदवार हार गया। क्या पता भविष्य में फिर ईवीएम की बजाय बैलेट से चुनाव हो और उसमें भी ईवीएम से जीतने वाले लोग हार जाएं! भविष्य किसने देखा है?

ईवीएम को लेकर समय-समय पर याचिकाएं दाखिल होती रही हैं। कभी कहा जाता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ हो सकती है तो कभी कहा जाता है कि ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव करवाया जाए। कभी कहा जाता है कि ईवीएम के साथ जो वीवीपैट होता है यानी कि आपने जो वोट दिया है, वो किसको गया है उसकी पर्ची का ईवीएम में दर्ज वोटों के साथ मिलान किया जाए। जितने लोग उतने तर्क और उनकी ही अलग-अलग याचिकाओं पर हर बार कोर्ट में सुनवाई होती है और हर बार फैसला ईवीएम के पक्ष में ही आता है। अब तो सुप्रीम कोर्ट के दो जजों जस्टिस

संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने ईवीएम पर जो फैसला दिया है, उसने ईवीएम की ईमानदारी पर मुहर लगा दी है। इस बार सुप्रीम कोर्ट के सामने मुख्य रूप से दो अपील की गई थी। पहली तो ये कि पूरा चुनाव ही ईवीएम से न करवाकर बैलेट पेपर से करवाया जाए। दूसरी याचिका एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी कि एडीआर की ओर से दाखिल की गई थी। इसमें कहा गया था कि ईवीएम के वोट और वीवीपैट की पर्चियों का 100 फीसदी मिलान किया जाए, क्योंकि अभी तक किसी भी एक निर्वाचन क्षेत्र में पांच ईवीएम के वोटों का ही वीवीपैट पर्चियों से मिलान होता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच में लंबी बहस हुई। 24 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया और 26 अप्रैल को अदालत का आखिरी फैसला आया। फैसले को अगर संक्षेप में समक्षे तो चुनाव ईवीएम से ही होंगे, बैलेट पेपर से चुनाव नहीं होंगे। नतीजे में जो उम्मीदवार दूसरे या तीसरे नंबर पर है और अगर उसे लगता है कि गड़बड़ी हुई है तो वो रिजल्ट घोषित होने के 7 दिनों के अंदर जांच की मांग कर सकता है। जांच इंजीनियरों की एक टीम करेगी। इस जांच का खर्च उम्मीदवार को उठाना होगा। कोई भी गड़बड़ी साबित होने की स्थिति में खर्च किया गया पैसा वापस किया जाएगा। वोटिंग के बाद ईवीएम को सील किया जाएगा और इसे 45 दिनों तक सुरक्षित रखा जाएगा। इन बड़े बिंदुओं के अलावा सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को कुछ सुझाव भी दिए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक मशीन के वोट और वीवीपैट की पेपर स्लिप की गिनती का जो सुझाव है, वो अमल में लाया जा सकता है या नहीं, इसकी तहकीकात कीजिए।आयोग को ये भी देखना चाहिए कि क्या चुनाव निशान के अलावा हर पार्टी के लिए अलग से कोई बारकोड भी हो सकता है या नहीं।ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के आए ताजातरीन फैसले का पूरा मजमून बस यही है।

हालांकि बहुत कम उम्मीद है कि ईवीएम पर सवाल और ईवीएम का बवाल कभी खत्म भी हो पाएगा। चुनाव के पहले और नतीजों के आने के बाद ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) को लेकर फैलाये जाने वाले झूठ को लेकर निर्वाचन आयोग के साथ सुप्रीम कोर्ट भी सख्त है। सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम से जुड़े दो ऐसे ही मामलों से जुड़ी याचिकाओं को न सिर्फ खारिज किया, बल्कि एक याचिकाकर्ता पर जुर्माना भी लगाया है। सुप्रीम कोर्ट अब तक ईवीएम से जुड़ी चालीस याचिकाओं को खारिज कर चुका है। यह सभी याचिकाएं ईवीएम की चोरी, गड़बड़ी और कमियों से जुड़ी थी। हालांकि, इसे लेकर कोई सबूत पेश नहीं किए गए थे। ज्ञात हो कि पहली बार जो बड़ा फैसला आया था, वो आया था 2011 में जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ही चुनाव आयोग ने वीवीपैट का इस्तेमाल शुरू किया था। उससे पहले सिर्फ और सिर्फ ईवीएम ही थी, जिसमें एक बार आपने बटन दबा दिया तो वोटिंग हो गई। फिर आप उसे देख नहीं सकते, लेकिन वीवीपैट के आने के बाद ये हुआ कि वोटर ये देख सकता है कि उसका वोट किसे गया है। अब ईवीएम का बटन दबाने के बाद वीवीपैट से एक पर्ची निकलती है, जो सात सेकेंड तक बाहर रहती है और जिसे वोटर देख सकता है। 7 सेकेंड के बाद पर्ची वापस मशीन में चली जाती है, तो ये सिस्टम भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ही लागू हुआ, जिसे 2014 के लोकसभा चुनाव में पहली बार इस्तेमाल किया गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में चुनाव के दौरान फैसला दिया कि एक निर्वाचन क्षेत्र में पांच ईवीएम के वोटों का वीवीपैट पर्चियों से मिलान किया जाएगा और अब 2024 के चुनाव में सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम को लेकर हर तरह के सवालों की गुंजाइश को खत्म कर दिया है।

झांसी व सागर के परियोजना निदेशक हाई-वे को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में सम्मिलित जनपद में घटित दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के सम्बन्ध में कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में तृतीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न की गयी। सर्वप्रथम एन.एच.ए.आई. की समीक्षा की गयी, जिसमें पी.डी. एन.एच.ए.आई. झांसी एवं सागर पिछली कई बैठकों में अनुपस्थित होने के कारण अध्यक्ष द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये उपरोक्त दोनों के विरूद्ध चेतावनी पत्र जारी करने हेतु अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया। अध्यक्ष द्वारा लोक निर्माण विभाग को परिवहन विभाग द्वारा 05 लाख रू0 उपलब्ध कराये गये बजट की समीक्षा की गयी, समस्त दुर्घटना वाले समस्त जन्कशनों पर सड़क सुरक्षा से

■ डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश

सम्बन्धित विज्ञापनों को होडिंग/बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित किया जाये जिससे जन्कशन पर जनमानस विशेषकर दो पहिया एवं ट्रक्टर ट्राली चालकों को संवेदीकृत कर दुर्घटनाओं पर रोक लगायी जा सके कृत कार्यवाही की मैपिंग यातायात विभाग द्वारा पृथक रूप से करते हुये आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। अध्यक्ष द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, को निर्देशित किया रोड सेफ्टी क्लब के माध्यम से छात्रों, अभिभावकों एवं जनमानस के माध्य सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाये, जिसमें विशेष रूप से 18 वर्ष से कम आयु के युवा वर्ग द्वारा वाहन न चलाये जाने हेतु जागरूक किया गया। क्लब के माध्यम से नुक्कड नाटको का आयोजन कर आमजन मानस को भी जागरूक किया जाये। समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित रैली एवं भाषण व अन्य प्रतियोगिताये आयोजित करायी जाये। उप मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य जांच कार्ड के निर्धारित प्रारूप पर समस्त व्यवसायिक एवं निजी वाहन चालकों की नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच करायी जाये एवं गोल्डन आवर बढाने हेतु मार्गो पर स्थित ब्लॉक स्पोर्टस पर एम्बूलेन्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। अध्यक्ष द्वारा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ट्रैक्टर ट्रालियों के विरूद्ध अभियान चलाया जाये अभियान में यह सुनिश्चित किया जाये की ट्रैक्टर ट्रालियों का उपयोग सवारियों को बैठने में ना किया जा रहा हो, का परीक्षण कर रैट्रोरिफलेटिव टेप लगाया जाये। अध्यक्ष द्वारा 22 अप्रैल से 04 मई 2024 तक चल रहे सडक सुरक्षा पखवाडा के अन्तर्गत अपने विभाग से सम्बन्धित कार्य को जिम्मेदारी पूर्वक पूर्ण करने हेतु समस्त विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी मो.कय्यूम, यात्रीकर अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी लोक निर्माण विभाग, यातायात निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रोड सेफ्टी क्लब, एन.एच.ए.आई. प्रबंधक, नरेन्द्र सिंह एन.आई.सी. एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशनों पर खुले में रखा सामान बेचा तो खैर नहीं

वाराणसी। गर्मी को देखते हुए आईआरसीटीसी ने खाने की गुणवत्ता पर ध्यान देने को कहा है। रेलवे स्टेशन स्थित खानपान स्टालों पर खुले में रखा सामान की बिक्री पर रोक लगा दी है। कैंट, काशी, सिटी स्टेशन और बनारस स्टेशन पर खानपान निरीक्षक समेत आईआरसीटीसी के पर्यवेक्षकों ने खानपान स्टाल संचालकों को हिदायत दी है कि खुले में कोई भी सामान बिक्री के लिए नहीं रखना है। अगर शिकायत मिली को कार्रवाई की जाएगी। गर्मी के समय में लंबी दूरी की ट्रेनों की खाने की गुणवत्ता खराब हो जा रही है और वेंडर वही खाना यात्रियों को परोस रहे हैं। कई स्टेशनों पर आईआरसीटीसी के जरिये ऑनलाइन खाने का पैकेट भी कोच में चढ़ाया जाता है। ऑर्डर पर ट्रेन स्टेशन पहुंचने से पहले ही खाना बनकर तैयार रहता है। यदि ट्रेन लेट हुई तो फिर वही पैकेट बंद खाना यात्रियों को दो से चार घंटे बाद मिलता है। ऐसे में कई बार खाना खराब भी निकलता है।

कांग्रेस ने संविधान में सबसे ज्यादा बदलाव किया : बृज लाल

अवधनामा संवाददाता

■ कहा, भाजपा संविधान की सबसे बड़ी रक्षक पार्टी

नई दिल्ली/लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी से राज्यसभा सांसद बृज लाल ने आज केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस द्वारा भाजपा के खिलाफ झूठे अफवाह फ़ैलाने के मामले का पर्दाफाश करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान में सबसे ज्यादा बदलाव किया है और अब कांग्रेस पार्टी ही भाजपा के खिलाफ संविधान बदलने की झूठी अफवाह फैला रही है।

श्री बृज लाल ने कहा कि कांग्रेस देश की जनता के बीच एक झूठा नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि भाजपा एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण खत्म कर देगी। कांग्रेस भीम-भीम की बात तो करती है लेकिन इनके दिल में केवल मीम-मीम है। कांग्रेस सदैव आरक्षण, संविधान और एससी-एसटी विरोधी रही है। श्री बृजलाल ने अपने वक्तव्य के समर्थन में एक तथ्य पेश करते हुए बताया कि 1961 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में कहा था कि उन्हें आरक्षण पसंद नहीं है। हाल ही में, कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण को छीनकर वर्ग विशेष को दे दी है।

बाबा साहब ने कहीं भी धर्म आधारित आरक्षण नहीं दिया था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने अविभाजित आंध्र प्रदेश में ओबीसी कोटे में आरक्षण कमकर वर्ग विशेष को धर्म के आधार पर आरक्षण दिया था। इसके अलावा, कांग्रेस द्वारा गठित रंगनाथ मिश्रा आयोग ने अपनी रिपोर्ट में दलित आरक्षण में से वर्ग विशेष को आरक्षण देने की सिफारिश की थी। कांग्रेस का धार्मिक आधार पर आरक्षण देना पूरी तरह से संविधान विरोधी है। राज्यसभा सांसद लाल ने कहा कि जम्मु एवं कश्मीर से धारा 370 हटने से सबसे ज्यादा फायदा कश्मीर के दलित, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय को हुआ है। बृज लाल ने एक प्रकरण का उल्लेख करते हुए बताया कि 1958 में पंजाब से कश्मीर गए एक सफाई कर्मी परिवार की चौथी पीढ़ी के बेटे को पीएचडी करने के बाद भी धारा 370 के कारण नौकरी नहीं मिली।

आलस त्याग करेंगे मेहनत कहानी सुनकर बच्चों ने लिया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। दादी नानी की कहानी कार्यक्रम में सोमवार को बच्चों ने मेहनती रेशमा और आलसी शेरा की कहानी सुनी। लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा डालीगंज के महाराजा अग्रसेन बालिका विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने बच्चों से हमेशा खुश रहने, मेहनत करने और हर काम को ईमानदारी से करने की सीख दी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्ञानवर्द्धक प्रश्नोत्तरी और मनोरंजक खेल से हुआ। लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी एवं लोक चौपाल की प्रभारी अर्चना गुप्ता ने भी बच्चों को सीख दी तथा बच्चों को प्रेरणात्मक सन्देश दिये। कहानी की शुरुआत जमैथा गांव की रेशमा से हुई जिसकी मां की मृत्यु हो गई थी। गांववालों के समझाने के बाद उसके पिता ने दूसरी शादी भैरोमति से की। भैरोमति का पहले से एक बेटा था जिसकी उम्र रेशमा के बराबर थी। भैरोमति ने रेशमा पर अत्याचार करना शुरू कर दिया पर रेशमा ने कभी अपनी सौतेली मां को पलट कर जवाब नहीं दिया बल्कि वह घर के सारे काम किया करती थी और अपनी पढ़ाई भी करती थी।

'हजरत लोको वाले सैयद बाबा उर्स कमेटी की बैठक में हुई चर्चा'

फिरोजाबाद/टूंडला। हजरत वाले लोको सैयद बाबा उर्स कमेटी की एक बैठक नगला मस्जिद पर हुई। जिसमें 25 मई को होने वाले उर्स को लेकर चर्चा की गई। तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि मौ. रिहान को चुना गया। बैठक में हजरत लोको वाले सैयद बाबा उर्स कमेटी के व्यवस्थापक मोहम्मद हुसैन पूर्व प्रधान ने कहा कि 25 मई को हजरत लोको वाले सैयद बाबा का उर्स धूमधाम से मनाया जाएगा जिसके लिए उर्स कमेटी की टीमें गठित कर अलग-अलग कामों की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उर्स बेहतरीन तरीके से मनाया जाएगा। तथा दुकान व खेल खिलौने वालों को एक साइड में जगह दी जाएगी जिससे यातायात सुचारू रहे। बैठक की अध्यक्षता अली जनाब लाल मोहम्मद साहब ने तथा संचालन करीम बक्स साहब ने किया। बैठक में अध्यक्ष मौ. शकील अब्बास, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मौ. शहजाद खान, इमरान अंसारी, जुनैद सिद्दीकी, बिल्लू, महमूद खान, सोनू अकील अब्बास, आजम खान आदि उपस्थित रहे।

एफडीपी से क्षमता संवर्धन को नई दिशा मिलेगी : निदेशक पंचायतीराज

अवधनामा संवाददाता

■ पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम का हुआ शुभारम्भ

लखनऊ। पंचायतीराज प्रशिक्षण संस्थान (प्रिट), लोहिया भवन, अलीगंज, लखनऊ में पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार की अपेक्षानुसार 05 दिवसीय फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम (एफ.डी.पी.) का शुभारम्भ आज अटल कुमार राय, निदेशक, पंचायती राज, अमनदीप दुली, विशेष सचिव, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन, प्रवीणा चौधरी, संयुक्त निदेशक, पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान (प्रिट), वित्त एवं लेखाधिकारी प्रदीप कुमार, नेशनल कंसल्टेन्ट तौकीर खान, रुचि यादव, पंचायतीराज तथा टी.आर.आई. संस्था के कंसल्टेन्ट पंकज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। श्री राय ने इस प्रशिक्षण का आयोजन पंचायतीराज प्रशिक्षण संस्थान (प्रिट) में कराये जाने हेतु पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार का आभार व्यक्त किया तथा भारत सरकार की पूरी टीम को धन्यवाद के साथ विभिन्न राज्यों से पधारे प्रतिभागियों का प्रदेश में स्वागत किया एवं उम्मीद जतायी कि इस कार्यक्रम से क्षमता संवर्द्धन को नई दिशा मिलेगी।

निदेशक पंचायतीराज ने प्रतिभागियों से यह अपेक्षा की, कि उनके द्वारा प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी का उपयोग धरातल पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में 12 राज्यों के 65 फैकल्टी द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। फैकल्टी के क्षमता संवर्द्धन एवं कार्यकुशलता के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज मंत्रालय एवं प्रिट के कुशल एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। श्री राय ने बताया कि यह प्रशिक्षण आवासीय है तथा प्रशिक्षण समापन 03 मई को सायं 05:00 बजे होगा।

भाषा विवि में हुआ 'डेथ ऑफ़ ए सेल्समैन' नाटक का मंचन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा डेथ ऑफ़ ए सेल्समैन नामक नाटक का आयोजन विभाग में हुआ। एमए सेमेस्टर 2, अंग्रेजी विभाग और एम.ई.ए.एल. के विद्यार्थियों ने विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर तनवीर ख़दीजा की देखरेख में एक दुखद नाटक 'डेथ ऑफ़ ए सेल्समैन' का आयोजन किया। यह नाटक विली लोमन की दुखद कहानी पर आधारित था। जिसमें निराश सेल्समैन अपनी असफलताओं से जूझ रहा है और मायावी अमेरिकी सपने का पीछा कर रहा है। नाटक का निर्देशन श्रीमती सदफ फातिमा द्वारा किया गया तथा संचालन डॉ. शिप्रा सिंह ने किया नाटक के मंचन के दौरान विभाग से डॉ. हारून रशीद, श्री युसूफ अय्याज, सुश्री शिखा सिंह उपस्थित रहे। इस नाटकीय प्रदर्शन में विली की भूमिका सुशील कुमार सिंह परमार ने निभाई।लिंडा लोमन के रूप में आन्या श्रीवास्तव, बिफ के रूप में काजल कुशवाह, हैप्पी के रूप में आद्रित, लोमन, साजिदुर्रहमान हावर्ड के रूप में और सना खातून कथावाचक के रूप में रहे। मंचन के दौरान विभाग के तमाम विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सीएमएस छात्रों ने अभिनय क्षमता का अभूतपूर्व परचम लहराया

अवधनामा संवाददाता

■ दो-दिवसीय रंगमंच प्रस्तुति 'यूफेनिया' का सी.एम.एस. में भव्य आयोजन

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में दो-दिवसीय रंगमंच प्रस्तुति 'यूफेनिया' का शुभारम्भ आज विद्यालय के ऑडिटोरियम में हुआ। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. किंगडन ने छात्र जीवन में थिएटर के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि थियेटर में जहाँ एक ओर स्क्रिप्टिंग, वेशभूषा डिजाइन आदि चीजें छात्रों में रचनात्मकता व सहयोग के गुण विकसित करती हैं तो वहीं दूसरी ओर संवाद अदायगी उनकी अभिव्यक्ति क्षमता व चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रो. किंगडन ने इस रंगमंच प्रस्तुति हेतु छात्रों के परिश्रम व नई चीजें सीखने हेतु बधाई दी।

रंगमंच प्रस्तुति 'यूफेनिया' के पहले दिन आज विश्व प्रसिद्ध नाटक 'जूलियस सीजर' एवं 'प्रेम रामायण' का मंचन हुआ। यह नाटक विलियम शेक्सपियर की एक उत्कृष्ट कृति है, जिसमें सी.एम.एस. छात्रों ने बड़े ही जबरदस्त आत्मविश्वास एवं उत्साह के साथ अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया तथापि दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाकर छात्रों का खूब उत्साहवर्धन किया। मंचन में जूलियस सीजर की भूमिका पावनी अग्रवाल ने जबकि ब्रूटस व मार्क एंथोनी की भूमिका क्रमशः एरीना खान व मनांश जिंदल ने निभाई। इसी प्रकार, अपरान्हः सत्र में 'प्रेम रामायण' का मंचन हुआ। प्रेम रामायण प्रख्यात नाटककार श्री अतुल सत्य कौशिक द्वारा लिखित एक नाट्य कृति है, जो कि गौरवशाली भारतीय पारंपरिक कला का प्रतिनिधित्व करती है। यह नवीन प्रस्तुति न केवल भगवान राम के वनवास और प्रसिद्ध युद्ध पर आधारित है बल्कि आपसी प्रेम, ईमानदारी, स्नेह और सम्मान पर भी आधारित है।

'किसी के घोषणा पत्र में पदोन्नति में आरक्षण का बिल क्यों नहीं'

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के प्रमुख संयोजकों ने वर्तमान में आरक्षण पर सभी पार्टियों के तरफ से आ रहे आरक्षण हित वाले बयान पर करारा हमला बोलते हुए कहा क्या देश की सभी राजनीतिक पार्टियों यह बताएंगे की संवैधानिक आरक्षण की वकालत सब कर रहे हैं लेकिन पिछले 12 वर्षों से पदोन्नतियों में आरक्षण का बिल लोकसभा से पारित क्यों नहीं हुआ इस पर सभी अपना जवाब दें तो ज्यादा हितकर होगा जिससे पूरे देश के लाखो दलित आरक्षण समर्थक कार्मिक यह समझ पाए की कौन सी पार्टी उनके हित में काम कर रही है। उत्तर प्रदेश का 8 लाख आरक्षण समर्थक दलित कार्मिक आज भी अपनी उस खोई हुई प्रतिष्ठा को पाने की आस में लगा है जब उसे सपा सरकार में रिवर्ट कर अपमानित किया गया था। पिछले 10 वर्षों से केंद्र में मोदी की सरकार रही एक बार भी पदोन्नति में आरक्षण संवैधानिक संशोधन बिल को लोकसभा से पारित करने की की बात तो दूर उस पर चर्चा की पहल तक नहीं की गई । आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के प्रमुख संयोजक अवधेश कुमार वर्मा संयोजक डॉ रामशब्द जैसवारा पीएम प्रभाकर ने कहा दिसंबर 2012 में पदोन्नति में आरक्षण का संवैधानिक संशोधन 117 बिल राज्यसभा से पारित होने के दो दिन बाद ही लोकसभा में रखा गया और पारित नहीं हो पाया समाजवादी पार्टी के एक लोकसभा सांसद ने बिल फाड दिया इसके बाद कभी कांग्रेस पार्टी सत्ता में आगे इस पदोन्नति बिल को पारित करने की पहल नहीं की।

सीएमएस में 'ओपेन डे समारोह- हैप्पी होराइजन्स' का भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस द्वारा 'ओपेन डे समारोह - हैप्पी होराइजन्स' का भव्य आयोजन विद्यालय के सजे-धजे प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छात्रों के माता-पिता व अभिभावक छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वनिर्मित कलात्मक वस्तुओं, गायन एवं वादन, नृत्य-संगीत, कम्प्यूटर ज्ञान, योगा आदि विभिन्न विषयों में छात्रों का हुनर देखकर अभिभावक गदगद हो गये। ओपेन डे समारोह में विभिन्न प्रस्तुतियों द्वारा छात्रों ने अपने विचारों को बड़ी ही खूबसूरती से उकेरा एवं और अपनी भावनाओं को इतने कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। समारोह की खास बात रही कि अभिभावकों ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर सी.एम.एस. की ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षा पद्धति का परिचय प्राप्त किया एवं छात्रों को आधुनिक तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु सी.एम.एस. के प्रयासों की सराहना की।

समारोह का शुभारम्भ सर्व-धर्म व विश्व शांति प्रार्थना से हुआ। समारोह में विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न शिक्षात्मक गतिविधियों जैसे योगा, इम्पावर्ड लर्निंग स्पेस, ट्रेडीशनल डान्स, हार्मोनिक ओपेन क्वायर, डिजिटल रीम फन, लाइब्रेरी बुक्स बोनान्जा, क्राफ्टी-आर्टिस्ट्री शोकेस एवं पीसफुल पॉटरी प्ले आदि में अपनी रचनात्मक व सृजनात्मक क्षमता का अभूतपूर्व प्रदर्शन कर अभिभावकों के रूप में उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया तथापि अभिभावकों ने भी छात्रों का खूब उत्साहवर्धन किया। इस भव्य समारोह में प्रतिभागी छात्रों का उत्साह देखते ही बनता था जिसके माध्यम से इन छोटे-छोटे बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा निखर कर सामने आयी।

सी.एम.एस. अलीगंज द्वितीय कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती संविदा अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के समारोह बच्चों के दिन प्रतिदिन के जीवन में नया उत्साह व उल्लास जगाते हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।

हिन्दू समाज पार्टी के गौरव ने लखनऊ संसदीय क्षेत्र से दाखिल किया नामांकन

लखनऊ। हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव वर्मा लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर हिन्दू समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष किरन तिवारी, भारतीय जन-जन पार्टी के संस्थापक संरक्षक मनीष महाजन, हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मोहित मिश्रा, गौरव गोस्वामी सहित कई लोग मौजूद थे। इससे पहले पार्टी के प्रत्याशी गौरव वर्मा पार्टी कार्यकर्ताओं एवं सैकड़ों समर्थकों के साथ तय समय प्रातः 11 बजे खाटु श्याम मंदिर, निकट गोमती तट, न्यु हैदराबाद एकत्र हुए, जहां से जुलूस के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जिला अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुये। नामांकन दाखिल करने से पूर्व हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रत्याशी गौरव वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जनता के बीच चौबीसों घंटे उपलब्ध रहने का विश्वास दिलाया।

टीएमयू में टीबी मुक्त भारत कैंपेन का सघन प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में राष्ट्रीय टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम- एनटीईपी के तहत दस दिनी सघन प्रशिक्षण पांच चरणों में दिया गया। यह ट्रेनिंग फैकल्टी, इंटर्न्स, रेजिडेंस, नर्सिंग स्टाफ को दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रारम्भिक लक्षण, ट्रीटमेंट, बचाव आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। दस दिनी इस प्रशिक्षण में करीब 700 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों ने कहा, दो सप्ताह से खांसी-बुखार आना, खांसी में खून आना, भूख न लगना, वजन में निरंतर कमी होना टीबी के प्रारम्भिक लक्षण हैं। करीब एक दर्जन मेडिकल एक्सपर्ट्स ने कहा कि टीबी लाइलाज नहीं है। उपचार के जरिए यह रोग ठीक हो सकता है। टीएमयू कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल डॉ. एनके सिंह अपने अनुभवों को साझा करते हुए बोले, यूं तो टीबी में बाल और नाखून के अलावा कुछ भी सुरक्षित नहीं रहता है। विश्व में टीबी रोगियों में 28 प्रतिशत रोगी भारतीय हैं। उन्होंने 1978 के मेडिकल स्टुडेंट्स लाइफ के अपने अनुभवों को भी साझा किया। प्रशिक्षण के समापन मौके पर मेडिकल कॉलेज के डीन एकेडमिक्स प्रो. एसके जैन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, एडिशनल मेडिकल सुप्रिटेंडेंट एवम् मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. वीके सिंह आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। श्वसन विभाग के एचओडी प्रो. मजहर मकसूद ने दवा से संवेदनशील और प्रतिरोधी टीबी के उपचार एवम् टीबी के क्षेत्र में हालिया हुई प्रगति पर चर्चा की। प्रशिक्षण सत्रों में श्वसन विभाग के डॉ. प्रदीप निराला, डॉ. रवि शंकर मिश्रा, सामुदायिक चिकित्सा विभाग के डॉ. रविन्द्र नाथ, हड्डी विभाग के डॉ. राजेश पारीक, माइक्रोबायोलॉजी के डॉ. सुधीर सिंह, रेडियोलॉजी के प्रो. राजुल रस्तोगी, बाल एवम् शिशु रोग विभाग के डॉ. पीएस चिदम्बरम, हृदय रोग विभाग के डॉ. शलभ अग्रवाल, मेडिसिन विभाग के डॉ. अजय कुमार, सर्जरी विभाग के डॉ. सुरेन्द्र कुमार, स्त्री रोग विभाग की डॉ. आस्था लालवानी, नेत्र रोग विभाग के डॉ. प्रियसुमन रस्तोगी, त्वचा रोग विभाग के डॉ. मोहम्मद रफीक, कार्डियोथैरेसिक सर्जरी विभाग के डॉ. आयुष ने अपने-अपने विषय की बारीकियों पर प्रकाश डाला।

अब तक 33 लाख की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

अवधनामा संवाददाता

■ 2175.30 लाख रुपये की बहुमूल्य धातुएं भी जब्त

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 28 अप्रैल तक कुल 32977.30 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3211.02 लाख रुपये नकद धनराशि, 4583.70 लाख रुपये कीमत की शराब, 21850.88 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2175.30 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 28 अप्रैल, 2024 को कुल 182.07 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 4.39 लाख रुपये नकद धनराशि, 51.58 लाख रुपये कीमत की18989.75 लीटर शराब, 112.38 लाख रुपये कीमत की 441702.58 ग्राम ड्रग एवं 13.72 लाख रुपये कीमत की 5916 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गयी। 28 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद प्रयागराज की फूलपुर

अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

अवधनामा संवाददाता

■ 4692 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर हुए जमा

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1821 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 28 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4692 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,03,831 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 21,85,577 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है।

यह चुनाव राम भक्तों पर गोली चलाने और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है: शाह

जब तक भारतीय जनता पार्टी राजनीति में है, एससी-एसटी और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कुछ नहीं होने देगी। ये मोदी की गारंटी है

वहाज अली निहाल

इटावा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को इटावा लोकसभा की सदर विधानसभा के नुमाइश पंडाल में इटावा लोकसभा प्रत्याशी डॉ.रामशंकर कठेरिया के समर्थन में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस झूठ और नकारात्मक राजनीति करती है। कांग्रेस ने हमेशा से एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों में सेंधमारी का कुप्रयास किया है। राहुल गांधी लगातार झूठ बोलकर और निराधार बातें करके देश की जनता को गुमराह करने का विफल प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश के दलित, पिछड़े और आदिवासी भाई-बहनों को गारंटी दी है, जब तक भारतीय जनता पार्टी है, आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। अमित शाह ने कहा कि आज मैं देश की जनता को फिर से मोदी की गारंटी की याद दिलाना चाहता हूं कि जब तक भारतीय जनता पार्टी राजनीति में है, एससी-एसटी और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कुछ नहीं होने देगी। ये मोदी की गारंटी है। दो चरणों में मोदी शतक मार चुके हैं। दो शहजादों का खाता भी नहीं खुला है। यह चुनाव राम भक्तों पर गोली चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है। श्री शाह ने जनता से सवाल पूछा, आप बताओ राम मंदिर बनना चाहिए कि नहीं। जब प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी तो अखिलेश और डिंपल को निमंत्रण गया था। वो नहीं गए। क्यों नहीं गए। अमित शाह ने जनता से पूछा, बताओ कश्मीर भारत का हिस्सा है कि नहीं। जब हमने धारा 370 हटाई तो राहुल बाबा बोले खून की नदियां बह जाएंगी, परंतु मोदीजी के राज में कंकड़ भी नहीं चला। पहले आतंकी हमले होते थे। मोदीजी ने सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके मुंहतोड़ जवाब दिया।

■ इटावा लोकसभा प्रत्याशी डॉ.रामशंकर कठेरिया के समर्थन में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित किया

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकाला। अमित शाह ने केंद्र की योजनाओं और उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि हमने मुफ्त कोरोना का टीका सबको लगवाया। अखिलेश टीके का विरोध करते थे। एक दिन चुपचाप डिंपल के साथ खुद टीका लगवा आए।

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने परिवारवाद को हराने और मोदीजी को जिताने की अपील की। बोले ये पिछड़ों की बात करते हैं। परंतु कल्याण सिंह के निधन और पड़ोस में नहीं गए और अंसारी के घर खुद गाड़ी चलाकर फातिया पढ़ने पहुँच गए, ये क्या पिछड़ों का सम्मान करेंगे।

जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद प्रत्याशी डॉ.रामशंकर कठेरिया ने जनता से आशीर्वाद मांगते हुए 13 मई को कमल के निशान ले सामने वाली बटन दबाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निवेदन किया। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि आप मुझे यहाँ से जिताकर भेजने का काम करिए मैं आपके हर सुख दुःख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूँगा, पिछले कार्यकाल में 2-3 साल कोरोना महामारी में चले गए जो भी विकास कार्य बचे है उन्हें अगले कार्यकाल में प्राथमिकता से करवाने का संकल्प लेता हूँ। संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया।

जनसभा में प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री अजित पाल, क्लस्टर प्रभारी व क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर शाहू, रैली प्रमुख आनंद राजपाल, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, सदर विधायक सरिता भदौरिया, गुड़िया कठेरिया, पूर्व सांसद रघुराज शाक्या, सुखदा मिश्रा, प्रेमदास कठेरिया, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह, लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी, संयोजक रजनीश पांडेय, विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, रामकुमार चौधरी, डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा, शिवप्रताप राजपूत, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, क्षेत्रीय सह-मीडिया प्रभारी नीरज गुप्ता, लोकसभा/जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विरला शाक्या, अंकित सैनी, समीर सक्सेना, जिला पदाधिकारी, मोर्चाओ के अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता सहित कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

एस एस पी ने थाना इकदिल का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा थाना इकदिल का वार्षिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उन्होंने सलामी ग्रहण की गई तत्पश्चात प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी आवास, शस्त्रागार भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण/ सुदृढ़ीकरण के लिए निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा हेड मुहर्रिर थाना इकदिल व चौकीदारों को उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना करते हुए नगद पुरस्कार से भी पुरस्कृत किया।

मथुरा में खनन माफिया का आतंक

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। सरकार की लाख कोशिश के बाबजूद भी खनन माफिया पर अंकुश नहीं लग पा रहा है इनके हौसले इतने बड़ चुके हैं कि मथुरा के नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव में अवैध खनन रोकने गई पुलिस पर माफिया द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाने की कोशिश की गई, जिसमें उपनिरीक्षक सहित तीन पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। वहीं खनन माफिया ट्रैक्टर- ट्रॉली छोड़ मौके से भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर- ट्रॉली को कब्जे में लेकर माफिया की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार क्षेत्र के गांव मंडारी खादर में यमुना नदी के निकट होने के चलते यमुना नदी से रेती का खनन खनन माफियाओं द्वारा

■ पुलिस पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाने की कोशिश, बाल-बाल बचे उपनिरीक्षक व तीन पुलिसकर्मी

किया जाता है। इलाका पुलिस को सूचना मिली कि सुरीर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी खनन माफिया ट्रैक्टर- ट्रॉली को लेकर खनन की रेती लेने के लिए जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई। चौकी प्रभारी बरौठ दीपक नागर के नेतृत्व में पुलिस कर्मी ब्रजराज यादव, ललित कुमार व सतेन्द्र सिंह मंडारी खादर पहुंच गए। जहां पुलिस को देख खनन माफिया ने ट्रैक्टर-ट्रॉली उनकी ओर दौड़ा दी। खुद चलते ट्रैक्टर से कूदकर मौके से भाग खड़ा हुआ। पुलिस कर्मी ट्रैक्टर- ट्रॉली से बाल-बाल बच गए। पुलिस मौके से ट्रैक्टर- ट्रॉली को बरामद कर नौहझील थाना ले आई। इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर- ट्रॉली को दाखिल कर चालक की तलाश की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक नौहझील थाना क्षेत्र में यमुना नदी होने के कारण बड़े पैमाने पर यमुना की रेती व मिट्टी का खनन जारी है। खनन क्षेत्र के मंडारी, अड्डा बाघर्रा, खानपुर, रायपुर, फरीदमपुर, भैरई, फिरोजपुर सहित आदि गांवों से होता है। इतना ही नहीं नौहझील थाना की नानकपुर चौकी, यमुना पुल चौकी, बरौठ चौकी, बाजना कट चौकी, कौलाहर चौकी व मानगढी चौकी रोड़ पर ही स्थित हैं। इनके सामने से ही खनन के ट्रैक्टर ट्राली गुजरते हैं मगर इलाका पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

ईवीएम की सुरक्षा परिंदा भी पर नहीं मार सकता

मथुरा। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बीते शुक्रवार को मतदान सकुशल संपन्न होने के बाद मंडी समिति में बनाए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीन जमा करा दी गई थी। स्ट्रांग रूम की निगरानी की सुरक्षा को एक कंपनी पैरा मिलिट्री तैनात की गई है। इसके अलावा 21 मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 15 सांसद उम्मीदवारों का भाग्य जनता ने ईवीएम में कैद कर दिया है। 4 जून को ईवीएम खुलेंगी और मतों की गणना होगी। मंडी में बनाए स्ट्रांग रूम में ईवीएम को रखा गया है। 4 जून तक तक ईवीएम सुरक्षा बलों के साथ ही सीसीटीवी के कड़े साये में रहेंगी। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को भी सहेजा जा रहा है।

कपड़े की दुकान में लगी आग से 40 लाख का माल खाक

■ शार्ट सर्किट से लगी थी आग, दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने बुझाई आग

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। नगर के मुख्य बाजार पक्की सराय पर स्थित कपड़े की एक दुकान में आग लगी। आग लगने से उठा धुआं देखकर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान के गोदाम व पहली मंजिल पर स्थित दुकान में रखा लगभग 40 लाख कीमत का सामान जलकर राख हो गया।

शहर कोतवाली स्थित पक्की सराय कपड़ों का मुख्य बाजार है। रविवार के चलते बाजार बंद था। रविवार की रात 8.30 बजे के लगभग सूना विन सूट कलेक्शन नाम से संचालित एक पकड़े की दुकान से कुछ लोगों ने दुकान के अंदर से धुआं उठते देखा। इसकी सूचना कोतवाली पुलिस के साथ ही दुकान मालिक युसुफ को भी दी गयी। कुछ ही देर में पुलिस पहुंच गयी और धुआं देखकर फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड के जवानों ने पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग दुकान के ग्राउंड फ्लोर, पहली मंजिल व दूसरी मंजिल तक पहुंच चुकी थी। यही नहीं अंडर ग्राउंड में बने गोदाम में भी आग भी पहुंच गयी। फायर ब्रिगेड की दो और गाड़ियां बुलायी गयीं। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर जैसे तैसे काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान व गोदाम में रखे कपड़े जलकर खाक हो चुके थे। व्यापारी ने 40 लाख से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया है। उधर आग की जानकारी पर बाजार के अन्य दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। लेकिन अपनी अपनी दुकानें सुरक्षित देखकर उन लोगों ने राहत की सांस ली। कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि प्रथमदृष्टया एलसीडी में शार्ट सर्किट से दुकान में आग लगी थी। मामले की छानबीन की जा रही है।

पाइप फैक्ट्री में भयंकर आग से हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। थाना जैत क्षेत्र में हाइवे किनारे स्थित प्लास्टिक पाइप के गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने इलाका पुलिस के अलावा दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। आग का विकराल रूप देखकर पुलिस ने आसपास के घरों को ग्रामीणों से कहकर खाली कराया। सूचना पाकर मौके पर पहुचें एसएसपी शैलेस कुमार पांडे ने बताया कि पाइपों के गोदाम में अज्ञात कारणों से लगी आग की जांच कराई जाएगी।

सोमवार को गांव जैत में हाइवे किनारे स्थित एक प्लास्टिक पाइपों के गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग में हजारों रुपये के पाइप जलकर राख हो गए तो वही जल निगम की दो पानी की टंकियां भी आग की भेंट चढ़ गई। आग की चपेट में आने से आसपास बने कई मकान फट गई। बिजली के तारों को आग ने पिघलाकर मोम बना दिया। हरे पेट भरभराकर जल उठे। दमकल की कई गाड़ियां घन्टों तक आग को काबू में करने का प्रयास करती रही लेकिन दमकलकर्मियों द्वारा आग पर डाले जाने वाला पानी चुल्लू भर साबित होता दिख रहा था। भयंकर आग के गुबार ने आसमान को चारों तरफ से ढक दिया। आग के गुबार को देखकर कई किलोमीटर दूर के ग्रामीण भयभीत होने लगे। गांव जैत के स्थानीय निवासी सुंदर सिंह ने बताया कि आग बिजली के ट्रांसफार्मर से उठी चिंगारी के कारण लगी है। आग लगने ने असपास के ग्रामीणों को काफी नुकसान हुआ है। बताया कि गांव जैत में जलजीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में डाली जाने वाली पाइप लाइन के पाइपों का गोदाम आबादी क्षेत्र में बना हुआ था। गोदाम में लाखों रुपये के पाइप रखे हुए थे जिनमें अचानक आग लग गई। सुंदर सिंह का कहना था कि पहले केवल एक ही दमकल की गाड़ी आग बुझाने आई थी। आग इतनी भयंकर थी कि एक दमकल की गाड़ी पर काबू नहीं हो सकी। ÷समय रहते यदि प्रशासन चार-पांच गाड़ियां और भेज देता तो शायद आग इतना विकराल रूप धारण नहीं करती। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पांडे ने बताया कि आग अज्ञात कारणों ने लगी है। आग बुझाने के लिए दमकल की कई गाड़ियों को लगाया है। मथुरा रिफायनरी से भी बात हुई है वहां से एक्सपर्ट्स को बुलाया गया है। आग बुझाने के लिए जनपद के विभिन्न हिस्सों से समाजसेवियों के वाटर टेंकरों को मंगवाया गया है। आग लगने के कारणों की जांच कराई जाएगी।

लापता विद्युत कर्मी का शव मिलने से हड़कंप

मथुरा। थाना कोसी क्षेत्र में तीन दिन से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता विद्युत कर्मी का शव आगरा-दिल्ली हाईवे स्थित केडी चौकी के समीप सोमवार सुबह जंगलों में पड़ा मिला है। मृतक का चेहरा कुचला हुआ था। परिजनों ने हत्या कर शव फैंकने का आरोप लगाया है। सूचना पर छाता और कोसी पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया है। जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल शुक्रवार की दोपहर विद्युत सब डिवीजन कार्यालय कोसीकलां में तैनात सेवक कन्हैयालाल संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया था। वह अपने मकान का दरवाजा भी खुला छोड़ गया था। रविवार को घर के अंदर घुसे बंदरों की धमा चौकड़ी को देख पड़ोसियों ने मायके गई पत्नी को मामले की जानकारी दी। रविवार की देर शाम घर लौटी कन्हैया की पत्नी सुनीता ने थाना पहुंच पुलिस से अपने पति को खोजने करने

सगाई समारोह के दौरान हंगामा

■ होटल स्टाफ ने बंधक बना कर की मारपीट

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। मथुरा में एक सगाई समारोह में जमकर हंगामा हो गया। यहां एक होटल में बीती रात रिंग सेरेमनी का कार्यक्रम चल रहा था लोग खुशी-खुशी नाच रहे थे और भोजन कर रहे थे, लेकिन तभी होटल के कर्मचारी दूल्हा-दुल्हन के परिवार वालों पर बिगड़ गए, विवाद इतना बढ़ गया कि होटल कर्मचारियों ने दोनों पक्ष के लोगों के साथ मारपीट कर दी। मथुरा के थाना गोविंद नगर इलाके के अंतर्गत एस के एस ग्रैंड होटल में देर रात जमकर हंगामा हो गया। यहां एक रिंग सेरेमनी कार्यक्रम के दौरान मारपीट का माहौल बन गया. बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में 135 लोगों के खाने की व्यवस्था कराई गयी थी, लेकिन वहां ज्यादा मेहमान पहुंच गए. इससे

के खाने की व्यवस्था कराई गयी थी, लेकिन वहां ज्यादा मेहमान पहुंच गए, इससे अव्यवस्था फैल गई। जिसे लेकर लोग होटल कर्मचारियों से विवाद करने लगे। मथुरा के थाना गोविंद नगर इलाके के अंतर्गत एस के एस ग्रैंड होटल में देर रात जमकर हंगामा हो गया। यहां एक रिंग सेरेमनी कार्यक्रम के दौरान मारपीट का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में 135 लोगों के खाने की व्यवस्था कराई गयी थी, लेकिन वहां ज्यादा मेहमान पहुंच गए. इससे अव्यवस्था फैल गई। जिसे लेकर लोग होटल कर्मचारियों से विवाद करने लगे। यह विवाद इतना बढ़ा कि होटल कर्मचारियों ने दूल्हा-दुल्हन पक्ष के लोगों के साथ मारपीट कर दी, कार्यक्रम में भोजन को लेकर अव्यवस्था फैल गयी थी। फिर होटल कर्मचारियों और लोगों के बीच पहले बाद विवाद हुआ और होटल कर्मचारियों ने कार्यक्रम में मौजूद लड़का-लड़की पक्ष के लोगों के साथ जमकर मारपीट कर दी।कार्यक्रम में शामिल लोगों का आरोप है कि होटल कर्मचारियों ने पहले गेट का ताला बंद कर उन्हें बंधक बना लिया. फिर उनके साथ जमकर मारपीट की, मारपीट होते देख लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी. जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

जरूरतमंद प्रभुजनों को भोजन करके मनाई शादी की वर्षगांठ

मथुरा। भगवान श्री कृष्ण की जन्म और क्रीडा स्थल में चमेली देवी मेमोरियल हॉस्पिटल, इगलास के चेयरमैन डा. रामकुमार सिंह जीवन के रक्षक, स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा के संकल्प को लेकर प्रतिबद्ध रहते हैं। अपने जीवन के शुभ अवसरों पर मानव सेवा का मौका नहीं छोडते। अपने विवाह की वर्षगांठ पर प्रभुजनों को भोजन प्रसादी वितरित करने का पुण्य संकल्प लिया। वहीं मथुरा के छाता क्षेत्र के हरिओम शर्मा और अलीगढ़ के इगलास क्षेत्र के डेनी सिंह (फारेंसिक विभाग) ने अपनी शादी की वर्षगांठ को पार्टी न करने जरुरतमंदों तक भोजना पहुंचाने जैसे बड़े उत्सव को आयोजित करके मनाई। इस संकल्प को श्री मुरली वाला युवा सेवा समिति रोटी बैंक ने पूर्ण करने में अपनी महती भूमिका निभाई। इन महानुभावों के सेवा भावी कार्य और सहयोग के लिए हृदय से आभार प्रकट करते हुए श्री मुरली वाला युवा सेवा समिति के अध्यक्ष शिवकुमार सोनी ने कहा कि इस भोजन प्रसादी ने जरूरतमंद लोगों को संतुष्टि और खुशी प्रदान की।

बढ़ते तापमान को लेकर मौसम विभाग ने की एडवाइजरी जारी

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया है कि मौसम विभाग की ओर से जारी की गयी एडवाइजरी के अनुसार आगामी दिनो में दैनिक तापमान में तेजी से वृद्धि (40 डिग्री से ज्यादा) होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। हीट वेव (लू) असामान्य रूप से उच्चतम तापमान की अवधि है जब तापमान सामान्य तापमान से अधिक दर्ज किया जाता है। आगामी दिनों में जनपद में परिस्थितिया हीट वेव (लू) के अनुकूल बनी हुई है। उच्च आद्रता तथा वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगो को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है, जिसके कारण शरीर में पानी की कमी (डिहाईड्रेशन) एवं ऐंठन की शिकायत आती है और कभी-कभी इसके कारण लोगों की मौत भी हो जाती हैं। शहरी क्षेत्रों में तापमान उच्चतम हो जानें से अर्बन हीट आइलैंड की स्थिति बन जानी है। हीट वेव (लू) से वृध, बच्चे, गर्भवती महिलायें, बीमार, मजदूर, गरीब, दुर्बल एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होतें है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय मथुरा हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु निम्न बातों की ओर ध्यान आकर्षित कराना चाहता है।

हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या करें: 1-कडी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजें से 3.00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें।

2-हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपडें पहनें।

3-धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपडे, टोपी या छाता का उपयोग करें।

4- पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें। सफर मे अपनें साथ पीने का पानी हमेशा रखें।

5-खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नाारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थो को इस्तेमल करें।

6-रेडियो, टीवी और समाचार पत्रो के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें।

7- कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तूरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।

8- अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करे। रात में खिडकियाँ खुली रखे।

हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या न करें: 1-बच्चों एवं पालतू जानवरों को बिना निगरानी के पार्क की गयी कार में अकेला न छोडें, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते है जो बच्चों के लिये घातक हो सकती है।

2-भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें।

3-उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें।

4-शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थो का सेवन करने से बचें क्यो कि ये शरीर को निर्जलित करतें हैं।

5- दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें। रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिये खिडकी व दरवाजे खुली रखें।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने अताउर मुस्तफा को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के लखनऊ स्थित कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ का आगमन हुआ। कार्यालय पर ही परवेज हनीफ ने यू.पी. बोर्ड से इंटरमीडिएट में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अताउर मुस्तफा अंसारी को माल्यार्पण कर सम्मानित किया और आश्वाशन दिया कि NEET की तैयारी के लिए संगठन उनका आर्थिक सहयोग करेगा और लखनऊ स्थिति कार्यालय में रहने और खाने की व्यवस्था करेगा। इस अवसर उन्होंने संगठन के विस्तार हेतु कार्यालय के कार्यों के बारे में जानकारी ली और कार्यालय के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि

संगठन के विस्तर में मीडिया, सोशल मीडिया, के प्लेटफार्म से लोगों को संगठन से जुड़ने की मुहिम चलायें। उन्होंने कहा अभी हमारा संगठन सिर्फ 13 राज्यों मे सक्रिय है, हमें देश के प्रत्येक सूबे में अपने संगठन को मजबूत करना है, जिसके लिये कड़ी मेहनत व लगन से काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी अजहर आलम, शकील लेडी, एहतेशाम आदि लोगों ने उनकी बातें सुनी और उनके मार्गदर्शन में संगठन को मजबूत करने की प्रेरणा ली।

राशन की दुकानों पर दो दिन मिलेगा फ्री खाधान्न सामिग्री

मथुरा। जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम -2013 के अन्तर्गत माह अप्रैल 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न व बाजरा का निःशुल्क वितरण माह अप्रैल 2024 के सापेक्ष दिनांक 30 अप्रैल से 01 मई तक वितरण तिथि विस्तारित किए जाने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद के समस्त कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि उक्त अवधि में अवशेष अन्त्योदय कार्ड पर 14 किग्रा गेहूँ, 14 किग्रा चावल व 07 किग्रा बाजरा तथा पात्र गृहस्थी कार्ड पर प्रति यूनिट 01 किग्रा गेहूँ 02 किग्रा चावल व 02 किग्रा बाजरा का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। 01 मई तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जायेगा, मोबाइल ओटीपी के माध्यम से वितरण की सुविधा दिनांक 29 अप्रैल के साथ-साथ 01 मई को भी उपलब्ध रहेगी।

सिलसिला ग्रुप ने पर्यावरण गोष्ठी का किया आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सिलसिला ग्रुप की संस्थापक राज़दा खातून फेडरेशन अधिकारी जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन 5 ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन योगेंद्र कुमार सक्सैना एडवोकेट के आवास पर किया जिसमें यूनिट एक की डायरेक्टर आशा अवस्थी एवं जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन, फेडरेशन 5 के उपाध्यक्ष विमल कुमार का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शावेज़ नक़वी को शाल उढ़ाकर एवं प्रतीकात्मक एक पौधा भेंट करके इस्लामिया इंटर कॉलेज के शिक्षक नाज़िश इक़बाल ने सम्मानित करके उनसे अपील की कि पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित लोगों को इसके प्रति जागरूक करना ही जायन्ट्स का मुख्य उद्देश्य है। हमे मालूम है कि

वैश्विक तापमान में वृद्धि, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण जैसी कई बड़ी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं और इस पर ध्यान दिलाने के लिए ही 22 अप्रैल के दिन विश्व पृथ्वी दिवस तथा 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। प्रतीकात्मक स्वरूप से एडवोकेट योगेंद्र कुमार सक्सेना को भी एक पौधा भेंट किया गया और इस अवसर पर विस्तृत चर्चा हुई जिसमें पर्यावरण के प्रदूषण के मुख्य कारणों तथा उनसे होने वाली हानियों पर प्रकाश डाला गया। तथा उसके प्रभाव को कम करने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गये। फेडरेशन 5 के उपाध्यक्ष विमल कुमार सिंह, यूनिट डायरेक्टर आशा अवस्थी, निवर्तमान अध्यक्ष केपी शाक्य, मोहम्मद नाज़िश इक़बाल, प्रधानाध्यापक प्रदीप यादव, पूर्व प्रधानाध्यापक वीरेंद्र स्वरूप कुशवाहा, आदि ने उपस्थित होकर कहा जब हम स्वयं जागरूक होंगे तभी दूसरे को जागरुक कर सकते हैं इसलिए अधिकाधिक पर्यावरण संरक्षण स्वयं करने का सभी द्वारा संकल्प लिया गया।

कृभको से सेवानिवृत्त सिकरवार का सम्मान

राया(मथुरा)। कृषक भारतीय कृषि सेवा केंद्र (कृभको) में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे जितेंद्र कुमार सिकरवार का सेवानिवृत्त होने पर रविवार को क्षेत्रीय लोगो ने विदाई समारोह का आयोजन किया । इस कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उनको माल्यार्पण किया साथ ही शाल उढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गणेशबाग स्थित लक्ष्मीनारायण सेवा सदन में पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा कृष्णकांत अग्रवाल विशाल पाराशर ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरान पवन सर्राफ कमल अग्रवाल राकेश अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल चन्द्रप्रकाश अग्रवाल आलोक अग्रवाल ओंकार सिंह जगदीश प्रसाद शर्मा अनुज अग्रवाल भूपसिंह प्रतुल गंगल चंदर सिंह ठेकेदार वीरी सिंह हरिमोहन वार्ष्णेय राजेश गोयल ज्ञानेंद्र चौधरी सुभाष चन्द्र अग्रवाल पवन सारस्वत प्रमेन्द्र सिंह अंकुर देवा प्रधान आदि मौजूद रहे। समारोह का संचालन मुकेश अग्रवाल ने किया।

एशियाई खेलों से बाहर होने से राष्ट्रीय टीम में वापसी की प्रेरणा मिली : तरुणदीप राय

तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले तरुणदीप राय ने रविवार को कहा कि पिछले एशियाई खेलों की टीम से बाहर होने के बाद वह गुस्से में थे लेकिन उन्होंने इसे दमदार वापसी करने के लिए प्रेरणा की तरह लिया। तीन बार के ओलंपियन राय ने विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने के बाद कहा, मैं गुस्से से भरा था लेकिन मैंने खुद को एक और मौका देने का फैसला किया। एशियाई खेलों (ग्वांगझू 2010) में देश के लिए पदक जीतने वाले इकलौते रिकर्व तीरंदाज राय ने कहा मैं क्वालीफिकेशन में कुछ नियमों के कारण अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम से बाहर हो गया था।''

राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की भारतीय तिकड़ी ने मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह पहली बार है जब तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में भारतीय पुरुष टीम ने कोरिया को शिकस्त दी है। इस जीत से टीम पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल करने के मामले में अच्छी स्थिति में है। चालीस साल के राय 2010 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के भी सदस्य थे। उस विश्व कप का आयोजन भी शंघाई में हुआ था।

तीरंदाजी जैसे सटीक निशाने से जुड़े खेल में शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए खिलाड़ी को अपनी पूर्ण फिटनेस बरकरार रखनी होती है। पुणे स्थित सेना के जवान को पता था कि यह उनके लिए यह मौका 'अभी या कभी नहीं' जैसे है। राय ने फिटनेस हासिल करने के लिए अपनी जीवनशैली में कुछ कठोर बदलाव किया। उन्होंने तीरंदाजी की नियमित अभ्यास के साथ अपने आहार और शारीरिक कसरत पर ध्यान देना शुरू किया। उन्होंने अपने आहार में 60 प्रतिशत फलों को शामिल किया और जिम में अधिक समय देने लगे।

राय ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं जब आपकी उम्र बढ़ने लगती है तो मुख्य मांसपेशियां का लचीलापन और ताकत कम हो जाता है। अगर मैं शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में विफल रहा तो यह खिलाड़ी के तौर पर मेरे लिए शर्मनाक बात होगी। ऐसे मुझे किसी युवा खिलाड़ी के मुकाबले दोगुना प्रयास करना पड़ता है। राय ने पिछले साल एशियाई खेलों से चुकने के बाद दो महीने में 12 किलो वजन कम किया है। उन्होंने दो महीने के लंबे ट्रायल में अच्छे प्रदर्शन के साथ विश्व कप टीम में जगह बनायी। साल 2003 में विश्व चैम्पियनशिप से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज करने वाले राय ने कहा,''मैं इस समय बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, जैसे कि मैं अब तक की सबसे अच्छी स्थिति में हूं। मुझमें बच्चों जैसी ऊर्जा है जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

फिडे ने विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए बोली प्रक्रिया शुरू की, लगभग 80 करोड़ रुपये का बजट रखा

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) को अगर प्रतिभाशाली डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी करनी है तो उसे 80 करोड़ रुपये (9.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक खर्च करने होंगे। यह मुकाबला अस्थायी रूप से 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच निर्धारित है। शतरंज की वैश्विक नियामक संस्था फिडे ने शनिवार को बहुप्रतीक्षित मैच के लिए संभावित बोलीदाताओं से निविदाएं आमंत्रित कीं। एआईसीएफ के नवनिर्वाचित सचिव देव पटेल ने गुरुवार को ग्रैंड फिनाले की मेजबानी करने के लिए राष्ट्रीय निकाय की इच्छा व्यक्त की।



गुकेश की मौजूदगी के कारण एआईसीएफ इसमें दिलचस्पी ले रहा है। सत्रह साल के गुकेश सोमवार को टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बने हैं। संभावित बोली लगाने वाले के लिए फिडे द्वारा उल्लिखित बुनियादी मानदंड को पूरा करना होगा। इसमें वैश्विक निकाय के लिए 8.5 मिलियन डॉलर (लगभग 71 करोड़ रुपये) का बजट और 1.1 मिलियन डॉलर (लगभग नौ करोड़ रुपये) की सुविधा शुल्क है। टूर्नामेंट की अवधि 25 दिन की है। फिडे द्वारा प्रदान की जाने वाली कुल पुरस्कार राशि लगभग 2.5 मिलियन डॉलर (20 करोड़ रुपये से अधिक) है जो 2023 में पुरस्कार राशि दो मिलियन डॉलर (लगभग 17 करोड़ रुपये) से बढ़ा दी गई थी।

फिडे इस मामले में 31 मई तक कोई फैसला करेगा। पटेल ने इससे पहले पीटीआई से कहा था, हम शतरंज की शीर्ष संस्था फिडे के साथ चर्चा के लिए तैयार हैं और हमें यकीन है कि सर्वश्रेष्ठ विश्व चैंपियनशिप का आयोजन भारत में होगा।

भारतीय एथलीट खुद को दुनिया के शीर्ष एथलीटों से कम नहीं समझते : तूर

भारतीय के शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर का मानना है कि तोक्यो ओलंपिक में विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक से भारतीय खिलाड़ियों का 'विश्वास बढ़ा' है और वे खुद को 'शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं' समझते हैं।

दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तूर ने कहा कि चोपड़ा की उपलब्धि के बाद मानसिकता में आए बदलाव ने भारतीय एथलीटों को विश्वास दिलाया है कि वे पेरिस ओलंपिक में सिर्फ भाग लेने के लिए नहीं बल्कि जीतने के लक्ष्य के साथ जा रहे हैं। तूर ने शनिवार को यहां 'टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु' की पूर्व संध्या पर आयोजित एक पैनल चर्चा में कहा, तोक्यो ओलंपिक खेलों में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास

बढ़ा है। हम में से हर कोई इसमें केवल भाग लेने के लिए नहीं जा रहा है। हम पदक जीतने की मानसिकता के साथ वहां जा रहे हैं।''

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आज मानसिकता में बदलाव आया है। हम अपने आप को उन शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं समझते जिनके साथ हम प्रतिस्पर्धा करते हैं। विश्व चैंपियनशिप के नतीजों को देखें, हमारे पास नीरज और किशोर जेना पोडियम पर थे। हमारे पास डीपी मनु भी थे। वह इसी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचे थे। चर्चा में 27 बार के आईबीएसएफ विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी, शीर्ष निशानेबाज तेजस कृष्ण प्रसाद, स्क्वाश स्टार जोशना चिनप्पा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट और अर्जुन पुरस्कार विजेता अश्विनी नचप्पा भी शामिल थे।

हमेशा से बल्लेबाजों का खेल रहा है टी20, इस आईपीएल में एक कदम और आगे : पैट कमिंस

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टी20 प्रारूप हमेशा से बल्लेबाजों के अनुकूल रहा है और इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तो यह एक कदम और आगे चला गया है। सनराइजर्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को 78 रन से हराया। आईपीएल के इस सत्र में छह बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है और 200 रन बनाकर भी जीत की गारंटी नहीं है। इससे पहले आईपीएल के इतिहास में दो ही बार 250 से अधिक का स्कोर बना था। कमिंस ने मैच के बाद कहा टी20 हमेशा से बल्लेबाजों का खेल रहा है और इस सत्र में तो यह एक कदम आगे चला गया। हमारे पास गेंदबाजी के अधिक विकल्प नहीं है और आक्रामक बल्लेबाजी करके ही हम जीत सकते हैं।' चेन्नई से मिली हार पर उन्होंने कहा कोई एक कारण नहीं बताा जा सकता। कुछ भी हमारी योजना के अनुरूप नहीं रहा। हम लक्ष्य का पीछा कर सकते थे लेकिन कर नहीं सके। हमें इस पर काम करना होगा।

इरफान पठान का फूटा गुस्सा, कहा टीम इंडिया में सेलेक्शन आईपीएल से हो रहा, हमारे समय में घरेलू क्रिकेट से होता था

पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने आईपीएल की शुरुआत के बाद से भारतीय क्रिकेट परिदृश्य में हुए अहम बदलावों पर प्रकाश डाला है। 2003 में भारत के लिए डेब्यू करने वाले पठान के मुताबिक, आईपीएल से पहले, खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में जाने के लिए रणजी ट्रॉफी, दिलीप ट्रॉफी या अंडर 19 क्रिकेटर खेलकर टीम इंडिया तक पहुंचे थे। लेकिन आज एक आईपीएल सीजन के आधार पर भारतीय टीम में चयन हो रहा है।

180 नॉट आउट पॉडकास्ट पर बोलते हुए इरफान पठान ने अतीत और वर्तमान के बीच साफ अंतर पर जोर देते हुए कहा कि, हमारे दोर में अगर हमें बड़ौदा की तरफ से अगर रणजी ट्रॉफी खेलना होता तो एक ही तरीक था। उस समय

एक ही भारतीय टीम होती थी। कोई आईपीएल नहीं था। आपको रणजी, दिलीप ट्रॉफी खेलना था और टीम इंडिया में आने का सबसे अहम दरवाजा अंडर-19 ऐज ग्रुप क्रिकेट था। तब हमारा यही एक लक्ष्य होता था। लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। आप एक आईपीएल खेल सकते हैं, और भारतीय में प्रवेश पा सकते हैं।

इस बदलाव की वजह से नए खिलाड़ियों के लिए टीम इंडिया में आना पहले के मुकाबले आसान हो गया है। इरफान पठान ने अपना अनुभव साझा किया कि कैसे वो मल्टीपल फ्रैंक्चर होने के बाद भी रणजी ट्रॉफी और मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते थे ताकि उन्हें एक बार भारत की तरफ से खेलने का मौका मिल सके।

इरफान पठान ने आगे कहा कि, मैं उन्हीं फ्रैक्चर के साथ रणजी और मुश्ताक अली ट्रॉफी खेला। क्योंकि तब ऐसी मशीनें नही थीं, जो मामूली फ्रैक्चर को पता कर सकें। हम ऑस्ट्रेलिया गए और वहां पता चला कि मल्टीपल फ्रैक्चर हैं। मैं तब पेनकिलर खाकर खेलता था। क्योंकि मेरा एक ही सपना था कि किसी भी तरह भारत के लिए खेलूं।

वेलकम टू द जंगल में अक्षय कुमार के साथ शामिल हुए आफताब शिवदासानी, पोस्ट की अजीब तस्वीर

आफताब शिवदासानी 16 साल बाद वेलकम टू द जंगल में अक्षय कुमार के साथ फिर से नजर आए हैं। दोनों ने आखिरी बार आवारा पागल दीवाना में स्क्रीन स्पेस शेयर किया था। आफताब ने सुपरस्टार के साथ तब और अब की एक अजीब तस्वीर पोस्ट करके इसकी घोषणा की। आफताब शिवदासानी वेलकम टू द जंगल का हिस्सा हैं। अभिनेता उन कई सितारों में से एक है जो इस परियोजना का हिस्सा हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए अक्षय कुमार के साथ पहले और बाद की एक नासमझ तस्वीर पोस्ट की। आवारा पागल दीवाना के 16 साल बाद ये सितारे एक बार फिर साथ आए हैं।

फोटो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 16 साल के अंतराल पर ली गई पहली तस्वीर (2008 और 2024)। जैसा कि आप देख सकते हैं, कुछ भी नहीं बदला है। इस दीवाना को इस पागल जंगल में स्वागत करने के लिए आवारा को धन्यवाद।

वेलकम 3 की घोषणा पहली बार सितंबर 2023 में ए कैपेला के रूप में की गई थी। वेलकम 3, जिसका नाम वेलकम टू द जंगल है, वेलकम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। फिल्म में अक्षय कुमार, संजय दत्त, अरशद वारसी, दिशा पटानी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, परेश रावल हैं। श्रेयस तलपड़े, और कई अन्य। क्लिप में 24 कलाकार हैं।

वेलकम टू द जंगल का निर्देशन अहमद खान ने किया है। इस समूह का नेतृत्व अक्षय कुमार कर रहे हैं, जो अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए प्रसिद्ध हैं। उनके साथ संजय दत्त, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, मीका सिंह, राहुल देव, मुकेश सहित प्रतिभाओं का एक शानदार समूह शामिल है। तिवारी, शारिब हाशमी, इनामुलहक, जाकिर हुसैन, यशपाल शर्मा। रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज, दिशा पटानी और वृही कोडवारा जैसी अभिनेत्रियां आकर्षण बढ़ा रही हैं।

जियो स्टूडियोज और बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप वेलकम टू द जंगल प्रस्तुत करता है। यह ज्योति देशपांडे और फिरोज़ ए नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और अहमद खान द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म 20 दिसंबर 2024 को रिलीज होने वाली है।

करण जौहर के साथा काम करेंगे आयुष्मान खुराना, जासूसी कॉमेडी के लिए एक्टर ने भरी हामी : रिपोर्ट

रिपोर्टों के अनुसार, ड्रीम गर्ल 2 की सफलता के बाद, आयुष्मान खुराना 2024 में करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस के साथ अपने पहले उद्यम के लिए तैयारी कर रहे हैं। माना जाता है कि करण जौहर और गुनीत मोंगा द्वारा सह-निर्मित यह आगामी परियोजना,आयुष्मान की सिनेमाई यात्रा में एक रोमांचक नए अध्याय को चिह्नित करेगी। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, आगामी फिल्म, जिसका फिलहाल शीर्षक नहीं है, का निर्देशन आकाश कौशिक करेंगे। यह जासूसी कॉमेडी शैली को एक नया रूप देने का वादा करता है। सूत्रों के मुताबिक करण जौहर और गुनीत मोंगा दोनों ने स्क्रिप्ट को लेकर काफी उत्साह जताया है। उनका मानना है कि यह जासूसी और हास्य के बीच एक आदर्श संतुलन बनाता है, जिससे यह एक आकर्षक व्यावसायिक संभावना बन जाती है।

सूत्रों के मुताबिक करण और गुनीत इस विषय को लेकर बहुत उत्साहित हैं क्योंकि कॉमेडी के साथ

जासूसी तत्वों के सही मिश्रण के साथ स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से आकार दिया गया है। स्क्रिप्ट एक व्यावसायिक फिल्म के सभी मानकों को पूरा करती है क्योंकि इसमें बहुत अधिक कॉमेडी के साथ स्केल, रोमांच और एक्शन है, और करण, गुनीत और आकाश की तिकड़ी को लगता है कि आयुष्मान खुराना इस किरदार में फिट बैठते हैं। सूत्र ने आगे कहा, फिल्म कुछ महीनों में फ्लोर पर जाएगी और शीर्षक के साथ आधिकारिक घोषणा नजदीक है। निर्माता मुख्य भूमिका के लिए सारा अली खान के साथ चर्चा के अंतिम चरण में हैं। इस बीच, काम के मोर्चे पर, आयुष्मान खुराना को आखिरी बार ड्रीम गर्ल 2 में देखा गया था। राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में आयुष्मान ने अनन्या पांडे, अन्नू कपूर, परेश रावल, मनजोत सिंह सहित कई शानदार कलाकारों के साथ दोहरी भूमिका निभाई थी।

राक्षस में नजर आएंगे रणवीर सिंह, फिल्म में होगा नेगेटिव किरदार, जानें कब होगी रिलीज

साल 2024 रणवीर सिंह के लिए काफी अच्छा साबित हो रहा है। वह लगातार कई फिल्में साइन कर रहे हैं। अभिनेता के पास पहले से ही निर्देशक फरहान अखतर की बहुप्रतीक्षित फिल्म डॉन 3 है। इसके अलावा रणवीर के पास निर्देशक शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की मेगा बजट फिल्म सिंघम अगेन भी है। अब एक और फिल्म रणवीर सिंह ने साइन कर ली है। रणवीर अब निर्देशक प्रशांत वर्मा की फिल्म राक्षस में नजर आएंगे।

रणवीर अपनी फिल्मों के अपडेट को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रणवीर सिंह जल्द ही साउथ की फिल्मों में नजर आ सकते हैं। इसके लिए रणवीर ने पिछले साल रिलीज हुई फिल्म हनुमान के निर्देशक प्रशांत वर्मा से हाथ मिला लिया है। उनकी यह फिल्म काफी सुपर डुपर हिट हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रशांत अभिनेता के काम को काफी पसंद करते हैं। फिल्म राक्षस को लेकर प्रशांत और रणवीर

लगातार मुलाकात कर रहे थे। मीटिंग के दौरान प्रशांत ने रणवीर को फिल्म की कहानी सुनाई और वह उन्हें बेहद पसंद भी आई। रणवीर ने प्रशांत के साथ डील फाइनल कर ली है। फिलहाल, इस फिल्म का नाम राक्षस रखा गया है। फिल्म राक्षस में रणवीर के अलावा किसी स्टार को अप्रोच नहीं किया गया है। फिलहाल, यह फिल्म कब रिलीज होगी इस बात से भी पर्दा नहीं उठाया गया है। राक्षस को स्वतंत्रता पूर्व युग की पौराणिक पृष्ठभूमि पर आधारित एक पीरियड फिल्म बताया जा रहा है। फिल्म में रणवीर का किरदार नेगेटिव हो सकता है। आखिरी बार रणबीर को फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में देखा गया था। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट को जोड़ी को फैंस ने बहुत पसंद किया था। इस फिल्म के अलावा रणवीर निर्देशक आदित्य धर की अनाम फिल्म में भी नजर आएंगे। फिलहाल, इस फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। बहरहाल, रणवीर सिंह निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में नजर आएंगे। साथ ही रणवीर निर्देशक फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 की शूटिंग जल्द ही शुरू करेंगे

इन फिल्मों ने बदलकर रख दिया कैटरीना का करियर, बोलीं इन्हें मैं जिंदगी के कीमती पल कहूंगी

कैटरीना कैफ ने बॉलीवुड में अच्छी पहचान अर्जित की है। अपने दो दशक से अधिक के करियर में कैटरीना ने एक लंबी पारी खेली है और यह जारी है। उन्होंने फिल्म बूम से अभिनय का सफर शुरू किया था। इस साल वह श्रीराम राघवन की फिल्म मैरी क्रिसमस में नजर आई। कई फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री का मानना है कि कुछ फिल्में ऐसी रही हैं, जिन्होंने उनके करियर को एक नई दिशा दी है।

कैटरीना कैफ हाल ही में अपनी इस साल आई फिल्म मैरी क्रिसमस का जिक्र करती दिखीं। इस दौरान उन्होंने निर्देशक श्रीराम राघवन की जमकर तारीफ की। श्रीराम राघवन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी फिल्मों के किरदारों को जब आप स्क्रीन पर देखते हैं, तो उनमें एक वास्तविकता होती है। कैटरीना का कहना है कि उन्हें सिर्फ फिल्म मैरी क्रिसमस पर ही गर्व नहीं है, बल्कि ऐसी और भी कई फिल्में हैं, जिन्होंने उनके करियर की दिशा बदल दी।

कैटरीना ने कहा कि नमस्ते लंदन, वेलकम, सिंह इज किंग, न्यूयॉर्क, अजब प्रेम की गजब कहानी,राजनीति, जिंदगी ना मिले दोबारा जैसी कई फिल्में हैं, जिन्होंने उनका करियर बदल दिया। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं इन्हें सिर्फ फिल्म नहीं कहूंगी। ये मेरी जिंदगी के कुछ पल हैं। ये भावनाओं और अहसासों से पूरी तरह लबरेज हैं। इन फिल्मों को करते हुए सिर्फ एक किरदार को अदा करके घर जाने जैसा सफर नहीं रहा, बल्कि ये फिल्में उस दौरान मेरी जिंदगी का हिस्सा बन गईं। वे फिल्में, क्रू, वे पल...सबकुछ। कैटरीना ने कहा कि एक कलाकार के रूप में इन फिल्मों में काम करते हुए मेरे लिए वे अनोखे पल थे। कैटरीना का कहना है कि दर्शक उनके लिए हमेशा प्राथमिकता रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं हमेशा दर्शकों को पहले रखती हूं। अपने पूरे करियर में अपनी पसंद के हिसाब से रहने की पूरी कोशिश की है। अब मुझे लगता है कि मैं संतुलन बनाने की कोशिश करती हूं।

पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान ने अरिजीत सिंह की तारीफ की

पाकिस्तान की अभिनेत्री माहिरा खान इस सप्ताहांत दुबई में आयोजित हुए अरिजीत सिंह के एक कार्यक्रम में शामिल हुई थीं और उन्होंने कहा कि भारतीय गायक को खुशी में झूमते हुए गाता देख उन्हें प्रसन्नता हुई।

तुम ही हो, राब्ता और कबीरा जैसे मशहूर गानों के लिए लोकप्रियता पाने वाले अरिजीत ने रविवार को दुबई के कोका-कोला एरिना में आयोजित संगीत कार्यक्रम में 'लाइव' प्रस्तुति दी थी। माहिरा भी वहां मौजूद थीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शो का एक वीडियो साझा किया। उन्होंने वीडियो साझा करते हुए लिखा, किसी कलाकार को खुशी में झूमते हुए और प्यार से घिरे हुए प्रस्तुति देते हुए देखना कितना सुखद है। माहिरा ने कहा, लेकिन इससे भी अधिक, यह तब और सुंदर होता है जब आप एक कलाकार में विनम्रता देखते हैं..उन्हें भगवान का आशीर्वाद मिला है। धन्य रहें अरिजीत सिंह। वाह!

इससे पहले कार्यक्रम के दौरान

माहिरा को पहचान नहीं पाने पर माफी मांगने का अरिजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। अरिजीत सिंह ने कार्यक्रम के दौरान लोगों की भीड़ में माहिरा की 2017 में आई पहली बॉलीवुड फिल्म रईस का गाना जालिमा गाते हुए उन्हें देखा, लेकिन वह उन्हें पहचान नहीं पाए थे।

हालांकि बाद में जब वह पाकिस्तानी अभिनेत्री को पहचान गए तो उन्होंने उनका नाम पुकारा। अरिजीत ने मंच से कहा, आप लोग हैरान हो जाएंगे, क्या मैं बता दूं? क्या हम उनकी ओर कैमरा कर सकते हैं? मैं इन्हें पहचानने की कोशिश कर रहा था तभी मुझे याद आया कि मैंने इनके लिए गाना गाया था। देवियो और सज्जनो माहिरा खान मेरे ठीक सामने बैठी हैं। उन्होंने कहा, सोचिए मैं उनका ही 'जालिमा' गाना गा रहा था और वह यहीं खड़ी थीं, लेकिन मैं उन्हें पहचान नहीं सका। मुझे माफ कीजिए। आपका बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद।

जिसने गलती की उसे भुगतनी होगी सजा

पूर्व पीएम के पोते प्रज्वल पर यौन उत्पीड़न का आरोप, कुमारस्वामी ने दिया बयान

एजेंसी

शिवमोगा। जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब जद (एस) प्रमुख एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को उनके खिलाफ बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर विशेष जांच दल की जांच में आरोप साबित हो गए तो पार्टी निर्मम कार्रवाई करेगी। बता दें कि प्रज्वल रेवन्ना हासन से भाजपा-जद(एस) गठबंधन के उम्मीदवार हैं, जहां शुक्रवार को मतदान हुआ।

पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा सहित परिवार के अन्य सदस्यों का नाम विवाद में घसीटे जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है।

उन्होंने कहा एसआईटी का गठन किया गया है, अगर जांच में (अपराध) साबित होता है, तो जो भी इसमें शामिल होगा उसे सजा भुगतनी होगी, जिसने भी गलत किया है उसे देश के कानून के मुताबिक झुकना ही होगा। कुमारस्वामी ने कहा, हम पार्टी की ओर से भी निर्मम कार्रवाई करेंगे, उनका बचाव करने का कोई सवाल ही नहीं है।

कुमारस्वामी ने आगे कहा मैं कांग्रेस नेताओं से पूछना चाहता हूं कि इसमें परिवार को क्यों लाया जाए व्यक्ति के बारे में चर्चा करें। यहां एक व्यक्ति और उसके कार्यों का सवाल है, परिवार का नहीं। परिवार का नाम, देवेगौड़ा का नाम या कुमारस्वामी का नाम क्यों लाया जाए मैंने खुद कहा है कि जिसने भी गलती की है उसे सजा भुगतनी होगी। जानकारी के लिए बता दें कि 33 वर्षीय प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे हैं। हाल के दिनों में हासन में प्रज्वल रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर सैकड़ों महिलाओं का यौन शोषण करने वाले कई वीडियो क्लिप प्रसारित होने लगे थे। सांसद द्वारा सैकड़ों महिलाओं के कथित यौन शोषण की जांच के लिए सरकार ने एसआईटी का गठन किया है।

जेडीएस विधायक ने की प्रज्वल रेवन्ना को पार्टी से निष्कासित करने की मांग, अश्लील वीडियो से जुड़ा है मामला

कर्नाटक। लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में भूचाल आ गया है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और हसन लोकसभा सीट से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना कथित अश्लील वीडियो के मामेल में फंस गए हैं। कर्नाटक सरकार ने इस मामले की जांच को लेकर स्क्रूज का गठन किया है। जानकारी के अनुसार, प्रज्वल ने भारत छोड़ दिया है और वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट चले गए हैं। इस मामले को लेकर लगातार राजनीति तेज होती जा रही है। जेडीएस विधायक समृद्धि मंजूनाथ ने प्रज्वल रेवन्ना और उनके पिता एचडी रेवन्ना को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की है। उन्होंने लिखा, हसन के अश्लील वीडियो मीडिया में घूम रहे हैं, इससे पार्टी कार्यकर्ताओं को शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। राष्ट्रपति एचडी देवेगौड़ा और एचडी कुमारस्वामी को उचित निर्णय लेना चाहिए। उन्हें तय करना चाहिए कि 19 विधायक महत्वपूर्ण हैं या एचडी रेवन्ना या प्रज्वल महत्वपूर्ण हैं। पार्टी के सिद्धांतों को बचाने और हमें शर्मिंदगी से बचाने के लिए रेवन्ना और प्रज्वल को 24 घंटे के भीतर पार्टी से निष्कासित किया जाना चाहिए।

हमास के खिलाफ जंग के बीच एक बार फिर इजरायल ने की एयरस्ट्राइक, कई घरों के ऊपर दागीं मिसाइलें

युद्ध

फलिस्तीनी समूह हमास के नेताओं की मेजबानी करने की थी उम्मीद

एजेंसी

राफा। महीनों से चल रही हमास और इजरायल युद्ध बढ़ते दिन के साथ और भी गहराता जा रहा है। दोनों देशों के बीच चल रहे युद्ध में इजराइल ने एक बार फिर गाजा के रफा शहर पर हवाई हमला किया है। इस एयर स्ट्राइक में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि दक्षिणी गाजा के रफा शहर पर इजरायली हमलों में 13 लोग मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

हालांकि, हमास मीडिया आउटलेट्स ने मरने वालों की संख्या 15 बताई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि पट्टी के उत्तर में गाजा शहर में, इजरायली विमानों ने दो घरों पर हमला किया, जिसमें कई लोग मारे गए और घायल हो गए।

राफा पर हुए इस हमले (जहां दस लाख से अधिक लोग महीनों से चल रही इजरायली बमबारी के कारण शरण ले रहे हैं) से कुछ घंटे पहले मिस्र द्वारा इजरायल के साथ युद्धविराम समझौते की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए फलिस्तीनी समूह हमास के नेताओं की मेजबानी करने की उम्मीद थी। रविवार को, हमास के अधिकारियों ने कहा कि समूह के उप गाजा प्रमुख खलील अल-हया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल हमास द्वारा कतर और मिस्र के मध्यस्थों को सौंपे गए युद्धविराम प्रस्ताव के साथ-साथ इजरायल की प्रतिक्रिया पर चर्चा करेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा समर्थित मध्यस्थों ने एक समझौते को समाप्त करने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं क्योंकि इजरायल ने राफा पर आक्रमण करने की धमकी दी थी।

इजरायली आंकड़ों के अनुसार, युद्ध 7 अक्टूबर को हमास आतंकवादियों द्वारा इजरायल पर किए गए हमले के कारण शुरू हुआ था, जिसमें 1,200 लोग मारे गए थे और 253 बंधक बनाए गए थे।

क्विक न्यूज

लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा के एक और सांसद का हुआ निधन

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों के बीच भाजपा को एक बड़ा झटका लगा है। भाजपा के एक और सांसद का निधन हो गया है। दरअसल, कर्नाटक के चामराजनगर से भाजपा सांसद वी श्रीनिवास प्रसाद का रविवार की रात बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक, श्रीनिवास प्रसाद पिछले 4 दिनों से आईसीयू में थे। चामराजनगर सीट से 76 वर्ष की आयु के भाजपा सांसद वी श्रीनिवास प्रसाद की तबीयत बिगड़ गई थी और वह बीते 4 दिनों से बेंगलुरु के एक अस्पताल में आईसीयू में भर्ती थे। जानकारी के मुताबिक, उनका निधन मल्टी-ऑर्गन फेल्योर की वजह से हुआ है। वी श्रीनिवास चामराजनगर से 5 बार सांसद और नंजनगुड से 2 बार विधायक चुने गए थे। उन्होंने हाल ही में राजनीति से संन्यास लेने का भी ऐलान किया था। बीते 24 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की हाथरस लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद राजवीर दिलेर का हार्ट अटैक से निधन हो गया था।

ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

नई दिल्ली। संदेशखाली मामले में सुप्रीम कोर्ट से पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को कोई राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि संदेशखाली केस में सीबीआई जांच जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की है कि 'राज्य सरकार किसी व्यक्ति के हित की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख कैसे कर सकती है। गर्मियों की छुट्टियों के बाद अदालत इस मामले की सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। दरअसल कलकत्ता हाई कोर्ट ने ममता सरकार को जोरदार झटका देते हुए संदेशखाली केस की सीबीआई जांच करने का फैसला सुनाया था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखाली कांड की सीबीआई जांच के आदेश दिए थे और कहा था जांच की निगरानी खुद कलकत्ता हाईकोर्ट करेगी।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जमानत अर्जी

एजेंसी

रांची। सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद झारखंड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उनकी याचिका पर सोमवार को हुई सुनवाई और बहस के बाद अदालत ने उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया। पूजा सिंघल को झारखंड के खूंटी में मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके पहले एजेंसी ने उनके आवास सहित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के आवास से 20 करोड़ रुपए नकद बरामद किए थे। जेल भेजे जाने के बाद झारखंड सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। कोर्ट ने उन्हें पुत्री के इलाज के लिए कुछ दिनों के लिए जमानत दी थी, लेकिन बाद में उन्हें फिर सरेंडर करने का आदेश दिया गया था। इसके बाद सिंघल ने 12 अप्रैल 2023 को रांची ईडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था। तब से वह रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं। मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनके पति अभिषेक झा भी आरोपी हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट से उन्हें अग्रिम जमानत मिली हुई है। पूजा सिंघल ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए जमानत की गुहार लगाई थी। उनके वकील ने दलील दी थी कि पूजा सिंघल 585 दिनों से जेल में बंद हैं। ईडी ने उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। उनका स्वास्थ्य लगातार खराब चल रहा है। इसलिए उन्हें जमानत दी जाए।

लोकसभा चुनाव के छठें चरण में 57 सीटों के लिए अधिसूचना जारी, मतदान 25 मई को

एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने छह राज्यों एवं केन्द्र शासित दिल्ली में कुल 57 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की। आम चुनाव के छठें चरण में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सात , हरियाणा की दस , उत्तर प्रदेश की 14 , बिहार की आठ , झारखंड की चार , ओड़िशा की छह और पश्चिम बंगाल की आठ सीटों पर 25 मई को मतदान कराया जाएगा।

अधिसूचना के अनुसार इन सीटों पर नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि छह मई है। नामांकन पत्रों की जांच सात मई को की जाएगी और नाम नौ मई तक वापस लिए जा सकेंगे। लोकसभा चुनाव के छठें चरण में दिल्ली की चांदनी चौक , उत्तर पूर्वी दिल्ली , पूर्वी दिल्ली , नयी दिल्ली , उत्तर पश्चिम दिल्ली , (अजा) , पश्चिम दिल्ली और दक्षिण दिल्ली , हरियाणा में अंबाला (अजा) , कुरुक्षेत्र , सिरसा (अजा) , हिसार , करनाल , सोनीपत , रोहतक , भिवानी-महेन्द्रगढ़ , गुडगांव एवं फरीदाबाद , उत्तर प्रदेश में सुल्तानपुर , प्रतापगढ , फूलपुर , इलाहाबाद , अंबेडकरनगर , श्रावस्ती , डुमरियागंज , बस्ती , संतकबीरनगर , लालगंज (अजा) आजमगढ़ , जौनपुर , मछलीशहर (अजा) और भदोही , बिहार में बालमिकी नगर , पश्चिम चंपारण , पूर्वी चंपारण , शिवहर , वैशाली , गोपालगंज (अजा) , सिवान और महाराजगंज , झारखंड में गिरडीह , धनबाद , रांची और जमशेदपुर , ओड़िशा में सम्बलपुर , क्योंझर ,(अजजा) , धेन्कानल , कटक , पुरी और भुवनेश्वर तथा पश्चिम बंगाल में तामलुक , कांथी , घाटल , झांडग्राम (अजजा) मेंदिनपुर , पुरुलिया , बंकुरा , बिशनुपुर (अजा) निर्वाचन क्षेत्रों में 25 मई को मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे के बीच कराये जायेंगे। बिहार और झारखंड के कुछ मतदान केन्द्रों पर स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार मतदान शाम को चार या पांच बजे तक ही कराया जाएगा। कुल सात चरणों में कराए जा रहे लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को कराई जाएगी।

बालकनी की प्लास्टिक शीट पर लटका हुआ था बच्चा, लोगों ने अनोखे तरीके से मासूम की बचाई जान

चौकसी

जब यह घटना हुई तब मां बच्ची को पीला रही थी दूध

एजेंसी

चेन्नई। चेन्नई से सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि अवाडी इलाके के एक अपार्टमेंट परिसर के तल पर एक आठ महीने का बच्चा बालकनी में गिर गया। अपार्टमेंट के सभी निवासी परिसर में एक साथ आकर बच्चे को बचाने की कोशिश करते हैं और काफी मसक्कत के बाद बच्चे को बचा लिया गया।

वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि अपार्टमेंट के भयभीत निवासी मदद के लिए चिल्ला रहे हैं क्योंकि तीन लोग बच्चे को पकड़ने के लिए पहली मंजिल की खिड़की से चढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। लोगों का एक समूह उसे पकड़ने के लिए खिड़की के ठीक नीचे भूतल पर एक चादर खुली करके खड़े हैं ताकि वह गिर न जाए। सभी लोगों ने बच्चे को चोट न लग जाए इसकी वजह से बेडशीट के नीचे एक गद्दा रखा था। अवाडी के पुलिस आयुक्त शंकर ने इस मामले पर बताया कि यह घटना अवाडी के एक आवासीय समुदाय वीजीएन स्टैफ़ोर्ड में हुई, जब बच्ची गिर गई जब उसकी मां रम्या उसे बालकनी पर दूध पिला रही थी। उन्होंने कहा, जब मां उसे दूध पिला रही थी तो वह गिर गई। वीडियो और रेस्क्यू वास्तविक है। हमें कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। बच्ची ठीक है।

पहले इंश्योरेंस के लिए पत्नी को उतारा मौत के घाट, फिर उसी पैसे से खरीदी प्लेज़र डॉल

एजेंसी

अमेरिका। अमेरिका के कैनसस सिटी से एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी को सिर्फ इसलिए मौत के घाट उतार दिया क्योंकि उसकी पत्नी के पास करोड़ों रुपए का इंश्योरेंस था। पति की नजर पत्नी के बीमा के करोड़ों रुपए के बीमा पर थी। पत्नी को मौत दे सनकी शख्स ने उसके लाइफ इंश्योरेंस के पैसों से प्लेज़र डॉल खरीद डाली।

पत्नी के मौत बाद उसको लाइफ इंश्योरेंस के करोड़ रुपए मिल गए।रिपोर्ट के मुताबिक उसकी पत्नी के पास दो लाइफ इंश्योरेंस थे जोकि एक करोड़ से अधिक राशि के थे। पत्नी के मौत के बाद इंश्योरेंस के पैसे पति को मिल गए। बीमा के सारे पैसों से पति कोल्बी ट्रिकल ने खूब मौज मस्ती की और सारे पैसों को अय्याशी में उड़ाई।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, घटना की शुरुआत 2019 में तब हुई जब कोल्बी ट्रिकल नाम के व्यक्ति ने 911 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी कि उसकी 26 वर्षीय पत्नी क्रिस्टन ट्रिकल ने कैनसस स्थित अपने घर में खुद को गोली मार ली है। हालांकि जांच के दौरान पुलिस अधिकारियों को संदेह हुआ कि मामला हत्या से जुड़ा हो सकता है लेकिन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हो गई कि क्रिस्टन की मौत गोली चलने की वजह से ही हुई है।

हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रिस्टन की मृत्यु के तीन दिन बाद, कोरोनर डॉ. लाइल नोर्डहॉक ने पुष्टि की कि यह एक आत्महत्या थी।अब, सालों बाद एक रिपोर्ट से पता चला है कि मिस्टर ट्रिकल ने अपनी पत्नी के लिए दो जीवन बीमा पॉलिसियों पर कुल .120,000 से अधिक नकद उड़ा दिए।

सीपीएस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, जांचकर्ताओं को यह भी पता लगा कि बीमा पॉलिसी की रकम आने के महज दो दिन के भीतर ही उसने अपने लिए एक डॉल खरीदी। इसके अलावा उसने बीमा पॉलिसी से प्राप्त रकम को अपना कर्ज चुकाने और मौज-मस्ती के लिए यूज किया। कोल्बी ने डॉल के लिए 2,000 डॉलर (1.66 लाख रुपए) खर्च किए। डॉल के बारे में सुनकर क्रिस्टन ट्रिकल की चाची डेलिन राइस ने कहा, मैं बस इस बात से हैरान थी कि वह क्रिस्टन के जीवन बीमा के पैसे का इस्तेमाल एक डॉल के लिए करेगा। यह बिल्कुल वैसा ही था जैसे उसने उसके पैसे से उसका प्रतिस्थापन खरीद लिया हो।

पाकिस्तान में किडनैप जज की हुई रिहाई

पेशावर। खैबर पख्तूनख्वा सरकार के प्रवक्ता बैरिस्टर सैफ ने सोमवार सुबह बताया कि देश के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद लोगों द्वारा अपहरण किए गए एक जिला और सत्र न्यायाधीश को कैद से रिहा कर दिया गया है। जज को 27 अप्रैल को अफगानिस्तान की सीमा से लगे टैंक और डेरा इस्माइल (डीआई) खान जिले के पास किडनैप कर लिया गया था। जज के ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा था। मौके से गाड़ी भी बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि सेशन जज को बिना शर्त कैद से रिहा कर दिया गया है। केपीके पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग ने कहा कि वह सुरक्षित और स्वस्थ घर पहुंच गए हैं। बैरिस्टर सैफ ने कहा कि केपीके सरकार सुरक्षा बलों के साथ मिलकर आतंकवाद से सफलतापूर्वक लड़ रही है। एक दिन पहले पुलिस ने कहा था कि जज के अपहरण की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है।

बाइडन और नेतन्याहू के बीच फोन पर हुई लंबी बातचीत, क्या गाजा में लगेगा युद्ध विराम?

एजेंसी

तेल अवीव। व्हाइट हाउस ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ फिर से फोन पर बात की है, क्योंकि इजरायल और हमास पर एक समझौते पर पहुंचने का दबाव बढ़ रहा है, जो कुछ इजरायली बंधकों को मुक्त करेगा और गाजा में लगभग सात महीने से चल रहे युद्ध पर संघर्ष विराम लगाएगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने अपना साफ रुख दोहराया है, क्योंकि वैश्विक चिंता के बावजूद इजरायल ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर वहां शरण लिए हुए 1 मिलियन से अधिक फिलिस्तीनियों के मौजूद होने पर भी आक्रमण करने की योजना बनाई है।

अमेरिका मानवीय आधार पर आक्रमण का विरोध करता है, जिससे सहयोगियों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सोमवार को मध्य पूर्व लौटते समय जिन देशों का दौरा करेंगे उनमें इजरायल भी शामिल है। बयान के अनुसार, बाइडन ने इस बात पर भी जोर दिया कि गाजा को मानवीय सहायता निरंतर और बढ़ाई जाएगी।

कॉल एक घंटे से भी कम समय तक चला और वे इस बात पर सहमत हुए कि बातचीत में नवीनतम प्रस्ताव को स्वीकार करने की जिम्मेदारी हमास पर बनी हुई है, एक अमेरिकी अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नेतन्याहू के कार्यालय से कोई टिप्पणी नहीं आई। इस बीच, प्रमुख मध्यस्थ कतर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इजरायल और हमास से बातचीत में अधिक प्रतिबद्धता और अधिक गंभीरता दिखाने का आग्रह किया। दोहा में हमास के मुख्यालय की मेजबानी करने वाले कतर ने नवंबर में युद्ध को कुछ समय रोकने के लिए बातचीत में मदद करने में अमेरिका और मिस्र के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसके बाद दर्जनों बंधकों को रिहा किया गया था, लेकिन हताशा का संकेत देते हुए कतर ने इस महीने कहा कि वह अपनी भूमिका का पुनर्मूल्यांकन कर रहा है।

बातचीत में नवीनतम प्रस्तावों पर चर्चा के लिए आने वाले दिनों में एक इजरायली प्रतिनिधिमंडल के मिस्र में आने की उम्मीद है और हमास के वरिष्ठ अधिकारी बसेम नईम ने एसोसिएटेड प्रेस को एक संदेश में कहा कि उग्रवादी समूह का एक प्रतिनिधिमंडल भी काहिरा जाएगा।

सिंगापुर, फिलीपींस सहित कई देशों में चिलचिलाती गर्मी का कहर

थाईलैंड में लू लगने से अब तक 30 लोगों की मौत

एजेंसी

मनीला। दुनिया के कई हिस्सों में भीषण गर्मी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। कई देश भीषण लू और गर्मी की चपेट में हैं, जिसके कारण स्कूलों को बंद कर दिया गया है और स्वास्थ्य अलर्ट जारी किया गया है। समाचार एजेंसी रायटर के मुताबिक, दक्षिण पूर्व एशिया में अधिकारियों ने भीषण लू और गर्मी के लिए स्वास्थ्य अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं, भीषण गर्मी के कारण फिलीपींस के शिक्षा मंत्रालय ने रविवार को दो दिनों के लिए स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। देश में अगले तीन दिनों में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। थाईलैंड और बैंकॉक में भी तापमान के 40 डिग्री से अधिक होने का अनुमान है। थाईलैंड के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले माह से लेकर अब तक लू लगने से 30 लोगों की मौत हो गई है। इधर, मलेशिया के मौसम विभाग ने रविवार को अलग-अलग 16 इलाकों के लिए गर्म मौसम की चेतावनी जारी की। इन सभी क्षेत्रों में लगातार तीन दिनों तक तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 13 अप्रैल तक देश में गर्मी से संबंधित बीमारियों के कुल 45 मामले सामने आए है। मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि भीषण गर्मी और लू लगने से दो लोगों की मौत भी हो गई है।

सिंगापुर में मौसम तेजी से बदल रहा है। मौसम विभाग ने देश में तापमान के पिछले साल की तुलना में अधिक बढ़ने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने बताया कि सिंगापुर का सबसे गर्म दिन पिछले साल 13 मई को दर्ज किया गया था। इस दौरान अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

.....फिर विवादों में घिरे जस्टिन ट्रूडो.....

कनाडा पीएम के सामने लगे खालिस्तान समर्थक नारे

एजेंसी

ओटावा। भारत-कनाडा के संबंधों में बीते दिनों पहले बढ़े तनाव के बाद एक बार फिर वहां से निराश करने वाली खबर सामने आई है, जिसमें पीएम जस्टिन ट्रूडो के सामने खालिस्तान समर्थक नारे लगे। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उनके सामने भारत विरोधी नारे लगाए जा रहे हैं और वे मुस्कुरा रहे हैं। हालांकि, जागरण उस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

दरअसल, जैसे ही कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जब टोरंटो में सिख समुदाय को संबोधित करने के लिए आगे बढ़े तो भीड़ में से खालिस्तान के समर्थन में जोरदार नारे लगाए गए।

इस दौरान ट्रूडो ने देश में सिख समुदाय को आश्वासन देते हुए कहा है कि सरकार हर कीमत पर उनके अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए हमेशा मौजूद है। उन्होंने कहा कि विविधता कनाडा की सबसे बड़ी शक्तियों में से एक है और देश मतभेदों के बावजूद नहीं, बल्कि उन मतभेदों के कारण मजबूत है।

कनाडा की सबसे बड़ी शक्तियों में से एक इसकी विविधता है। हम अपने मतभेदों के बावजूद नहीं, बल्कि अपने मतभेदों के कारण मजबूत हैं; लेकिन जब हम इन मतभेदों को देखते हैं, तो हमें याद रखना होगा और इस तरह के दिनों में ही नहीं हर दिन याद दिलाना होगा सिखों के मूल्य कनाडा के मूल्य हैं।

इस देश भर में सिख विरासत के लगभग 800,000 कनाडाई लोगों के लिए हम आपके अधिकारों और आपकी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए हमेशा मौजूद रहेंगे और हम हमेशा नफरत और भेदभाव के खिलाफ आपके समुदाय की रक्षा करेंगे। कनाडाई पीएम ने यह भी कहा कि देश सामुदायिक केंद्रों और गुरुद्वारों सहित पूजा स्थलों पर अधिक सुरक्षा जोड़कर सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के कार्यक्रमों को बढ़ा रहा है। स्वतंत्र रूप से और बिना किसी डर के अपने धर्म का पालन करने का आपका अधिकार बिल्कुल यही है। अधिकारों और स्वतंत्रता के कनाडाई चार्टर में गारंटीकृत एक मौलिक अधिकार है जिसके लिए हम हमेशा खड़े रहेंगे और आपकी रक्षा करेंगे। हालाँकि, जब ट्रूडो बोल रहे थे तो बैकग्राउंड में खालिस्तान समर्थक कई नारे भी सुनाई दे रहे थे।

मुझे पता है कि आप में से कई लोगों के पास ऐसे प्रियजन हैं जिन्हें आप अक्सर देखना चाहते हैं, यही कारण है कि हमारी सरकार ने हमारे देशों के बीच अधिक उड़ानें और अधिक मार्ग जोड़ने के लिए भारत के साथ एक नए समझौते पर बातचीत की है और हम अमृतसर सहित और भी अधिक उड़ानें जोड़ने के लिए अपने समकक्षों के साथ काम करना जारी रखेंगे।

शहर के सबसे बड़े वार्षिक समारोहों में से एक के लिए रविवार को हजारों लोग टोरंटो शहर में उमड़ पड़े।ओंटारियो सिख और गुरुद्वारा काउंसिल (ओएसजीसी) का कहना है कि वैसाखी, जिसे खालसा दिवस भी कहा जाता है, 1699 में सिख समुदाय की स्थापना के साथ-साथ सिख नव वर्ष की याद दिलाता है। मूह कई वर्षों से लेक शोर बुलेवार्ड के नीचे एक वार्षिक परेड का आयोजन करता रहा है।

सीबीसी न्यूज के अनुसार, परिषद का दावा है कि यह देश की तीसरी सबसे बड़ी परेड है और इसमें नियमित रूप से हजारों दर्शक आते हैं। ट्रूडो की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब भारत और कनाडा के बीच राजनयिक संबंध कठिन दौर से गुजर रहे हैं।

श्रीकला ने फैलाया आँचल, मिलने लगा आशीर्वाद

हिन्दी से भोजपुरी में बोलकर आँचल फैलाया तो सैकड़ों हाथ आशीर्वाद देने को उनके सिर पर आ गए

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। सोमवार 29 अप्रैल से जहाँ संसदीय क्षेत्र जौनपुर के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई वहीं चुनावी रण में चण्डी का रूप लेकर उतरीं श्रीकला धनंजय सिंह का भ्रमण आज शाहगंज विधान सभा क्षेत्र में रहा। यहाँ उन्होंने कुल 19 गावों, कस्बों और मोहल्लों में महिलाओं के साथ मिलकर धूम मचा दी।

श्रीकला ने सोमवार की सुबह से देर शाम तक सुरापुर से रुदौली, अरसीयां, करीमपुर बिन्द और एरकियाना मोल्ल्लों तक मौजूद महिलाओं, युवतियों, युवकों आदि से पूछ, हमका पहिचनात् हाउ, हमहीं बानी धनंजय सिंह के मेहरारू, इतना सुनते ही लोग नारे लगाने लगे। रोका और कहा की आपके बेटे धनंजय को न्याय आपके वोट से मिलेगा। बहन मायावती ने मुझे आपके पास भेजा है। चुनाव चिन्ह आप सबके मालूम बा, इसपर नारे लगते रहे हाथी। सोमवार को श्रीकला अपनी सास यानी पूर्व सांसद धनंजय सिंह की माता श्रीमती स्व. लालती देवी के रूप में नज़र आई। 22 साल बाद 2024 के संसदीय चुनाव में श्रीकला ने उसी तरह आँचल फैलाकर लोगों से मंगल सूत्र की रक्षा के लिए लोगों से गुहार लगाई जिस तरह वर्ष 2002 में विधान सभा चुनाव में माता लालती नज़र आई थीं। उन्होंने खुले शब्दों में कहा कि मेरी बढ़ती जीत और खुद की हार से विचलित सत्ताधारी दल के लोग बस आपके बेटे को फांसने में लगे हैं। हम तो जाति, धर्म के बंधन को दर किनार करके आपके बीच खड़ी हूँ। अब मेरे मंगल सूत्र की रक्षा का फैसला आपकी अदालत में है। आशीर्वाद मिला तो हम विकास के नए आयाम गढ़ेंगे। श्रीकला के आँचल फैलाते ही बुजुर्ग महिलाओं के हाथ उनके सिर पर नज़र आते रहे। यह सिलसिला देर शाम तक उनके साथ कायम रहा।

अलग-अलग जगहों पर शव मिलने से हड़कम्प

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर(सुजानगंज)। स्थानीय क्षेत्र के उमरपुर गांव में पावर हाउस के पास उमरपुर निवासी आशापाल पुत्र महंथ लाल 40 वर्ष का शव घर से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर मिला। सुबह सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए जाम करने लगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरपुर निवासी आशापाल घर से ही कुछ दूर स्थित एक गिट्टी बालू के दुकान पर काम करके अपने परिवार का निर्वाह करता था।

प्रतिदिन की भांति रविवार की रात को तकरीबन 8 बजे वह दुकान से काम करके अपने पड़ोसी के साथ घर गया। और घर से ही कुछ देर बाद अपने एक अन्य पड़ोसी के साथ किसी काम से सुजानगंज की तरफ गया। वापस आकर भोजन करके अन्य परिजनों के साथ सो गया। रात में न जाने कब घर से बाहर चला गया। सुबह उसी दुकान के पास जहा वह काम करता था, उसकी शव मिला जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा परिजनों को दे दी गई।

मौके पर पहुंचे परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए जाम कर दिये। सूचना पाते ही थाना अध्यक्ष सुजानगंज मौके पर पहुंचे लोगों को समझाने का प्रयास किया जहां समाचार लिखते तक मौके पर क्षेत्र अधिकारी बदलापुर भी पहुंचकर परिजनों को कार्यवाही का भरोसा दिलाया। वहीं शिवरिहा गांव में एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। उक्त ग्रामसभा निवासी रीता पाल 37 वर्ष पत्नी सुनील पाल शनिवार के भोर से गायब हो गयी थी जिनका परिजनों ने काफी खोजबीन किया सोमवार के दोपहर कुछ ग्रामीणों द्वारा कुएं के पास जाने पर लाश दिखाई पड़ा परिजनों के साथ पुलिस को सूचना पर पहुंचे अपने सहयोगियों के साथ थानाध्यक्ष महेश पाल सिंह ने कुएं से शव निकलवाकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु शव को जिला अस्पताल भेजा दिया। दोनों मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष सुजानगंज ने बताया कि दोनों मामलो में मृतक के परिजनों द्वारा अज्ञात के खिलाफ प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसके आधार पर जांच चल रही है।

महापौर ने पार्षदों को सौंपे बूथों के 20 सूत्रीय कार्यक्रम

प्रयागराज। आज शिशु संगम कीडगंज में बैठक कर वहां पर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने पार्षदों को बूथों के 20 सूत्रीय कार्यक्रम सौंपे। भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने बताया कि मुख्य अतिथि महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने पार्षदों को आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्षदों को बूथों के 20 सूत्रीय कार्यक्रम एक बैठक करके सौंपे। महापौर ने कहा कि यह चुनाव हम सभी कार्यकर्ताओं का चुनाव है। हृदय बड़ा करके कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में लगना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानेश्वर शुक्ला विधानसभा संयोजक ने की। लोकसभा विस्तारक प्रिंस गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरी शंकर प्रभाकर (गिरी बाबा), राजन शुक्ला जिला मंत्री, गिरिजेश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, विवेक अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद जायसवाल (मोदी) जिला उपाध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज मिश्रा, पार्षद किरण जायसवाल, पार्षद सुनीता चोपड़ा आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

राजेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में हुई कोर कमेटी की बैठक

प्रयागराज। लोकसभा इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के विधानसभा 263 शहर दक्षिणी के चुनाव प्रबंधन समिति कोर कमेटी की बैठक आज हीवेट रोड स्थित केंद्रीय कार्यालय शहर दक्षिणी विधानसभा में संपन्न हुई। भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, विशिष्ट अतिथि लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल, लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल, लोकसभा विस्तारक प्रिंस गुप्ता उपस्थिति में हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल (मोदी), महानगर उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल, राजन शुक्ला, गृजेश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष , बृजेश मिश्रा, अनिल केसरवानी, सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं प्रभारी शामिल रहे।

पीयू के दो शिक्षक आईआईटी में शोध अध्येता हेतु चयनित

अवधनामा संवाददाता

- आई आई टी दिल्ली में 2 माह तक करेंगे शोध

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर को दो शिक्षकों का चयन आई आई टी दिल्ली में शोध अध्येता के लिए हुआ है। इसके अंतर्गत परिसर स्थित रज्जू भइया संस्थान के भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग के शिक्षक डा. श्याम कन्हैया आई आई टी दिल्ली के एटमास्फेरिक साइंस विभाग की डा. यामा दीक्षित के साथ शोध कार्य करेंगे तथा गणित विभाग के सौरभ कुमार सिंह आई आई टी दिल्ली में गणित विभाग के प्रो. विप्लव बसक के साथ शोध कार्य करेंगे। उक्त शोध अध्ययन की अवधि दो माह की होगी जिसमें वह अपने विषय से संबंधित शोध करेंगे। इस फेलोशिप प्रोग्राम में देश भर से 147 लोगों का चयन हुआ है जो विज्ञान की विभिन्न विधाओं पर शोध करेंगे।

कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा है कि यह विश्वविद्यालय के शिक्षकों में शोध की गुणवत्ता एवं अनुसन्धान के प्रति गहरे लगाव को प्रदर्शित करता है. वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षक आज अपने शोध कार्यो के चलते अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे है. रज्जू भइया संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. मनोज मिश्र, विभागाध्यक्ष डा. नीरज अवस्थी, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर सहित समस्त शिक्षकों ने बधाई दी है।

मछली शहर व जौनपुर के भाजपा प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए 74-मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामांकन के प्रथम दिन बीजेपी प्रत्याशी भोलानाथ सरोज (बीपी सरोज) के द्वारा 03 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री कृपा शंकर सिंह के द्वारा 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु 04 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु भारत निर्वाचन आयोग हिंदू महासभा पार्टी से प्रत्याशी मंगलेश्वर त्रिपाठी द्वारा दो सेट में, हिंदुस्तान जनता पार्टी के प्रत्याशी राकेश अरोड़ा के द्वारा दो सेट में, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा के द्वारा एक सेट में, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी बदरे आलम के द्वारा दो सेट में, सपा प्रत्याशी शिव कन्या कुशवाहा के द्वारा दो सेट में, भागीदारी पार्टी के प्रत्याशी जियालाल प्रजापति के द्वारा एक सेट में राष्ट्रीय क्रांति पार्टी लाल साहब यादव के द्वारा 01 सेट में, बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी श्री कला सिंह के द्वारा दो सेट में, गांधियन पीपल पार्टी के प्रत्याशी यशवंत गुप्ता के द्वारा दो सेट, समाज विकास पार्टी के प्रत्याशी अशोक सिंह ने 01 सेट में पर्चा लिया गया है। 74-मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु पलकधारी पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक द्वारा दो सेट में, बृजेश कुमार पृथ्वीराज जनशक्ति पार्टी द्वारा दो सेट में, दीपचंद राम निर्दलीय चार सेट में, श्रवण कुमार राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी द्वारा एक सेट में, कैलाश नाथ पाल बहुजन समाज पार्टी द्वारा दो सेट में, सुभाष निर्दलीय दो सेट में, इंदु प्रकाश सिंह समाजवादी पार्टी द्वारा तीन सेट में, राजकुमार वर्मा सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी द्वारा दो सेट में, बृजेश कुमार सरोज प्रबुद्धवादी बहुजन मोर्चा द्वारा दो सेट में पर्चा लिया गया।

व्यय प्रेक्षक द्वारा प्रभारी अधिकारियों के साथ की गई बैठक

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु नामित व्यय परीक्षक 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मुंडे राजेश बालाजी राव एवं 74- मछली शहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामित व्यय प्रेक्षक कृष्ण कुमार पी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की गई।बैठक में प्रेक्षकगणों ने एफएसटी, एसएसटी, उड़नदस्ता टीम, वीएसटी, सी विजिल आदि के संदर्भ में जानकारी लेते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने के निर्देश दिए। प्रेक्षक कृष्ण कुमार पी ने कहा कि हम सभी को गौरवान्वित महसूस करना चाहिए कि हम इस लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बन रहे हैं हम सभी को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य कर चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। प्रेक्षक मुंडे राजेश बालाजी राव ने समस्त उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग के निर्देशानुसार कार्य करें जिससे बिना किसी व्यवधान के हम इस चुनाव को सकुशल संपन्न करा सके। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राम अक्षयबर चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रजक्ता त्रिपाठी वरिष्ठ कोषाधिकारी उमाशंकर, सहित अन्य उपस्थित रहे।

संस्कारवान शिक्षा आवश्यक: रमेश मिश्र

- जे0पी0 इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (सुजानगंज) समाज में शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान है। विद्यालयों के माध्यम से बच्चे शिक्षा तो ग्रहण करते हैं साथ ही साथ संस्कारवान भी बनते हैं। उनके अंदर देश, समाज, माता-पिता के प्रति कुछ कर गुजरने का हौसला बढ़ता है। उक्त बातें बदलापुर के विधायक रमेश मिश्र ने जे0पी0 इंटरनेशनल स्कूल सुजानगंज में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया गया। बच्चों के द्वारा शिक्षा, बाल मजदूरी, वृद्धाश्रम, भगवान राम के संकीर्तन, पिरामिड आदि जैसे अनेक सुंदर कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के द्वारा विद्यालय के प्रतिभावान बच्चों को सीबीएसई जिला कोऑर्डिनेटर रुचि शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया। बच्चों के कार्यक्रम से अभिभूत होकर जिला कोऑर्डिनेटर रुचि शर्मा ने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। वहां पर जिले के उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों को विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 जयप्रकाश तिवारी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुजानगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख कमला शंकर मिश्र ने अंग वस्त्रम् प्रदान कर स्वागत किया। वक्ताओं के क्रम में वाराणसी के पूर्व एमएलसी प्रमोद कुमार मिश्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक प्रभात जी एवं भाजपा नेत्री अर्चना शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त कर अभिभावकों एवं बच्चों का उत्साहवर्धन किया। आए हुए अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 जयप्रकाश तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा तान्या गुप्ता,अंशी गुप्ता, अंशिका सिंह, प्रिया यादव, शिवांश ने किया। आए हुए अतिथियों का आभार विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति सिंह ने किया। इस अवसर पर समस्त अभिभावक बच्चों के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोगों में भोलानाथ मिश्र, लाल बिहारी तिवारी, संतोष तिवारी, इंदु प्रकाश, मंगलागिरी, अखिल मिश्रा, संतोष द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

कांग्रेस सांस्कृतिक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष बने अंकित

प्रयागराज। लोक सभा चुनाव के मद्देनजर संगठन की मजबूती पर जोर देने पर जुटी कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा के साथ भारत की सांस्कृतिक व साहित्यिक समृद्धि के लिए इलाहाबाद के युवा रंगकर्मी व अधिवक्ता अंकित सिंह यादव को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अंकित सिंह यादव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष हीरा लाल यादव के पुत्र है और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय राम नरेश यादव के पारिवारिक सदस्य भी है। अंकित सिंह यादव गांधी व नेहरू की विचार धारा से प्रेरित रहे है। पिछले दो दशक से ज़्यादा वक्त से सक्रिय रंगमंच से जुड़े हुए हैं। साथ ही महात्मा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र प्रयागराज में डॉ विधु खरे दास के सानिध्य में रंगमंच एवं फ़िल्म अध्ययन में परास्नातक किया है।

अतीक के गैंग के सदस्यों पर ईडी की नजर

अवधनामा संवाददाता

- एक विधायक व दो पूर्व विधायक सहित 31 लोगों के नाम शामिल
- प्रयागराज और कौशांबी के नेता रडार पर

प्रयागराज। उमेश पाल हत्याकांड के बाद माफिया अतीक अहमद और उसके गैंग आईएस- 227 के सदस्यों पर ईडी क़ी नजर पड़ चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय ने गैंग के सदस्यों कि अब तक कि नामी बेनामी संपत्तियों दी कुर्क किया है। पुलिस ने कई दस्तावेज ईडी को दिये, जिसकी जांच अब अंतिम चरण में है।

बता दें कि पुलिस की छापेमारी और पूछताछ में अतीक और अशरफ के परिवार के लोग, रिश्तेदार, गैंग के सदस्यों के करोड़ों की संपत्तियों के कागज़ात पुलिस को मिले हैं। पुलिस ने कुछ कागजात ईडी को सबूत के तौर पर दिए हैं। ताकि जांच के बाद कार्रवाई में तेजी लाया जा सके। संपत्तियों को ईडी ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

ईडी क़ी जांच में प्रयागराज और कौशांबी के कुछ नेता भी रडार पर है। जिसमें दो पूर्व विधायकों के साथ ही एक विधायक शामिल है। हलाकि अभी उनके नाम का खुलासा नही किया गया है। उनकी जमीनों से जुड़े कागजातों को खंगाल जा चुका है।

पुलिस और ईडी के हाथ लगे कागज़ात, जमीनों के प्लाटिंग, सिटी आवास योजना समेत कई अन्य कारोबार में 13 सालों तक यह सफेदपोश अतीक से जुड़े है। यह सफेद पोस नेताओं की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद प्रवर्तन निदेशालय छापेमारी की कार्रवाई शुरू करेगा। इससे पहले ईडी की टीम बिल्डर, चार्टर्ड, अकाउंट के यहां नामी बेनामी संपत्तियों का ब्यौरा खंगाल चुकी है।

माफिया आतीफ अहमद के कारोबार में शामिल 31 करीबियों को चिन्हित किया जा चुका है। एक विधायक का भी नाम सामने आया है। इसमें दो पूर्व विधायक भी शामिल है। ईडी ने उनमें से एक से पूछताछ शुरू कर दी गई है। इसके अलावा प्रयागराज के सिविल लाइंस में तीन बड़े बिल्डरों से पुलिस के अलावा ईडी पूछताछ कर चुकी है।

करेली के रहने वाले तीन बड़े कारोबारी भी इस जांच के दायरे में है। धूमनगंज, नैनी, अतरसुईया, चायल, कौशांबी बेली गांव, झूंसी के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलरों पर भी ईडी और पुलिस की निगाह बनी हुई है।

बसपा से सबीहा अंसारी चुनावी रणभूमि में

आजमगढ़। चुनाव का दौर आते ही राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे के खेमे में सेंधमारी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ती है। ऐसे में ही बसपा ने कांग्रेस में सेंधमारी करते हुए आधी आबादी का नेतृत्व करने वाली शबीहा अंसारी को टिकट दे दिया है जो कांग्रेस अल्पसंखयक विभाग की प्रदेश महासचिव थी। जिसके बाद कांग्रेस के खेमे खलबली मच गई है। बसपा की इस सेंधमारी से कांग्रेस चारो खाने चित नजर आ रही है। वही आपको बता दे की 1978 में कांग्रेस ने सदर लोकसभा से पहली महिला मोहसिना किदवई को प्रत्याशी बनाया था। जिन्होंने उपचुनाव में जीत का परचम भी लहराया था।

कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण ने किया नामांकन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज में होने वाले छठवें चरण के मतदान को लेकर नामांकन सोमवार से शुरु हो गया। सोमवार को इंडी गठबंधन के प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता रहे। अशोक नगर स्थित आवास से दोपहर करीब 1:30 बजे उज्ज्वल रमण सिंह नामांकन करने के लिए निकले। दोपहर लगभग 2:15 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ कांग्रेस के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, शेखर बहुगुणा, सपा एमएलसी मानसिंह यादव, पंधारी यादव, अब्दुल सलमान ,रविंद्र यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा सीट के लिए सोमवार सोमवार से नामाकंन की प्रकिया शुरू हो गयी है। नामांकन 29 अप्रैल से 6 मई तक किया जाएगा। सोमवार इंडिया गठबन्धन इलाहाबाद संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह ने नामांकन किया। साथ ही फूलपुर लोकसभा संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा। सुरक्षा को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर को पहले से पूरी तरह से सील किया गया। कचहरी चौराहे से लक्ष्मी टॉकीज चौराहे के बीच पूरी तरह से बैरिकेटिंग कर दी गई। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू

अवधनामा संवाददाता

- पहले दिन 45 पर्चे लिए गए, एक प्रत्याशी ने किया नामांकन
- जिला प्रशासन ने चुनावों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए किए व्यापक इंतजाम

प्रयागराज। प्रयागराज जिले की दोनो लोक सभा सीट के लिए लोकसभा चुनाव 2024 के छठवें चरण में 25 मई को मतदान होना है। जनपद में सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन जनपद में केवल एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम नवनीत सिंह चहल ने बताया कि नाम निर्देशन के प्रथम दिन 45 व्यक्तियों द्वारा नामांकन फार्म प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा लिये गये। 26 नामंकन पत्र इलाहाबाद संसदीय सीट के लिए लिए गए जबकि 19 नामांकन पत्र फूलपुर संसदीय सीट के लिए लिए गए हैं । इलाहाबाद संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी नीरज कुमार त्रिपाठी और फूलपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने भी आज नामांकन पत्र लिया है। नामांकन सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक दाखिल किया जा सकेगा। जिले में दो लोक सभा सीट फूलपुर और इलाहाबाद संसदीय सीट हैं। फूलपुर संसदीय सीट के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन मुख्य राजस्व अधिकारी की कोर्ट में हो रहा है जबकि इलाहाबाद संसदीय सीट के लिए जिलाधिकारी कोर्ट (एडीएम) सिटी कोर्ट में पर्चा दाखिल हो रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही कलक्ट्रेट परिसर के सभी प्रवेश द्वारों को सील कर दिया गया है। अभ्यर्थियों का प्रवेश कलक्ट्रेट में सामने वाले गेट से होगा। नामांकन कक्ष में आने-जाने के सभी रास्तों पर सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग भी कराई गई है। जिलाधिकारी कार्यालय वाली लेन मे वाहनों का प्रवेश कचहरी चौराहे से लक्ष्मी टॉकीज चौराहे तक प्रतिबंधित है। इस ओर केवल जरूरी लोगों का प्रवेश होगा। सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल के जवान भी तैनात किए गए हैं। नामांकन 29 अप्रैल से शुरू होकर छह मई तक चलेगा। पांच मई को रविवार होने के कारण नामांकन नहीं होगा। ऐसे में प्रत्याशी चार मई के बाद छह मई को ही पर्चा दाखिल कर सकेंगे। सीडीओ गौरव कुमार ने बताया कि नाम वापसी आठ व नौ मई को होगी। 9 में को 3:00 के बाद प्रतीक आवंटन किया जाएगा। नामांकन में नारेबाजी और जुलूस पर प्रतिबंध रहेगा।

ऑनलाइन भी कर सकेंगे नामांकन

चुनाव में नामांकन के लिए ऑफलाइन के अलावा ऑनलाइन नामांकन की व्यवस्था भी की गई है। नामांकन शुल्क भी ऑनलाइन जमा किया जा सकता है लेकिन ऑनलाइन नामांकन करने के बाद उसका प्रिंट जमा करना होगा। प्रिंटआउट नामांकन कक्ष में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जमा करना होगा। प्रथम दिन कोई ऑनलाइन नामांकन नही हुआ।

विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह का निलंबन वापस

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र के मोहब्बतपुर गाँव में ब्लॉक प्रमुख सरिता अरबिंद सिंह के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह का निलंबन वापस लेने का फैसला लिया वैसे ही सूचना पाकर कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे। एक दूसरे को बधाई देने का शिल्शिला की लहर दौड़ गयी। भारतीय जनता पार्टी की शीर्ष नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व के साथ साथ प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के फैसले का स्वागत करते हुए ब्लॉक प्रमुख सरिता अरबिंद सिंह ने कहा कि पार्टी की इस फैसले से कार्यकर्ताओं का मनो बल बढ़ा है। इस निर्णय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने नेता यशवंत सिंह को सुबह से ही बधाई देने का शिलशिला लगातार जारी है। ब्लॉक प्रमुख ने शीर्ष नेतृत्व और प्रदेश का बहुत बहुत आभार जताया। और कहा कि इससे मुबारकपुर में ही नहीं पूरे प्रदेश में भाजपा को संजीवनी मिली है। बधाई देने वालो में मुख्य रूप से सरिता अरबिन्द सिंह, जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह, अशोक पाण्डेय, देवेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य स्वतंत्र कुमार सिंह (मुन्ना समेंदा), जिला पंचायत सदस्य पृथ्वीपाल सिंह, दुर्गेश सिंह, शिव गोविन्द, रानू सिंह, प्रवीण यादव, अलोक पाण्डेय, लक्ष्मीकांत सिंह, संजय सिंह, अमित प्रजापति, सहजीवन सिंह, देवेंद्र तिवारी, मनेन्द्र सिंह, हरेंद्र कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

कुश्ती संघ के अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता

बरदह,आजमगढ़। तहसील क्षेत्र लालगंज के गोमाडीह में सोमवार को भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह भव्य स्वागत किया गया। यहाँ बता दे की अध्यक्ष बनने के बाद संजय सिंह का जनपद में प्रथम आगमन था।

श्री संजय सिंह को देवगांव से रिसीव करके गोमाडीह काली माता मंदिर के पास माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया गया इसके बाद संजय सिंह ने अविनाश राय के घर भोजन कर अपने निवास स्थान के लिए प्रस्थान किया। यहां यह बता दे कि संजय सिंह को बृजभूषण सिंह का करीबी माना जाता है और संजय सिंह मूल रूप से चंदौली के रहने वाले हैं। इस अवसर पर अंकुश राय आयुष राय नितिन राय शुभम राय छोटू राय अनु पंडित गोलू बाबा देवेश राय प्रशांत राय विकास राय विजय तिवारी संतोष राय पंकज राय एवं क्षेत्र के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी 1 मई को करेंगे नामांकन

प्रयागराज। 52 इलाहाबाद लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी एवं 51 फूलपुर लोकसभा के प्रत्याशी प्रवीण पटेल 1 मई को संयुक्त रूप से लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन करेंगे। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने जानकारी दी कि नामांकन के अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल रहेंगे।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 27.05.2024 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

1.	निविदा सूचना संख्या	01-DyCE-GSU-NR-LKO-2023-24 दिनांक 26.04.2024
2.	निविदा संख्या	01-DyCE-GSU-NR-LKO-2023-24
3.	कार्य का नाम	उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में आने और जाने वाली वंदे भारत (16 कोच लंबाई) की पिट लाइन जॉच के लिये शेड क्षमता का निर्माण।
4.	अनुमानित लागत	रू0 3564.06 लाख
5.	धरोहर राशि	रू0 19,32,000/-
6.	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से अठ्ठारह माह।
7.	निविदा डालने का प्रारंभ	13.05.2024
8.	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	27.05.2024 11:30 बजे
9.	वेबसाईट	www.ireps.gov.in

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1271/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

टाटा मोटर्स ने कॉमर्शियल वाहनों की आसान फाइनेंसिंग के लिए साउथ इंडियन बैंक के साथ समझौता ज्ञापन किया

मुंबई। भारत में कॉमर्शियल वाहनों के सबसे बड़े निर्माता, टाटा मोटर्स ने कॉमर्शियल वाहन खरीदने वाले उपभोक्ताओं और डीलरों को फाइनेंस के सुविधाजनक समाधान देने के लिए साउथ इंडियन बैंक के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। साउथ इंडियन बैंक कंपनी के सभी तरह के कॉमर्शियल वाहनों की खरीदारी के लिए उपभोक्ताओं को फाइनेंसिंग की सुविधा देगा और उपभोक्ताओं को बैंक के व्यापक नेटवर्क और खसतौर से बनाई गई भुगतान की आसान योजनाओं से फायदा मिलेगा। यह सहयोग डीलरशिप को बेहतर सहयोग देने, वृद्धि को बढ़ावा देने, कोलेटरल की जरूरतों को कम से कम करने, ब्याज दर में कटौती करने और ऋण की प्रक्रिया को सुचारू बनाने में किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयासों को दर्शाता है।

साउथ इंडियन बैंक के एमडी और सीईओ श्री पी. आर. शेषाद्रि ने विकास के बारे में कहा, ÷साउथ इंडियन बैंक में, हम सुरक्षित, फुर्तीला और गतिशील बैंकिंग माहौल बनाने के लिए समर्पित हैं, जो गाड़ियों के मालिकों और डीलरों की जरूरत को पूरा कर सके। टाटा मोटर्स के साथ हमारे समझौते ने हमें कमर्शल वाहन के डीलरों और उपभोक्ताओं को वाहन को फाइनेंस करने के लिए आसान और सुविधाजनक समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाया है। हमें पूरी उम्मीद है कि टाटा मोटर्स के साथ हमारी साझेदारी से फाइनेंसिंग के बेहतरीन समाधान मिलेंगे, जो इंडस्ट्री में उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित करेंगे।''

टाटा मोटर्स कॉमर्शियल व्हीकल्स में ट्रक्स डिविजन के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड श्री राजेश कौल ने इस साझेदारी के बारे में कहा, ÷हम प्रतिष्ठित साउथ इंडियन बैंक के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा कर बहुत खुशी महसूस कर रहे हैं। हमारे उपभोक्ताओं के लिए, कॉमर्शियल वाहन खरीदने के लिए फाइनेंसिंग समाधानों तक आसान पहुंच उनके परिचालन की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। इस समझौते का उद्देश्य गाड़ियों के मालिकों और डीलरों को उनके कारोबारी लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम बनाना है। हम अपने उपभोक्ताओं और पार्टनर्स को सहूलियत एवं सहयोग देने के लिए तत्पर हैं।''

टाटा मोटर्स 1 टन से 55 टन के कार्गो वाहनों और 10 सीटर से लेकर 50 सीटर वाहनों में सार्वजनिक यातायात के साधनों की व्यापक रेंज प्रदान करता है, जिसमें छोटे व्यावसायिक वाहन, पिकअप्स, ट्रक्स और बसें शामिल हैं जोकि लॉजिस्टिक एवं मास मोबिलिटी सेगमेंट्स की लगातार बदल रही जरूरतों को पूरा करते हैं। कंपनी अपने 2500 से ज्यादा टच पाइंट्स के नेटवर्क के जरिये बेमिसाल क्वॉलिटी और सर्विस की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है। यहां टाटा जेन्युइन पार्ट्स तक आसान पहुंच के साथ गाड़ी की सर्विसिंग के लिए प्रशिक्षित विशेषज्ञ मिलेंगे।

जून के अंत तक चौथे दौर की नीलामी में 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की बिक्री करेगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्र सरकार जून के अंत तक चौथे दौर की नीलामी में लगभग 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की बिक्री करेगी। पहले दौर में बिक्री के लिए रखे गए महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उसके परिणाम एक महीने में घोषित किए जाएंगे। खान सचिव वीएल कांथा राव ने सोमवार को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में महत्वपूर्ण खनिज शिखर सम्मेलन के उद्घाटन पर कहा कि हमने महत्वपूर्ण खनिज के 38 ब्लॉक नीलामी में रखे हैं। उन्होंने कहा कि हम जून के अंत में चौथे दौर की नीलामी करने जा रहे हैं। खान सचिव ने कहा कि जून के अंत तक करीब 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी की जाएगी। केंद्र सरकार ने कमजोर प्रतिक्रिया के कारण महत्वपूर्ण खनिजों की पहले चरण में बिक्री के लिए रखे गए 20 ब्लॉक में से 13 की नीलामी रद्द कर दी है। प्रस्ताव पर रखे गए 20 ब्लॉक में से 18 ब्लॉक के लिए 56 भौतिक बोलियां और 56 ऑनलाइन बोलियां प्राप्त हुईं। रद्द किए गए 11 ब्लॉक में से सात खदानों को तीसरे दौर के तहत नीलामी के लिए अधिसूचित किया गया है, जबकि 6 ब्लॉक की दूसरे दौर की नीलामी तय कार्यक्रम के अनुसार पूरी हो चुकी है।

एक से बढ़कर एक बॉलीवुड क्लासिक्स की पेशकश के साथ सोनी मैक्स 2 ने पूरा किया एक दशक का सफर

कानपुर। सोनी मैक्स 2 ऐसा चैनल है, जो हमें भारतीय सिनेमा के उस सुनहरे युग में ले जाता है, जिसमें एक से बढ़कर एक प्रतिष्ठित फिल्में शामिल हैं। वो फिल्में, जिन्होंने अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी जैसे कई अन्य सितारों को वास्तव में सितारा बनाया। ये %सदाबहार फिल्में समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं, जिन्हें विभिन्न पीढ़ियों द्वारा पसंद किया जाता रहा है। इनमें से प्रत्येक सदाबहार फिल्म को चैनल सिनेमा प्रेमियों के जुनून को पूरा करने के उद्देश्य से सावधानीपूर्वक चयनित और क्यूरेट करता है।

ये फिल्में अपनी सदाबहार धुनों और रोमांटिक कहानियों के साथ हमारे दिलों में विशेष स्थान रखती हैं। चाहे वह सूर्यवंशम का सदाबहार आकर्षण हो या फिर, शान, सत्ते पे सत्ता, सड़क, और मिस्टर नटवरलाल जैसी प्रतिष्ठित क्लासिक्स, सोनी मैक्स 2 को प्रत्येक फिल्म प्रेमी के लिए सिनेमाई रत्नों के खजाने की पेशकश करने के लिए जाना जाता है। जैसा कि सोनी मैक्स 2 दर्शकों के मनोरंजन के एक दशक के सफर का जश्न मना रहा है, ऐसे में प्रमुख बॉलीवुड

और टेलीविजन अभिनेताओं ने इस उपलब्धि और हिंदी सिनेमा के प्रति उनके स्थायी प्रेम के बारे में अपने विचार व्यक्त किए हैं। महेश ठाकुर, जो वर्तमान में सोनी सब के आंगन आपनो का में नजर आ रहे हैं और कई बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर्स का हिस्सा रह चुके हैं, ने कहा, सोनी मैक्स 2 को 10 वर्ष पूरे करने पर बधाई! चैनल पर फिल्में देखने की मेरी बहुत सारी यादें हैं, लेकिन दो फिल्में जो वास्तव में पुरानी यादें ताजा कर देती हैं, वे हैं सीता और गीता एवं सूर्यवंशम। मैंने अपने परिवार के साथ ये दोनों फिल्में कई बार देखी हैं। इन फिल्मों का हर एक गाना और सीन जैसे मेरे दिमाग में हमेशा के लिए बस गए हैं।

अंजलि तत्रारी, जो सोनी सब के वंशज में युविका का किरदार निभा रही हैं, सोनी मैक्स 2 पर इन प्रतिष्ठित फिल्मों को देखने की अपनी यादें साझा करते हुए, कहती हैं, ÷सोनी मैक्स 2 को 10 वर्ष पूरे करने पर बहुत-बहुत बधाई! मेरे पास इस चैनल पर फिल्में देखने की बहुत सारी यादें हैं, खासकर गर्मियों की छुट्टियों और सप्ताहांत के दौरान।

टीटीके प्रेस्टीज के सालाना एनीथिंग फॉर एनीथिंग एक्सचेंज ऑफर से अपने किचन को अपग्रेड कीजिए

नई दिल्ली। सबसे विश्वसनीय और प्रमुख किचन अप्लायंसेज ब्रैंड, प्रेस्टीज अपने बहुप्रतीक्षित एनीथिंग फॉर एनीथिंग एक्सचेंज ऑफर के साथ वापस लौटा है। उपभोक्ता इस आकर्षक एक्सचेंज ऑफर का लाभ उठाने के लिए किचन में इस्तेमाल किए जाने वाले अपने पुराने बर्तनों या किचन एप्लायंसेज को नए अप्लायंसेज से एक्सचेंज कर सकते हैं। इससे उपभोक्ताओं को तरह-तरह के प्रेस्टीज प्रॉडक्ट्स की एमआरपी पर 24 से लेकर 65 फीसदी की छूट मिलेगी। किसी भी दूसरी कैंपेन के उलट एनीथिंग फॉर एनीथिंग एक्सचेंज कैंपेन उपभोक्ताओं को पुराने और किसी भी ब्रैंड तथा किसी भी हालत में किचन में इस्तेमाल किए जाने वाले अप्लायंसेज को बदलने की इजाजत देता है। इस ऑफर की शुरुआत 16 अप्रैल से हुई है और 30 जून 2024 तक उपभोक्ता इस

ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

प्रेस्टीज का इनोवेशन को लेकर समर्पण सभी अच्छी तरह से पहचानते हैं। हर प्रॉडक्ट को आधुनिक तकनीक से डिजाइन किया गया है, जिससे होम कुक्स बिना किसी परेशानी के तनाव से मुक्त रहकर स्वच्छ तरीके से खाना पका सकते हैं। एनीथिंग फॉर एनीथिंग एक्सचेंज ऑफर के साथ उपभोक्ताओं को प्रेस्टीज के आधुनिक किचन अप्लायंसेज को अपग्रेड करने का शानदार अवसर मिलेगा।

प्रेस्टीज के सभी प्रॉडक्ट्स की श्रेणियों पर भारी छूट दी जा रही है। इस ऑफर में अभिनव लिड-लॉक मैकेनिज्म के साथ फ्लिप ऑन स्वच्छ प्रेशर कुकर्स, स्पिलेज कंट्रोल लिड डिजाइन के साथ ट्रिपली आउटर लिड और इनर लिड रेंज के प्रेशर कुकर्स शामिल हैं। इसके अलावा, वीपीआई और एसएसडी जैसी कई अतिरिक्त सुरक्षा खूबियां भी हैं। यह ऑफर स्वच्छ रेंज के क्रांतिकारी गैस स्टोव पर भी है, जो अपने आसानी से साफ किए जाने वाले अनोखे डिजाइन और अलग किए जाने वाले बर्नर के फीचर्स के साथ मिलते हैं।

अपने किचन के लिए आवश्यक उपकरणों की तलाश करते समय उपभोक्ता लंबे समय तक चलने वाले नॉन-स्टिक कुकवेयर पर भी प्रमुखता से विचार करते हैं। ब्रांड तेल का कम से कम इस्तेमाल करने को बढ़ावा देने के लिए टिकाउ सिरैमिक नॉन-स्टिक कोटिंग के साथ नई लॉन्च की गई सिरैमिक कोटेड कुकवेयर भी शामिल कर रहा है। तीन परतों की टिकाउ बॉडी के साथ ट्रिपली कुकवेयर रेंज हीट के एकसमान वितरण को बढ़ावा देती है। इसमें कांच के ढक्कन वाली कढ़ाई, डोसा तवा, फ्राई पैन शामिल हैं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था में तेज वृद्धि हुईः सीतारमण

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी नेतृत्व ने देश के तेज विकास का मार्ग प्रशस्त किया है, जो आने वाले कुछ वर्षों में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए तैयार है।

विशाखापत्तनम के गांधी प्रौद्योगिकी एवं प्रबन्धन संस्थान (गीतम) विश्वविद्यालय में विकसित भारत एंबेसडर कैंपस संवाद को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि भारत 2014 में यूपीए के कार्यकाल में 10वें स्थान पर था, अब 2024 में सिर्फ़ 10 वर्षों के भीतर 5वें स्थान पर आ गया है। उन्होंने जोर दिया कि भारत सरकार ने अनुसंधान कोष के लिए लगभग एक लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस निवेश का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में भारत के

अनुसंधान बजट को बढ़ावा देना है, जिससे देश में समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में भारत को दुनिया में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में देखे जाने के पीछे कुछ कारणों में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई, लालफीताशाही को कम करना और व्यापार करने में सहूलियत जैसी सुविधाओं को मिलना बताया। उन्होंने कहा कि आज भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसकी जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है।

इम्युनिटी बढ़ाने वाले 4 प्राकृतिक आहार- शीला कृष्णास्वामी, न्यूट्रीशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट

मौसम बदलने के साथ ही अपने इम्युन सिस्टम (रोग-प्रतिरोधक प्रणाली) को मजबूत करने और सही आकार में बने रहने के लिये सेहत से भरे और संतुलित आहार लेने पर ध्यान देना महत्वपूर्ण हो जाता है। शीला कृष्णास्वामी, न्यूट्रीशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट ने कहा अपने रोजाना के भोजन में बादाम, मौसमी फलों और सब्जियों जैसे प्राकृतिक आहारों को शामिल करने से शरीर की बीमारियों से लड़ने के लिये जरूरी ताकत बढ़ सकती है। हम उन 4 प्राकृतिक आहारों के बारे में बता रहे हैं, जो आपकी इम्युनिटी में सहयोग दे सकते हैं और मौसमी बुखार तथा बीमारियों को दूर रखने में मददगार हो सकते हैं। इम्युनिटी बढ़ाने वाले 4 प्राकृतिक आहार हैं बादाम, सिट्रस फल, लहसुन और हरी पत्तेदार सब्जियाँ ।

बादाम बादाम केवल स्वादिष्ट नहीं होती है, बल्कि इसमें विटामिन ई, ज़िंक, फोलेट और आयरन जैसे पोषक-तत्व भी होते हैं, जो इम्युन फंक्शन के लिये मायने रखते हैं। रोजाना स्नैक के तौर पर मुट्ठीभर बादाम खाएं या अपने सुबह के नाश्ते में उन्हें शामिल करें। इससे पौष्टिकता बढ़ेगी।

सिट्रस फल सिट्रस फल, जैसे कि नारंगी, नींबू, मौसम्बी और अंगूर में विटामिन सी की अच्छी मात्रा होती है। यह पोषक-तत्व श्वेत रक्त कणिकाएं बनाने के लिये आवश्यक है, जोकि संक्रमणों से शरीर की रक्षा करती हैं। अपने आहार में इन फलों को शामिल करने से आप विटामिन सी का सेवन बढ़ा लेंगे और आपके इम्युन सिस्टम को सहयोग मिलेगा।

लहसुन लहसुन के चिकित्सकीय इस्तेमाल का एक लंबा इतिहास है। उसे जीवाणुरोधी गुणों के लिये जाना जाता है, जिसका कारण एक प्राकृतिक यौगिक एलिसिन है। अपने भोजन में लहसुन को शामिल करने से न सिर्फ उसका स्वाद बढ़ता है, बल्कि सूक्ष्मजीवों से लड़ने में मदद भी मिलती है। करी, सूप, स्टिर-फ्राइज और सॉस में स्वाद और सेहत के लिये टुकड़े की हुई लहसुन मिलाएं। हरी पत्तेदार सब्जियाँ- हरी पत्तेदार सब्जियाँ, जैसे कि पालक, सूरजना की पत्तियाँ, अमरंत पत्तियाँ, पुदीना और अन्य में ऐसे विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जिनकी इम्युन फंक्शन में भूमिका होती है। इन सब्जियों में विटामिन ए और सी तथा फोलेट होता है और यह पोषक-तत्व स्वस्थ इम्युन सिस्टम में सहयोग देते हैं। तरह-तरह की हरी पत्तेदार सब्जियों को करी, ग्रेवी, दाल और सलाद में मिलाकर अपने आहार को पोषक और स्वादिष्ट बनाया जा सकता है।

टाटा मोटर्स ने नवाचार की रफ्तार तेज़ कीः वित्त वर्ष 2024 में रिकॉर्ड 222 पेटेंट्स दर्ज कराये और 333 अनुदान प्राप्त किये

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स ने बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के निर्माण की दिशा में एक बार फिर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वित्त वर्ष 24 के दौरान कंपनी ने रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 222 पेटेंट और 117 डिजाइन आवेदन दायर किए गए, जो इसके इतिहास में सर्वोच्च है। ये फाइलिंग उत्पाद और प्रक्रिया नवाचारों के एक व्यापक क्षेत्र में फैली हुई हैं, जो कनेक्टिविटी, इलेक्ट्रिफिकेशन, स्थिरता और सुरक्षा (सीईएसएस) जैसे प्रमुख ऑटोमोटिव मेगाट्रेंड को संबोधित करती हैं। ये विभिन्न वाहन प्रणालियों को भी कवर करती हैं जैसे कि पावरट्रेन, बॉडी और ट्रिम, सस्पेंशन, ब्रेक, एचवीएसी और उत्सर्जन नियंत्रण। टाटा मोटर्स को उसी अवधि के दौरान अब तक का सबसे अधिक 333 पेटेंट का अनुदान भी प्राप्त हुआ, जिससे उसके स्वीकृत पेटेंट की कुल संख्या 850 से अधिक हो गई। इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, स्वच्छ पावरट्रेन, डिजाइन कनेक्टिविटी और बुद्धिमान सुरक्षा सुविधाओं के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता के साथ, टाटा मोटर्स यह सुनिश्चित करता है कि उसके नवाचार वास्तविक दुनिया की जरूरतों के साथ सहजता से जुड़ें। उपभोक्ता कल्याण और पर्यावरण संरक्षण दोनों को प्राथमिकता देकर, कंपनी के उद्देश्यपूर्ण अनुसंधान और नवाचार प्रयासों ने अधिक कुशल, हरित और सुरक्षित वाहनों का उत्पादन किया है। इससे अंतिम उपयोगकर्ताओं को लाभ हुआ है और उद्योग में बदलाव आया है। वित्त वर्ष 2024 में, टाटा मोटर्स को बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) में अपनी उत्कृष्टता के लिए वैश्विक ख्याति के पांच प्रतिष्ठित सम्मान और पुरस्कार मिले। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये, टाटा मोटर्स के प्रेसिडेंट एवं चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर राजेन्द्र पेटकर ने कहा, ''अनुसंधान एवं नवाचार के प्रति टाटा मोटर्स की अटूट प्रतिबद्धता ने हमें बौद्धिक संपत्ति के माध्यम से नवाचार एवं मूल्य निर्माण में नये मुकाम हासिल करने के लिये प्रेरित किया है।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने जन जागरूकता अभियान आयोजित कर सुरक्षा के महत्व को किया रेखांकित

लखनऊ। देश के सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने लखनऊ शहर में सुरक्षा के महत्व को उजागर करने और हेलमेट अपनाने को बढ़ाने के लिए एक जन जागरूकता अभियान चलाया। 1090 चौराहे पर चलाए गए इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य था, दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट के उपयोग के महत्व को बढ़ावा देकर स्थानीय निवासियों को %सुरक्षा% को प्राथमिकता देने के लिए संवेदनशील बनाना। इस अभियान में पीछे बैठने वालों की सुरक्षा के लिए हेलमेट के महत्व पर भी जोर दिया गया, क्योंकि उनमें अक्सर सबसे असुरक्षित सह-यात्री शामिल होते हैं और वे हैं बच्चे।

इस जन जागरूकता अभियान का उद्घाटन श्री कमलेश दीक्षित, पुलिस उपायुक्त, महिला अपराध एवं सुरक्षा, लखनऊ ने श्री अमित झिंगरन, प्रबंध

निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के साथ किया और इस मौके पर श्री इंद्र पाल सिंह, ए. सी. पी, लखनऊ; श्री एम. आनंद, मुख्य वितरण अधिकारी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस; श्री रवींद्र शर्मा, प्रमुख ब्रांड, कॉर्पोरेट संचार एवं सीएसआर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस; और साथ ही लखनऊ यातायात पुलिस तथा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के प्रतिनिधियों ने उन स्थानीय लोगों से सीधी बातचीत की जो बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिखे। उन्होंने इन लोगों को हेलमेट (हेड प्रोटेक्शन गियर) के महत्व के बारे में बताया जो न केवल उनकी अपनी बल्कि उनके प्रियजनों की भी सुरक्षा करता है। एसबीआई लाइफ की टीम के साथ अधिकारियों ने मोटर चालकों और पीछे बैठने वालों को मुफ्त हेलमेट भी वितरित किए। इसके ज़रिये लोगों को अपने सपनों को निडर होकर आगे बढ़ाने के लिए सहयोगकर्ता के रूप में सुरक्षा (प्रोटेक्शन एज़ एन एनेबलर) के विचार पर जोर दिया गया और इस प्रकार सुरक्षा को प्राथमिकता बनाने के लिए व्यवहार में बदलाव को प्रोत्साहित किया गया। लखनऊ के महिला अपराध एवं सुरक्षा के डी.सी.पी, कमलेश दीक्षित ने कहा, लखनऊ यातायात पुलिस और एसबीआई लाइफ शहर के स्थानीय निवासियों को मोटर साइकिल चलाते समय सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाने के लिए शिक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए इस जन जागरूकता अभियान को चलाने के लिए साथ आए हैं। हेलमेट से सवार की अनिश्चितता से सुरक्षा होती है और साथ ही आईएसआई मार्क वाले हेलमेट का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। हमें लगता है कि इस तरह की पहल से स्थानीय लोगों को सवार के साथ-साथ पीछे बैठे व्यक्ति की सुरक्षा में हेलमेट की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक बनाने में मदद मिलती है।

वित्त वर्ष 24 के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का पीएटी सालाना 21प्रतिशत बढ़कर 2,957 करोड़ रुपए

प्रयागराज। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के निदेशक मंडल की हाल ही में आयोजित बैठक में 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए ऑडिट किए गए फाइनेंशियल रिजल्ट्स को मंजूरी दे दी गई। श्री वी वैद्यनाथन, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कहा मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमने बैंक में क्रेडिट सब्स्टीट्यूट सहित कुल जमा और लाभ के 4,00,000 करोड़ रुपए के ऐतिहासिक आँकड़े को पार कर लिया है। हमारे लिए यह बात और भी महत्वपूर्ण है कि एसेट क्वालिटी लगातार बनाए रखी जा रही है, जो क्रमशः 1.88 प्रतिशत और 0.60 प्रतिशत के सर्वश्रेष्ठ जीएनपीए और एनएनपीए के साथ हमारे इतिहास में सबसे कम है। उपरोक्त में सभी पुराने इंफ्रास्ट्रक्चर लोन्स को पूरी तरह से शामिल किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर लोन्स को छोड़कर, जीएनपीए और एनएनपीए क्रमशः केवल 1.55 प्रतिशत और 0.42 प्रतिशत हैं। एसेट क्वालिटी के सभी पैरामीटर्स स्थिर हैं।हमारी जमा राशि जुटाने की फ्रेंचाइजी हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमारा सीएएसए अनुपात इंडस्ट्री में सर्वश्रेष्ठ में से एक है, जो लगभग 47 प्रतिशत पर है। वित्त वर्ष 24 के लिए हमारा इंक्रीमेंटल क्रेडिट टू डिपॉजिट अनुपात 76 प्रतिशत पर कम था। सीडी अनुपात घटकर 98.4 प्रतिशत हो गया है, जो पहली बार 100 प्रतिशत से कम है और हम इसे वित्त वर्ष 25 में और भी कम करने की उम्मीद करते हैं।वित्त वर्ष 24 में पीएटी में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2957 करोड़ रुपए हो गया है।

चित्रकला को समर्पित वसुधैव कुटुम्बकम का लखनऊ में हुआ समापन

लखनऊ। देश की सबसे प्रतिष्ठित संस्था नवनीत एजुकेशन की युवा ब्रांड द्वारा इस चित्रकला कार्यशाला को प्रस्तुत किया गया और विल इंडिया चेंज फॉउण्डेशंन द्वारा आयोजित किया गया।

1) अब तक देश के सर्वश्रेष्ट्र एक सौ ग्यारह स्कूल में यह कार्यशाला आयोजित हो चुकी है। लखनऊ शहर के नौ प्रतिष्ठित विद्यालय जिसमे शामिल रहे मिल्लीनियम स्कूल , संत ?न कान्वेंट स्कूल , एक्ससेलिए स्कूल , एमिटी इंटरनेशनल स्कूल , एल बी एस मेमोरियल स्कूल , ग्रीनलैंड पब्लिक , सेंट्रल पब्लिक स्कूल , दिल्ली पब्लिक स्कूल , मणिपाल पब्लिक स्कूल।

2) अब तक देश के प्रतिष्ठित चित्रकला जगत के सैंतीस कलाकारों ने उपदेशक की भूमिका निभाई और विद्यार्थीओ को चित्रकला की बारीकियां सिखाई। लखनऊ में उपदेशक की भूमिका में ललित कला पुरस्कार से सम्मानित श्री अंकित पांडेय अहम् भूमिका में रहे। उनके साथ रहे श्री अशोक शर्मा और रूचि मौर्या ने भी बच्चो का मार्गदर्शन किया।

3) अब तक देश के प्रमुख बारह शहर में इस चित्रकला कार्यशाला का आयोजन हो चूका है। जिसमे नागपुर , सूरत , ग्वालियर , इंदौर , भोपाल, औरंगाबाद, सांगली , बेंगलुरु , मैसूरु , ग़ाज़ियाबाद, दिल्ली और अब लखनऊ शामिल रहे।

4) अब तक देश के छब्बीस हज़ार से ज्यादा छात्र कार्यशाला में शामिल हुए। लखनऊ शहर के दो हज़ार चार सौ विद्यार्थी इसमें शामिल हुए।

5) तीन दिन मैं नौ स्कूल में कार्यशाला का आयोजन होता है यानि एक दिन में तीन विद्यालय , इस तरह से दिनाक तेईस , चौबीस और छब्बीस को यह कार्यशाला आयोजित की गयी।

5) इस चित्रकला कार्यशाला में बाल प्रतिभा को भी आमंत्रित किया जाता है जिन्होंने अपने हुनर और प्रतिभा से अलग मुकाम बनाया। इस बार लखनऊ में रोनाल्ड शेपर्ड मा जिन्होंने पांच साल की उम्र में पैराग्लाइडिंग में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, आमंत्रित रहे।

यूनाइटेड वी प्ले उत्तर प्रदेश आया, लखनऊ में ट्रायल आयोजित किए गए

लखनऊ। अग्रणी टायर निर्माता अपोलो टायर्स के प्रमुख जमीनी स्तर के फुटबॉल कार्यक्रम यूनाइटेड वी प्ले (यूडब्ल्यूपी) के लिए ट्रायल सप्ताहांत में लखनऊ में आयोजित किया गया था, जहां 380 से अधिक युवा फुटबॉलरों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। अंत में, ट्रायल में से 30 प्रतिभाशाली युवाओं को कार्यक्रम के अगले दौर के लिए चुना गया, जो अगले महीने आयोजित किया जाएगा।

ट्रायल गोमती नगर एक्सटेंशन में टेक्ट्रो फुटबॉल अकाडेमी में आयोजित किए गए थे, जहां अंडर -14 और अंडर -17 श्रेणियों में लखनऊ और आस पास के क्षेत्रों के युवा उम्मीदवार अपने कौशल का प्रदर्शन करने और निर्णायकों को प्रभावित करने के लिए बड़ी संख्या में आए थे।

यूनाइटेड वी प्ले कार्यक्रम एक जमीनी स्तर का प्रशिक्षण और प्रतिभा विकास पहल है जो भारत के 16 शहरों और एशिया प्रशांत मध्य पूर्व और अफ्रीका (एपीएमईए) के प्रमुख देशों में चल रही है, जो युवा फुटबॉल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें अपना प्रदर्शन करने के लिए एक मंच देने के लिए मैनचेस्टर यूनाइटेड द्वारा समर्थित है और महत्वाकांक्षी फुटबॉलरों को खेलना जारी रखने के लिए प्रेरित करने और उन्हें वैश्विक प्रशिक्षण पद्धतियों से परिचित कराने के उद्देश्य से अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए मंच प्रदान करता है ।

रजनी सिंह मिसेज वोग स्टार इण्डिया लखनऊ से चुनी गयी

■ वोग स्टार इण्डिया के द्वारा मिसेज इण्डिया के आयोजन में रजनी सिंह ने प्रतियोगिता जीती।

लखनऊ। वोग स्टार इण्डिया के द्वारा मिसेज इण्डिया का आयोजन दिनांक 14 अप्रैल को जयपुर में हुआ जिसमें 17000 महिलाओं में से 63 महिलाओं को पूरे भारत मे से चुना गया एवम जयपुर में बुलाया गया। कड़ी मेहनत के बाद रजनी सिंह मिसेज वोग स्टार इण्डिया लखनऊ से चुनी गयी और क्राउन पहनाया गया। रजनी सिंह ने बताया कि वोग स्टार नें मुझे वह ग्रेट मन्च दिया जिसका सपना मै बचपन से देखती आयी हूँ। मैं राजपूत फैमिली से हूँ जहाँ यह सब करना सही नहीं माना जाता है। मेरी शुरूआती शिक्षा लखनऊ में हुयी और पढ़ते समय ही मेरा विवाह हो गया पर मैंने अपनी पढ़ाई पूरी की। मेरा शुरू से माडलिंग का शौक रहा जिसे मैंने पूरा करने के लिए मैने कड़ी मेहनत की और जब भी मौका मिला प्रयास किया। ईटीवी उत्तर प्रदेश में ÷मिसेज भाग्यशाली÷ की प्रतियोगिता भी मैने जीता है और एयर होस्टेज में भी सेलेक्ट हो गयी थी लेकिन परिवार के लोग नहीं जाने दिये मेरे परिवार में औरतो को बाहर काम करने की भी छूट नहीं थी तब भी मैने संघर्ष कर अपनी एक रियल स्टेट की कम्पनी खोली जिसमें में सिंगल ओनर हूँ । मैने पॉलिटेक्निक कॉलेज में काउंसलर के रूप में 2 वर्ष कार्य किया एवं एच आर के रूप में रिक्रूटमेंट भी किया लेकिन मुझे माडलिंग का बहुत शौक था जो मैं अपने परिवार के विरूद्ध जा के प्रतिभाग किया और मिसेज वोग स्टार इण्डिया लखनऊ चुनी गयी। मैं हर महिलाओं को यह प्रेरित करना चाहती हूँ कि जो घरेलू महिलायें है वह अपने शौक को पूरा करे और जहाँ जो मंच मिले वहाँ प्रतिभाग करने का प्रयास करें। मुझे मेरी माँ

समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल प्रधान अकमल, सांसद ने दी बधाई

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। भाजपा के नीतियों से प्रभावित होकर लक्ष्मीपुर के प्रधान व मोतीचक प्रधान संघ के उपाध्यक्ष अकमल हुसैन ने सांसद विजय कुमार दुबे की उपस्थिति में अपने आवास पर सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद सांसद ने पार्टी के तरफ से बधाई दिया और भाजपा का झंडा व अन्य सामग्री देकर भेंट किया।

लक्ष्मीपुर अपने आवास पर प्रधान द्वारा रखा गया था कार्यक्रम, सांसद थे मुख्य अतिथि

इस मौके पर सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि आने वाले एक जून को कमल का चुनाव चिन्ह मत भूलिएगा। शत प्रतिशत मतदान कर भारी मतों से विजई बनाएं। आने वाले दिनों में तमाम बघरूपिए आयेंगे और बहकाएंगे लेकिन आप लोगों को बहकने की जरूरत नहीं है। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी व योगी के सरकार में हर वर्ग का विकास हो रहा है। कहा। कि कृषि विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट आदि सरकार ने हमारे जिले को दिया है। सड़क, बिजली, पानी, शौचालय, फ्री राशन आदि सरकार सभी पात्रों को दिया है। सरकार महिलाओं, किसानो, व्यापारियों व युवाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। सभा को रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौड़, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष फैजान खान, संजय सिंह मुन्ना, मथौली अध्यक्ष नवरंग सिंह आदि ने संबोधित किया। सदस्यता ग्रहण करने बाद प्रधान अकमल हुसैन ने कहा कि भाजपा देश कि एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गो के लोगों के हित में सोंचती है, विनाङ्कभेदभाव विकास कार्यो को अमली जामा पहना रही है। भारतीय जनता पार्टी के नीतियों व विकास कार्यों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मजबूत नेतृत्व से प्रभावित होकर मैं भाजपा में शामिल हुआ हूं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देशों का ईमानदारी व निष्ठा के साथ पालन करूंगा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञानचंद्र कुंवर ने किया। इस मौके पर प्रधान अकमल हुसैन ने सांसद विजय कुमार दुबे, विधायक विनय प्रकाश व अन्य पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि डॉ जमीरुद्दीन, मथौली मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद, वीरेंद्र पांडेय, प्रिंस जायसवाल, प्रिंस मद्धेशिया, इस्तियाक खान, अल्फाज, जमीरूलहक, रेखा, बुद्धिराम, सुलतान, अब्दुल रहमान, एहसान सिद्दीकी, तमन्ना सिद्दीकी, चत्तर प्रजापति, रामज्ञा, प्रभु, सत्री सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

भाजपा सरकार में हुआ सभी वर्गों का विकास

भाटपार रानी। भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र के बड़का गांव, चनुकी, भेड़ पाकड़, खैराट, घाटी, खामपार,बंकुल एवं खुरवसिया उत्तर में नुक्कड़ सभा का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया गया। बड़का गांव में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रवींद्र कुशवाहा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से 10 करोड़ से ऊपर महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन देने का कार्य की है। जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के माध्यम से किसानों को सालाना 6000 सरकार मुहैया करा रही है, चनुकी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा ने कहा कि भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र में सांसद रवींद्र कुशवाहा के प्रयास से सड़कों का जाल बिछाने का कार्य हुआ है, विधानसभा संयोजक कुंज बिहारी सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है, खैराट में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुशील शाही ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं का जीवन संवारने का कार्य सरकार कर रही है।

सालाना उर्स को सकुशल संपन्न करने के लिए कमेटी के लोगो ने अधिकारियों से की मुलाकात

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। निगाहें वली में वह तासीर देखी बदलती हजारों की तकदीर देखी कुछ ऐसी तासीर है सरजमीन ए हिन्द के वालियों में अगर उनकी निगाह बंदे पर पड़ जाए तो अल्लाह की रहमत नाजिल हो जाए। इतिहास गवाह है कि जब-जब समाज में बुराई फैली है इन्हीं सूफी संतों ने आगे बढ़कर समाज में फैली बुराई को समाप्त करने का काम किया है। गोरखपुर में सैकड़ों सालों से हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक हजरत बाबा मुबारक खां शहीद के आस्ताने पर सभी धर्मो के लोग अपनी मुरादे लेकर आते है, और बाबा उनकी जायज़ मुरादे पूरी करते हैं।

बाबा मुबारक खां शहीद पर 6 मई से शुरू हो रहा है तीन दिवसीय उर्स व मेला

हजरत मुबारक खां शहीद दरगाह कमेटी ने आज एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ,नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ योगेंद्र सिंह, सीओ एलआईयू अभिषेक कुमार राहुल समेत विभिन्न अधिकारियों से मुलाकात किया । नॉर्मल स्थित हजरत मुबारक खां शहीद रहमतुल्ला अलैहे के तीन दिवसीय उर्स व मेले में प्रदेश के विभिन्न प्रांतो से हजारो की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष इकरार अहमद, उपाध्यक्ष शमशेर अहमद शेरू, हाजी कलीम फर्जनद, हाजी खुर्शीद खान, सैय्यद शहाब, अब्दुल्लाह, आरफीन समेत तमाम लोगो ने अधिकारियों से मुलाकात कर दरगाह की समस्याओं से अवगत कराया गया और उर्स व मेला की समस्याओ के समाधान को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए गुजारिश की गई और अधिकारियों उर्स में आने की दावत भी दी गई। उर्स के मुबारक मौके पर देश के मशहूर कव्वाल दिल्ली से वसीम साबरी 7 व 8 मई को, बदायूं से जुनैद सुल्तानी 7 मई को और देश के मशहूर कव्वाल शरीफ परवाज का मुकाबला वसीम साबरी से 8 मई को होगा।

तेज लू के थपेड़ों से झुलस रहे राहगीर

अमेठी अवधनामा संवाददाता। तेज लू के थपेड़े राहगीरों को माह अप्रैल के अंतिम सप्ताह में झुलसा रहे हैं। सड़कें आग उगलने लगी हैं गर्मी दिन-ब-दिन अपने कड़े तेवर अपनाती जा रही है। आने वाले समय में गर्मी के एहसास से लोग चिंतित नजर आ रहे हैं। स्कूल कॉलेजों का समय इस माह के साथ बदल जाता है। परिषदीय विद्यालय दोपहरी में बंद हो रहे हैं। कड़ी धूप में नौनिहालों को अपने घर जाना पड़ता है। ऐसे में तपती सड़क पर चलते हुए नौनिहाल झुलसते दिखाई दे रहे हैं। तेज गर्मी शुरू होने के साथ ही आवारा पशुओं के सामने भी छाए की समस्या दिखाई देने लगी झुंड के झुंड मवेशी पेड़ों की छांव तले एकत्र दिखाई देते हैं। उनके सामने पेयजल का भी संकट गहराने लगा है। गांव के अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं जिसमें पानी भरने की कवायद अभी तक शुरू नहीं हुई है। वहीं इन दिनों तेज पछुआ हवा चल रही है जो लू के थपेड़े का काम कर रही है। सोमवार को दोपहरी में राहगीर छाया की तलाश करते नजर आए। लोगों को पानी की तलाश भी करते देखा गया।

13 के खिलाफ दर्ज हुआ मारपीट का केस

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। गीडा थाना क्षेत्र के नगवा निवासी अविनाश चौबे पुत्र शैलेश चौबे के पिता गलत जगह गाड़े गए खंभे को देखने गए थे। आरोपी उन्हे देखते ही गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे। जब पहुंचा तो अमित चौबे ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने अमित, आदित्य, सतीश चौबे के खिलाफ मारपीट,चाकू से हमला करने, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही दूसरे पक्ष अमित चौबे पुत्र सतीश चौबे की शिकायत पर पुलिस ने शैलेश चंद चौबे,कमलेश कुमार चौबे,अविनाश, कचनलता के खिलाफ मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया है। गीडा थाना क्षेत्र के गहासाड वार्ड 15 सचिन पुत्र छोटेलाल का भतीजा रविवार को शाम 7 बजे सहजनवा बाजार में सब्जी लेने आया था। रास्ते में आरोपी बाइक रोक लिए और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने अंकुर सिंह, आलोक चौधरी, अजय यादव,निखिल यादव, अभिषेक यादव, शिवम यादव के खिलाफ बलवा,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

ट्रांसफार्मर लगवाने में ठेकेदार कर रहा हीलाहवाली

अवधनामा संवाददाता

कसया, कुशीनगर। स्थानीय नगरपालिका परिषद के वार्ड नं 15 वीर सावरकर नगर नेशनल हाईवे के उत्तर तरफ स्थिति मोहल्लेवासियों ने लो बोल्टेज बिजली की समस्या से निजात दिलाने हेतु नया टांसफार्मर लगाने के लिए सोमवार को अधिशाषी अभियंता विधुत के कार्यालय में पहुंचकर ई. आर के सिंह को ज्ञापन सौंपा। बताते चले कि कलश गेस्ट हाउस के पीछे बसे मोहल्लेवासी वर्षो से बिजली की समस्या से जूझ रहे है क्योंकि धुरिया मोड़ पर लगे ट्रांसफार्मर से इनकी विधुत आपूर्ति होती जिस पर लोड अत्यधिक होने के कारण विधुत का फाल्ट होना, लो बोल्टेज की समस्या हमेशा बनी रहती है। इस समस्या के निजात हेतु विधुत विभाग द्वारा कई महीने पूर्व 250 केवी का ट्रांसफार्मर मोहल्ले के लिए स्वीकृत कर दिया गया हैं। परंतु ठेकेदार के हीलाहवाली के वजह से अब तक लग नही पाया है। ठेकेदार के इस रवैया से क्षुब्ध होकर मोहल्लेवासी ने सोमवार को अधिशाषी अभियंता विधुत ई.आर.के.सिंह को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र लगवाने की मांग की। जिस पर उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि मैं ठेकेदार से बात करके शीघ्र ही ट्रांसफार्मर लगवाने का प्रयास करता हूं। ज्ञापन देने वालों में अजय कुमार सिंह,आशुतोष कुमार मिश्र, राधेश्याम शुक्ला, धर्मेंद्र राय, जवाहिर राय, अजय पांडेय, डॉ जे के पटेल, सत्येंद्र राय, रामप्रकाश शर्मा, अजय वर्मा, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

डीएम ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय कुसुम्हा, उच्च प्राथमिक विद्यालय देवकली जयराम, प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर, श्री अनंत आदर्श इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय पौहरिया, प्राथमिक विद्यालय केवटलिया, प्राथमिक विद्यालय मदनपुर एवं जनता इंटर कॉलेज मदनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान

डीएम ने समस्त मतदान केंद्रों पर शौचालय, स्वच्छ पेयजल, छायादार स्थल, चार्जिंग पॉइंट, पंखा, प्रकाश व्यवस्था रैंप, फर्नीचर इत्यादि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि आगामी 1 जून को जनपद में मतदान होगा। जून माह की संभावित गर्मी के दृष्टिगत सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मतदान केंद्रों पर आम का पन्ना, नींबू पानी एवं आवश्यक दवाइयां की उपलब्धता रहेगी।

छलका विधायक का दर्द

गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता। विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर के भारतीय जनता पार्टी के विधायक व पूर्व मंत्री सुरेश पासी सोमवार को भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के नामांकन में पधारे थे। कलेक्ट्रेट गेट पर एसडीएम अमेठी प्रीति तिवारी ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। जब उन्होंने बताया कि मैं विधायक जगदीशपुर हूं तब भी उन्होंने पहचानने से इनकार कर दिया। मीडिया कर्मी भी वहां मौजूद रहे यह दर्द विधायक का मीडिया के सामने छलक गया। उन्होंने कहा कि मेडम ने मुझे पहचानने से इनकार कर दिया और नामांकन कक्ष में जाने से रोक दिया है। उन्हें नामांकन कक्ष में न जा पाने का काफी मलाल दिखाई पड़ा।

दो ने किया नामांकन

अमेठी अवधनामा संवाददाता। दो प्रत्याशियों ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और 5 ने नामांकन पत्र लिया है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी और निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार ने दो-दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र लेने वालों में गोपाल स्वरूप गांधी प्रत्याशी किसान मजदूर बेरोजगार संघ ने 02 सेट रवि प्रकाश मौर्य प्रत्याशी बहुजन समाज पार्टी ने 04 सेट मोहम्मद हसन लहरी प्रत्याशी राष्ट्रीय नारायण वादी विकास पार्टी ने 03 सेट दिनेश चंद्र मौर्य प्रत्याशी जनशक्ति समता पार्टी ने 02 सेट और उर्मिला प्रत्याशी सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी ने 01 सेट में नामांकन पत्र लिया है।

भिड़े कार्यकर्ता

अमेठी अवधनामा संवाददाता। भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के रोड शो के दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़ गए काफी देर तक नोक झोंक नारे बाजी होती रही।

सोमवार को रोड शो के दौरान गौरीगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जमकर मारपीट हुई है।आरोप है है की भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष की जमकर पिटाई की गई है बचाने पहुंचे साथियों की भी भाजपा कार्यकर्ता द्वारा पिटाई की गई पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अलग-थलग कर मामले को शांत कराया।

पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का दो पालियों में हुआ प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफल सम्पादन हेतु 29 अप्रैल से 04 मई तक पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण प्रथम पाली (प्रात 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक) एवं द्वितीय पाली (अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे तक) इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय टाउन हाल देवरिया एवं शिशु मान्टेसरी स्कूल टाउन हाल देवरिया में निर्धारित किया गया है। जिसमें आज कुल 18 कक्षों में कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रत्येक कक्ष में 02-02 मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समस्त उपस्थित पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी प्रथम को लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बन्ध में आवश्यक बिन्दुओं पर मतदान प्रारम्भ से मतदान समाप्त होने तक की प्रक्रिया से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण समाप्ति के समय सभी कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि द्वितीय प्रशिक्षण के समय अपने मत का प्रयोग पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से करेंगे। प्रथम पाली में प्रशिक्षण हेतु कुल 600 कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना था जिसमें 588 कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया, जबकि 12 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। इसी प्रकार द्वितीय पाली के प्रशिक्षण में कुल 600 कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना था, जिसमें 566 कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जबकि 34 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 46 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने अनुपस्थित कार्मिकों के विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि वे अपने विभाग के कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। अन्यथा सम्बन्धित कर्मचारी के विरुद्ध 1951 की धारा-134 के तहत प्राथमिकी दर्ज करा दी जायेगी, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

'मधुमेह वाले टीबी मरीजों के लिए दोनों बीमारियों की दवाओं का सेवन जरूरी'

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। लापरवाही करने पर मधुमेह की सहरूग्णता वाले टीबी मरीज अपेक्षाकृत धीरे धीरे ठीक होते हैं और उनमें जटिलताओं की आशंका भी कहीं अधिक होती है। मधुमेह ग्रसित टीबी मरीज भी अच्छी दिनचर्या, संयमित खानपान और समय से टीबी और मधुमेह की दवा खाकर स्वस्थ हो सकते हैं। इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक टीबी मरीज के मधुमेह की जांच अनिवार्य तौर पर करवाता है। जांच में जिन मरीजों में मधुमेह की भी पुष्टि होती है उन्हें इसके चिकित्सक को दिखा कर दवा शुरू करने की सलाह दी जाती है।

प्रत्येक टीबी मरीज के मधुमेह की जांच अनिवार्य तौर पर करवाता है स्वास्थ्य विभाग

अच्छी दिनचर्या, खानपान और समय से दवा का सेवन कर ठीक हो सकते हैं मधुमेह पीड़ित टीबी मरीज

विशेषज्ञों का कहना है कि मधुमेह वाले टीबी मरीजों के लिए दोनों बीमारियों की दवाओं का सेवन जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2021 में प्रकाशित ग्लोबल टीबी रिपोर्ट के अनुसार मधुमेह, टीबी के मामलों और टीबी की मृत्यु दर को प्रभावित करने वाले एक प्रमुख कारक है। यह टीबी की बीमारी के खतरे को दो से तीन गुना, इलाज के दौरान मौत की आशंका को दोगुना, इलाज पूरा होने के बाद दोबारा टीबी होने की आशंका को चार गुना और ड्रग रेसिस्टेंट (डीआर) टीबी होने की आशंका को दोगुना बढ़ा देता है। जिला क्षय अधिकारी डॉ गणेश यादव बताते हैं कि मधुमेह मरीजों द्वारा सतर्कता के साथ इलाज लेने से किसी भी प्रकार की जटिलता पैदा नहीं होती है । हां, ऐसे मरीजों में टीबी की जांच, पहचान और इलाज में बहुत देरी नहीं होनी चाहिए। अगर मधुमेह मरीज में दो सप्ताह से अधिक की खांसी, रात में पसीने के साथ बुखार, बलगम में खून आना और सीने में दर्द जैसे टीबी के लक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराई जानी चाहिए। प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण उनमें टीबी की आशंका कम होती है। जिला समन्वयक धर्मवीर प्रताप सिंह और पीपीएम समन्वयक अभय नारायण मिश्रा द्वारा लगातार सभी एसटीएस और निजी क्षेत्र को इस बारे में विशेष सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज के टीबी यूनिट पर वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक (एसटीएस) अमित नारायण मिश्र बताते हैं कि उनके यहां औसतन प्रति माह दो सौ के आसपास नये टीबी मरीज पंजीकृत होते हैं। जब इन मरीजों के मधुमेह स्तर की जांच कराई जाती है तो करीब दस मरीज मधुमेह से भी पीड़ित मिलते हैं। चिकित्सक द्वारा टीबी के साथ मधुमेह पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सक के पास रेफर कर दिया जाता है। वहां से मधुमेह की दवा शुरू हो जाती है। मरीजों को परामर्श दिया जाता है कि दोनों दवाएं साथ साथ खानी है। उन्हें बताया जाता है कि मधुमेह नियंत्रित न रख पाने पर टीबी से समस्याएं बढ़ सकती हैं।

जिले में टीबी और मधुमेह की स्थिति

वर्ष	नोटिफाइड टीबी मरीज	मधुमेह की सहरूग्णता वाले टीबी मरीज
2019	10630	528
2020	8512	426
2021	10833	641
2022	12368	362
2023	14261	491
2024	3602	128

(20 अप्रैल तक)

त्वरित जांच की सुविधा उपलब्ध

आयुष्मान आरोग्य मंदिर से लेकर प्रत्येक सरकारी अस्पताल पर मधुमेह की त्वरित जांच की सुविधा उपलब्ध है। टीबी मरीजों को प्रत्येक दशा में मधुमेह की जांच अवश्य करानी चाहिए। अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ता को भी निर्देश है कि वह मधुमेह ग्रसित टीबी के संभावित मरीजों की जांच अवश्य कराएं। टीबी के साथ मधुमेह है तो दवाओं के अलावा खाने पीने में अधिक सतर्कता बरतनी है। उन्हें मीठी चाय और मीठे खानपान से परहेज रखना है। रोटी, दाल और हरी सब्जी का सेवन करें। सेब, अमरूद और संतरा जैसे फलों का सेवन करना चाहिए। फलों के जूस का सेवन नहीं करना है।

डॉ आशुतोष कुमार दूबे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

फसलों की सिंचाई के लिये मुफ्त बिजली

देवरिया अवधनामा संवाददाता। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा पथरदेवा विधानसभा के भटनी बुजुर्ग गांव के शिव मंदिर परिसर में लोकसभा देवरिया के भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि के समर्थन में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। किसान चौपाल को सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश की सरकार किसानों के खुशहाली और समृद्धि के लिये निरन्तर कार्य कर रही है, प्रदेश में किसानों को फसलों की सिचाई के लिये निजी नलकूपों को मुफ्त बिजली दी जा रही है, जिससे फसलों की सिचाई की समस्या से किसानों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानों की फसलों का उचित मूल्य निर्धारण कर उनकी आमदनी को दुगुना कर रही है, मोदी सरकार ने देश के किसानों के कृषि कार्य में सहायता के लिये किसान कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उनको लाभान्वित कर रही है। किसान चौपाल को भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने उपस्थित लोगों को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित कर 2024 में पुनः मोदी सरकार के लिये आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम का संचालन मुन्ना पासवान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सज्जन तिवारी, मुकेश राय, प्रभुनाथ पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, आयुष यादव, पप्पू तिवारी, डॉ विनोद पाण्डेय, संगीता कुशवाहा, चन्द्रभान सिंह, पुरुषोत्तम मिश्र, अरविंद तिवारी, अनवर अहमद, विष्णु पाण्डेय, राजन राव, सुनील दुबे, चन्द्र प्रकाश दुबे उपस्थित रहे।

लुंबिनी में सार्क गौरव से सम्मानित होंगे डॉ. सतीश

सलेमपुर (देवरिया)। धरा धाम के संस्थापक अध्यक्ष सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय के कुशल नेतृत्व मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के सहयोग से सार्क समिट एवं गौरव पुरुस्कार भगवान बुद्ध की भूमि नेपाल के लुंबनी में आगामी 05 मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवम भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति गोरखपुर के मण्डल अध्यक्ष एवम समाज सेवी को सार्क स्वयंसेवक सम्मान 2024 से सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात हो की इस कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य एशिया के देशों के कुल सैंकड़ों प्रतिभावान असाधारण महानुभावों, विद्वतजनों जो सर्व धर्म सौहार्द, विश्व, शांति, एकता अखंडता संप्रभुता सद्भावना भाईचारे नैतिकता ईमानदारी मानवता के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान दे रहे हैं उन्हें सार्क गौरव पुरस्कार से नवाजा जाएगा। उक्त सूचना धरा धाम इंटरनेशनल के सीईओ थाईलैंड डा.प्रेम प्रकाश एवम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के स्थानीय निदेशक डा नारायण यादव ने दिया।

किया गया नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण

देवरिया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत आज देवरिया डिपो बस स्टेशन पर चालक/परिचालक, तकनीकी कार्मिक, लिपिकीय कार्मिक आदि का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण सीएमओ डा राजेश झा द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में डॉ राकेश कुमार नेत्र सर्जन, डॉक्टर अंकित सर्जन ओर डॉक्टर अदिति नेत्र सर्जन के द्वारा किया गया। इस मौके पर देवरिया डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद इरफान, यात्री कर अधिकारी अनिल कुमार तिवारी, सीनियर फोरमैन रमेश सिंह, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राकेश पति त्रिपाठी, संचालन प्रभारी दीनानाथ मिश्रा, अनुबंधित बस संचालन लिपिक विवेक द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

स्मृति ईरानी के नामांकन में उमड़ा जन सैलाब

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने सोमवार को भारी जन सैलाब के बीच लगभग 2 किलोमीटर का रोड शो करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के नामांकन को लेकर बड़ी संख्या में भाजपाई सुबह से ही उनके मेंदन मवई स्थित आवास पहुंचे। जहां भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने अपने घर पर पहले पूजन अर्चन किया और उसके बाद पार्टी कार्यालय से रथ पर सवार होकर भारी भरकम काफिले के साथ रोड शो करती हुई वह कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और अपने प्रस्तावको के साथ उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया। मीडिया से मुखातिब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बताया की यहां का अपार जन समर्थन देखकर वे समझते हैं की उनका आना सार्थक हो गया। कहा की पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है। भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के साथ एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव सूबे के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह गोविंद नारायण शुक्ल अशोक कोरी सुरेश पासी के अलावा भाजपा प्रत्याशी के पति जुबिन ईरानी भी रथ पर सवार रहे। इस बीच रोड शो में एक तरह से भारतीय जनता पार्टी इसमें ईरानी के पक्ष में शक्ति प्रदर्शन करते नजर आई। जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में है।

डीएम के चुनाव आमंत्रण पत्र को जन जन तक पहुंचाकर करे पूरा सहयोगः अरुण

शिक्षको की बैठक में चुनाव को बेहतर सम्पन्न कराने पर की गई चर्चा, डीएम के मतदान प्रतिशत के लक्ष्य को बढ़ाने पर विचार

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद के विकासखंड चित्तौरा सभागार में आज प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा संविलियन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक खंड शिक्षा अधिकारी चितौरा अरुण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई, चित्तौरा में आहूत की गई इस बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी चित्तौरा द्वारा निर्वाचन से संबंधित मूलभूत आवश्यकताओं को सुचारू रूप से विद्यालय में चालू किए जाने के संबंध में बिंदुवार निर्देश प्रदान किया गए साथ ही विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित निर्देश भी प्रदान किये गए। उपस्थित सभी प्रधानाध्यापकों से उनके विद्यालय में किसी भी प्रकार की समस्या होने की स्थिति में तत्काल सूचना प्रदान करने का निर्देश दिया गया। इस समय लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा निर्वाचन जनपद बहराइच एवं कैसरगंज में संपन्न होने वाला है, इस हेतु सभी अभिभावकों एवं ग्राम वासियों को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करने के संबंध में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के विषय में भी उपस्थित सभी प्रधानाध्यापकों को खंड शिक्षा अधिकारी चित्तौरा द्वारा निर्देश प्रदान किया गया। साथ ही अभिभावकों को निर्वाचन में मतदान हेतु आमंत्रित करने के लिए आमंत्रण पत्र भी सभी प्रधानाध्यापको को प्रदान किए गए। तत्पश्चात विकासखंड चित्तौरा के एआरपी गणों ने भी विद्यालय में एकेडमिक क्रियाकलापों के संदर्भ में अपने विचार रखे। इस बैठक में विशेश्वर सिंह भानु मिश्रा वीरेंद्र कुमार एआरपी के साथ साथ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी, विनोद कुमार त्रिपाठी भूपेंद्र श्रीवास्तव विश्वनाथ पाठक सूर्य कुमार पांडेय, बृजेश सलिल मोहम्मद असलम अंकुर श्रीवास्तव अजय पवन श्वेता वर्मा सहित शिक्षा क्षेत्र चित्तौरा के प्रधान अध्यापिका अध्यापक तथा प्रभारी के साथ साथ बीआरसी कर्मचारी मौजूद रहे।

शोभायात्रा में हुये उपद्रव की जांच एएसपी से कराने की मांग

ललितपुर। डा.भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के दौरान थाना मड़ावरा के ग्राम हंसरी में निकाली गई शोभायात्रा के दौरान कुछ लोगों द्वारा शोभायात्रा पर किये गये हमले के दौरान कुछ लोग घायल हो गये थे। इस प्रकरण में पुलिस द्वारा विवेचना अपर पुलिस अधीक्षक को दिये जाने और प्रकरण की सही जांच कराये जाने की मांग को लेकर आज ग्रामीणों ने लामबंद होकर पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि शोभायात्रा पर किये गये हमले में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे। इस प्रकरण में पुलिस ने कुछ लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की थी। आरोप है कि प्रकरण में षडयंत्र के तहत कुछ हमारे ही समाज के लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। उन्होंने पूरे प्रकरण की सही जांच कराये जाने की मांग को लेकर एसपी से गुहार लगायी है। अन्यथा की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गयी है। ज्ञापन देते समय राम चरन, राजेन्द्र, लम्पू, खरगे, अनन्तराम, कृपाल, अनिल, राहुल, सचिन सिंह, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

परीक्षण बाद अब हो सकेगी नजूल भूमि व मकान की रजिस्ट्री

अवधनामा संवाददाता

- शासन द्वारा नजूल भूमि के स्वामित्व को मिली बड़ी राहत
- ध्वस्तीकरण की धमकी देने वाले राजस्व कर्मी पर होगी कार्यवाही

सुल्तानपुर। सरकार व शासन समय-समय पर आम जनता को राहत देने के लिए नए नियम व कानून लेकर के आती है। इसी के तहत विनियम क्षेत्र की नजूल भूमि पर बिना फ्री होल्ड के बनने वाले मकान का नक्शा न पास होने का राजस्व विभाग अबतक पूरी तरह मनमानी से मकानध्वस्ती करण के नाम पर मोटी धन वसूली करता आ रहा था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद नजूल भूमि पर बने मकान के स्वामित्व को राहत देते हुए अब न तो अब मकान का मालिकाना हक छीना जायेगा और न ही मकान को ध्वस्त किया जाएगा। बताते चलें कि सरकार ने माना था कि अब तक के नजूल अध्यादेश के अनुसार विनियमित क्षेत्र की आड़ में नजूल भूमि पर बने मकान के ध्वस्तीकरण की धमकी देने के नाम पर राजस्व विभाग मोटी रकम अवैध वसूली करता था। पुराने नजूल अध्यादेश से राहत पाने के लिए मननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में वीरेंद्र पाल व हेमंत गुप्ता ने 9635/ 24 नवम्बर पर एक रिट याचिका दायर की थी। जिसके सन्दर्भ में न्यायालय ने राज्य सरकार से चार सप्ताह में जबाव मांगा, जिसमें प्रयागराज एडीएम नजूल अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय को अवगत कराते हुए सरकार ने कहा कि राजस्व विभाग समय-समय पर नजूल भूमि की सुरक्षा के लिए सर्वे कर रहा है। याचिकाकर्ता के खिलाफ मकान को ध्वस्त करने की कोई मंशा नहीं है, ना ही उसे उसके अधिकार से वंचित किया जाएगा। इस पर न्यायमूर्ति एचडी सिंह तथा न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी, राहुल श्रीपत, व तरुण अग्रवाल तथा राज्य सरकार के मुख्य स्थाई अधिवक्ता कुणाल रवि ने पक्ष रखा कि याची का कहना है कि नजूल भूमि को लेकर कोर्ट के फैसले पर विचार करने का आदेश जो सरकार के समक्ष विचाराधीन है।

राहुल गांधी की युवा न्याय गारंटी से देश के युवाओ में उत्साह

- भाजपा के ध्यान भटकाऊ नीति से सतर्क हैं देश के युवाः अभिषेक

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। कांग्रेस के घोषणा पत्र में युवा न्याय को लेकर देश के युवाओं में अत्यधिक उत्साह है। हालांकि राहुल गांधी ने घोषणा पत्र में युवा न्याय की गारंटी देश के युवाओं को दी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने मीडिया को जानकारी देते हुए युवा न्याय की गारंटियों को विस्तार से बताया उन्होंने बताया कि केंद्र में 30 लाख खाली पद भरे जाएंगे, परीक्षाओं और नौकरियों के लिए आवेदन शुल्क नहीं लगेंगे, छात्रों के एजुकेशन लोन ब्याज सहित माफ होंगे, शिक्षित युवाओं को सालाना 1 लाख की अप्रेंटिसशिप, पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनेगा, स्वरोजगार के लिए 5000 करोड़ का स्टार्ट-अप फंड आदि सुविधा युवा न्याय में शामिल की गई है। वहीं उन्होंने बताया कि कांग्रेस के गारंटी पर देश के युवाओं का अत्यधिक भरोसा है और देश की युवा कांग्रेस पार्टी के प्रति आशा भरी निगाह से देख रहे हैं। वहीं उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के लोग जनहित मुद्दों से ध्यान को भटका रहे हैं, लेकिन देश के युवा इनकी ध्यान भटकाऊ नीति से सतर्क हैं पिछले 10 वर्षों में देश के युवा सिर्फ ठोकरे खाने के लिए मजबूर थे न उन्हें शिक्षा न स्वास्थ्य आदि मूलभूत सुविधाओ से उन्हें वंचित रखा गया इस बार देश के युवा कांग्रेस के साथ हैं और आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी को वोट की चोट से सबक सिखाने का काम करेंगे।

प्रेक्षकों ने प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने तथा भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रभावी आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय, पुलिस प्रेक्षक के.एस.एस.वी. सुब्बारेड्डी व व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने कलेक्ट्रेट सभागार में 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशियों, अभिकर्ताओं व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए अपेक्षा की कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए सभी प्रत्याशी फेडशिप स्प्रिट के साथ चुनाव लड़े तथा निर्वाचन के दौरान पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु कम से कम प्लास्टिक एवं कागज़ का प्रयोग करें। प्रेक्षकों ने कहा कि प्राकृतिक रूप से क्लीन व ग्रीन बहराइच को साफ-सुथरा रखने की ज़िम्मेदारी हम सब की है।

प्रेक्षकों ने कहा कि अगर किसी प्रत्याशी या राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के संज्ञान में निर्वाचन की शुचिता को प्रभावित करने जैसी कोई घटना संज्ञान में आती है तो इसकी जानकारी आयोग की ओर से नियुक्त प्रेक्षकों के साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को भी दें, ताकि जनपद में आदर्श चुनाव सम्पन्न हो सके। प्रेक्षकों ने कहा कि फ्री एण्ड फेयर इलेक्शन सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग कटिबद्ध है। प्रेक्षकों ने कहा कि यदि किसी प्रत्याशी या राजनैतिक दलों को कोई समस्या आता है तो वे सीधे प्रेक्षकों अथवा जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में अपनी बात ला सकते हैं ताकि समय से समाधान कराया जा सके।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने मौजूद प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि सभी लोग आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए दोस्ताना माहौल में इलेक्शन लड़े। निर्वाचन के दौरान यदि किसी की कोई समस्या अथवा शिकायत है तो इसकी जानकारी इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम अथवा अधिकारियों को दी जा सकती है। डीएम व एसपी ने बताया कि निर्वाचन के दौरान पर्याप्ज संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती की जायेगी। डीएम ने बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को प्रदान की जाने वाले पोस्टल सुविधा के बारे में बताते हुए कहा कि 04 व 05 मई पोलिंग पार्टिया रवाना होगी। राजनैतिक दल भी अपने एजेन्ट नामित कर सकते हैं।

डीएम ने बताया कि 01 मई 2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे एन.आई.सी. में ईवीएम का द्वितीय रैण्डमाईजेशन किया जायेगा जिसके पश्चात 03 मई 2024 से ईवीएम की कमीशनिंग का कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। डीएम व एसपी ने प्रत्याशियों को सुझाव दिया प्रचार-प्रसार हेतु आयोजित होने वाले प्रत्येक आयोजन के लिए पूर्व से अनुमति अवश्य प्राप्त करें ताकि जिला प्रशासन द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत प्रबन्ध किये जा सके। जबकि प्रभारी अधिकारी व्यय अनुवीक्षण वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण द्वारा पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन व्यय पंजिका के रख-रखाव तथा निर्वाचन लेखा की जांच हेतु निर्धारित तिथियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मौर्या ने 80 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं के पोस्टल बैलेट के लिए की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

क्षण के हर गरीब का होगा अपना आशियाना

सुल्तानपुर। सांसद मेनका गांधी ने कुड़वार के बहमरपुर गांव में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए गांव के हर गरीब को पीएम आवास योजना समेत अन्य योजनाओं और पट्टा आवंटन के जरिए आशियाना देने का वादा किया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि मोंटी मिश्रा ने अयोध्या में स्थापित रामलला की प्रतिमा देकर सांसद का स्वागत किया। संबोधन के दौरान प्रधान प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता मोंटी मिश्रा ने कहा कि हम पहले सांसद के विपक्ष में थे लेकिन उनकी नैतिकता, कर्तव्य परायणता, कार्य व्यवहार से उनके समर्थक और प्रशंसक बन गए हैं। एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह , भाजपा नेता संजय सिंह त्रिलोकचंदी, विकास शुक्ला ने सांसद को ऐतिहासिक जीत दिलाने का आवाहन किया।

बालश्रम उन्मूलन के सम्बन्ध में चलाया जन-जागरूक अभियान

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। थाना जनपद फिरोजाबाद बालश्रम उन्मूलन, बाल भिक्षावृत्ति, बच्चा चोरी, मानव तस्करी तथा नशा मुक्ति÷ के संबंध में जन-जागरूक अभियान चलाया गया।उत्तर प्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग, पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र दिनांकित 03/9/2022 के अनुपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद के आदेश एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर/नोडल अधिकारी ए.एच.टी.यू. जनपद फिरोजाबाद के निकट पर्यवेक्षक व मार्गदर्शन में, प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण सिंह थाना ए.एच.टी.यू. फिरोजाबाद मय टीम द्वारा थाना क्षेत्र शिकोहाबाद में रेलवे स्टेशन बस स्टैण्ड व विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर नशीले पदार्थों का सेवन न करने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाकर आम जनमानस को पंपलेट चस्पा करते हुए जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान आने जाने वाले व्यक्तियों दुकानदारों व आम जनमानस को बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति व मानव तस्करी तथा नशीले पदार्थों का सार्वजनिक स्थानों पर सेवन नहीं करने तथा नाबालिक बच्चों को नशीले पदार्थों की बिक्री न करने के संबंध में निर्देशित करते हुए जागरूक किया गया। इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन के टोल फ्री नंबर 108, 112, 190, 198, 1076, 181 आदि से अवगत कराया गया।

10 वारंटी पुलिस गिरफ्त में

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे धर-पकड़ अभियान में वारंटी अभियुक्तों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। मौके से 10 वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा वारंटियों (एनबीडब्लू) के विरूद्ध रात्रि को 11.00 बजे से सुबह 04.00 बजे तक चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 10 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार वांरटी अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जायेगी। थाना उत्तर द्वारा 03, थाना लाइनपार द्वारा 02, थाना दक्षिण द्वारा 01, थाना रसूलपुर द्वारा 01, थाना शिकोहाबाद द्वारा 01, थाना फरिहा द्वारा 01 एवं थाना नसीरपुर द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

अपना मतदान निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण ढंग से करें

- यूरो एकेडमी के बच्चों ने पोस्टर बनाकर किया मतदान को जागरूक

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद/सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वावधान में यूरो एकेडमी, सिरसागंज में विद्यालय के निदेशक प्रदीप जादौन व जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदान का संदेश प्रदान करते हुए जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हैं। हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। उन्होंने सभी को जागरूक करते हुए बताया कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व मतदान एवं लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति मत है। यह लोकतंत्र का पर्व, देश का पर्व है, मतदान अवश्य करें। प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है, इसलिए कोई भी मत छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने बच्चों के पोस्टरों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक प्रदीप जादौन ने सभी बच्चों को अपने माता पिता, रिश्तेदारों, ग्रामवासी, नगरवासियों को दिनाँक 07 मई 2024 को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ रिचा जादौन, ब्रजराज सिंह भदौरिया, निकिता अग्रवाल, डॉ कसान सिंह, ईशा सैंगर एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

असलाह सहित शातिर पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया है। शातिर अभियुक्त पर जनपद के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र सुभाष यादव निवासी नगला पचिया थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को वाजिदपुर की ठार के पास से माल याफ्ता 450/-रु0 सम्बन्धित मु0अ0सं0-570/2023 धारा 380/411 भा0द0वि0 थाना दक्षिण व एक अदद तमन्चा 12 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज के गिरफ्तार किया गया है। विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0- 271/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 योगेन्द्र पाल सिंह, उ0नि0 ओंकार नाथ यादव, उ0नि0प्रशि0 सौरभ कुमार, है0का0 366 संदीप कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

स्कूली बच्चों ने गुरुद्वारा साहिब में टेका मत्था

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। ए.व्ही.एम. इण्टर कालेज के बच्चों ने गुरुद्वारा साहिब पहुंच कर मत्था टेका। जहां पर उन्हें मुख्य ग्रंथी युवराज सिंह व अनिल सिंह ने गुरुबाणी कीर्तन सुनाया। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने बच्चों को श्रीगुरु ग्रंथ साहिब की वाणी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि श्रीगुरु ग्रंथ साहिब में 1430 पतरे (पन्ने) है। इनमे राम, ब्रह्मा, विष्णु, महेश शिव, भगवती, अल्लाह, रहीम, कबीरदास के दोहे, संत नामदेव की वाणी का उल्लेख वा कई साधु संतो की वाणियों का उल्लेख गुरु ग्रंथ साहिब में किया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा ने कहा कि हम जब गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेकते हे तो हम अकेले श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को ही नहीं अपितु उन सभी को मत्था टेकते हैं, जिनकी बाणी इस जिनके नाम श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी में दर्ज है। इस अवसर पर अरदास उपरांत लंगर का आयोजन भी किया गया। बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ लंगर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने बताया की कल 30 अप्रैल को गुरु अर्जुन देवजी का प्रकाश पर्व श्रद्धा भावना के साथ गुरुद्वारा साहिब में मनाया जायेगा। जिसमें सुबह 10 बजे से श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति होगी।

वल्नरेबल/क्रिटिकल बूथ का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम, एसपी

- ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर शत-प्रतिशत मतदान हेतु की अपील
- वृहद मतदाता जागरुकता रैली में भ्रमण कर लोगों को शान्तिपूर्ण मतदान का दिया संदेश
- कार्यक्रम में मौजूद मतदाताओं को अधिकाधिक मतदान की दिलायी शपथ

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने विकास खण्ड बार में ब्लॉक स्तरीय विशाल मतदाता जागरुकता रैली का शुभारंभ किया तथा प्रचार वाहन में भ्रमण कर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया। उन्होंने वल्नरेबल/क्रिटिकल मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर शत-प्रतिशत मतदान हेतु अपील की। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने सामूहिक रुप से उपस्थित जनसमूह को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलायी तथा भव्य रैली/जुलूस का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रचार वाहन में भ्रमण कर मतदाताओं को जागरुक किया। विकास खण्ड के सार्वजनिक स्थलों पर रैली में जुलूस, गाना, नौटंकी, डीजे, सैरा व दिल-दिल घोड़ी के माध्यम से मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरुक किया गया। बच्चों ने देश के महापुरुषों के परिधान पहनकर मतदाताओं को जागरुक किया, साथ ही बुन्देली नृत्य व सैरा का प्रदर्शन किया गया, जिन्हें देख स्थानीय लोग अति उत्साहित होकर रैली में बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिलाधिकारी ने मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाते हुए कहा कि सम्पूर्ण विश्व में हमारा भारत देश सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। प्रत्येक मतदाता का यह कर्तव्य है कि वह अपने आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करे। इस बार रिकार्ड मतदान कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें जिला प्रशासन व मतदाताओं की सहभागिता जरुरी है। इसमें प्रत्येक मतदाता की यह जिम्मेदारी होगी कि वे अपने स्तर से भी अन्य मतदाताओं को जागरुक कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बार क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरौदाडांग के मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर मूलभूत व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन किया तथा अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी तथा निष्पक्ष और निर्भीक मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों की समस्याएं के निस्तारण हेतु एसडीएम तालबेहट तथा बीडीओ बार को निर्देशित किया। इस दौरान सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय, एसडीएम तालबेहट, बीडीओ बार, डीआईओएस सहित अन्य प्रमुख अधिकारीगण, स्कूली बच्चे, आमनागरिक उपस्थित रहे।

सेंट जोन्स चर्च की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

- चर्च परिसर में अराजक तत्वों के विचरण पर रोक लगाने की मांग
- सेंट जोन्स चर्च कमेटी एवं कलीसिया सदस्यों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। चर्च की जमीनों पर समाज के ही एक परिवार पर दबंगई पूर्वक अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुये पूरे समाज ने एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा है। साथ में चर्च परिसर में अराजक तत्वों के आये दिन हो रहे विचरण से माहौल खराब होने का भी आरोप लगाते हुये पूरे प्रकरण की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी गयी है।

सेंट जोन्स चर्च (सी.एन.आई.) सिविल लाइन की कमेटी कलीसिया सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को भेजे ज्ञापन में बताया कि ललितपुर मुख्यालय स्थित चर्च जिसका रकवा 1 एकड़ एवं भूमि संख्या 3716 है। इसी चर्च के कैंपस में ही जिसका रकवा 1 एकड़ है। कुछ हिस्से पर चर्च, कुछ हिस्से पर 9 प्लाट जोकि चर्च की तरफ से लीज पर रहने दिए गए हैं एवं कुछ हिस्से पर पादरी साहब के रहने के लिए निवास बना हुआ है जिसके सामने, दोनों तरफ बगल में, एवं पीछे कुछ खाली जगह चर्च के उपयोग के लिए है, जोकि चर्च की निजी संपत्ति है। वर्तमान समय में कोई भी पादरी साहब उस मकान में निवास नहीं कर रहे हैं। पादरी मोसिस सरकार जो इस समय सेंट जोन्स चर्च ललितपुर के इंचार्ज हैं। रविवार को प्रयागराज से आना-जाना करते हैं एवं चर्च की आराधना लेते हैं। ललितपुर में स्थित पादरी साहब का निवास खाली होने एवं एकान्त में होने की वजह से कुछ लोग यहां जुआ खेलने, एवं शराब पीने के इरादे से यहां-वहां मौके की तलाश में घूमते रहते हैं। जिससे चर्च परिसर में असुरक्षा का माहौल बना रहता है। आरोप है कि कैंपस में ही रहने वाली समाज की ही एक महिला द्वारा अवैध तरीके से डिस्पेंसरी का संचालन किया जा रहा है, जिसमें उनके मरीज और मरीजों के घर वाले चर्च परिसर में एवं पादरी साहब के निवास के आसपास घूमते रहते हैं। चर्च परिसर में लघुशंका करते हैं एवं कई प्रकार की गंदगी फैलाते हैं।

बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर की सभा स्थगित होने से कैडर मतदाता मायूस

अवधानामा संवाददाता

दलित बाहुल्य इलाके में होनी थी सभा

हमीरपुर। बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद का कार्यक्रम स्थगित होने से बसपा समर्थकों में मायूसी छा गई है और सुमेरपुर कस्बे के त्रिवेणी मैदान के अंबेडकर पार्क में चल रही तैयारियां ठप हो गई हैं। दलित मतदाताओं को मजबूती के साथ पार्टी के साथ जोड़े रखने के उद्देश्य से कस्बे के त्रिवेणी मैदान के अंबेडकर पार्क में आगामी एक मई को बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद की सभा तय हुई थी। कार्यक्रम की हरी झंडी मिलते ही बसपा समर्थक जोर-शोर से तैयारियों में जुट गए थे। जिस जगह पर यह सभा होनी थी वह पूरा इलाका दलित बाहुल्य है। वैसे भी कस्बे में सवर्ण ओबीसी मतदाताओं के समकक्ष दलित मतदाताओं की बाहुल्यता है। बसपा अन्य मतों के साथ दलित मतदाताओं को मजबूती के साथ पार्टी के साथ जोड़कर चुनाव लड़ने की मुहिम तेज किये है। इसी मुहिम के तहत इस सभा को यहां करने की तैयारी थी। इसी बीच राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने के कारण कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इससे बसपा समर्थकों में मायूसी छा गई है। बसपा के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र अहिरवार ने बताया कि एक मई को कस्बे में आयोजित होने वाली सभा स्थगित हो गई है। राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने के कारण इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा दिया गया है। अब यह सभा 18 मई के पूर्व कभी भी हो सकती है। इसके लिए तारीख और समय केंद्रीय कार्यालय से जारी होगा।

बसपा ने इस बार इस सीट पर सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला अपनाकर ब्राह्मण समाज का प्रत्याशी मैदान में उतारा है। ब्राह्मणों दलितों को जोड़कर इस सीट पर दमदार उपस्थिति दर्ज कराने की तैयारी है। बसपा इस सीट पर 1999 तथा 2009 में जीत दर्ज करा चुकी है। दोनों बार क्षत्रिय समाज ने इस सीट पर फतेह हासिल की है। 2019 में बसपा ने क्षत्रिय समाज पर दांव लगाया था लेकिन भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के सामने हार का मुंह देखना पड़ा था। बसपा ने 2014 के बाद फिर एक बार ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारा है। बसपा की नैया को किनारे तक ले जाने के लिए बसपा अपने कैडर वोट पर पूरा ध्यान लगा रही है। कैडर वोट को रिझाने के लिए यह सभा कस्बे में तय की गई थी क्योंकि कस्बे के अलावा आसपास दलित वर्ग की आबादी अच्छी खासी है।

युवा मतदाता महोत्सव में युवा वोटरों ने रंगों से उकेरी मतदाता जागरूकता कलाकृतियां

हमीरपुर। स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत राहुल पाण्डेय जिलाधिकारी हमीरपुर एवं चन्द्र शेखर शुक्ला मुख्य विकास अधिकारी व नोडल अधिकारी स्वीप के निर्देशानुसार महिला महाविद्यालय हमीरपुर में युवा महोत्सव में उपस्थित नवयुवको ने मतदाता के रूप में प्रथम बार वोट देने का उत्सव मनाया । इस अवसर पर सर्वप्रथम युवा महिला वोटर ने रंगोली से मतदान के महत्व को उकेरा तथा पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से सीनियर छात्राओं ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया । वाद विवाद व भाषण एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं ने मतदान के महत्व को भी समझाया इस अवसर पर अजीत कुमार श्रीवास्तव जिला विकास अधिकारी, साधना दीक्षित परियोजना निदेशक, विष्णु प्रिया समन्वयक नेहरू युवा केंद्र राजीव कुमार युवा मंगल दल अधिकारी महाविद्यालय के डॉ शालिनी व प्राचार्य एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालक जलीस खान एवं अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

बच्चों द्वारा निकाली गई पर्यावरण जागरूकता रैली

अवधानामा संवाददाता

सोनभद्र/अनपरा। रेनूपावर प्राथमिक पाठशाला रेनूसागर की प्रधानाध्यापिका डॉक्टर पूनम वार्ष्णेय के कुशल मार्गदर्शन में पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत पृथ्वी को बचाने हेतु रेनूपावर प्राथमिक पाठशाला रेनूसागर के बच्चो द्वारा एक विशाल रैली निकाली गई। विद्यालय के बच्चों ने हाथ में पोस्टर एवं बैनर लेकर कॉलोनी परिसर के विभिन्न मार्गो से होते हुए बिरला मार्केट रेनूसागर तक एक विशाल रैली निकाली। बच्चों द्वारा बिरला मार्केट के सभी छोटे एवं बड़े दुकानदारों को कागज के थैले वितरित किए गए तथा उनसे प्लास्टिक के थैलो का उपयोग न करने की अपील की ।सभी दुकानदारों ने बच्चों के इस कार्य की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए प्लास्टिक का उपयोग न करने की बात कही । रैली के उपरांत बच्चो व अध्यापको ने सभी सम्बोधित करते हुए कहा कि जहरीली गैस वैसे ही पृथ्वी का भी दम घोटती हैं जैसे बुखार होने पर हमें सांस लेने में दिक्कत होती है, इतना ही नहीं जैसे जैसे पृथ्वी का तापमान बढ़ता है, ठीक उसी प्रकार से पृथ्वी की मुसीबत शुरू हो जाती हैं, और गलोबल वार्मिंग जैसी भयानक स्तिथि उत्पन्न हो जाती है। जब हम प्रदूषण फैलाते है तो वायुमंडल व जलमंडल का संतुलन बिगड़ना शुरू हो जाता है,तो आइए,हम संकल्प लें कि हम किसी भी हाल में प्लास्टिक का उपयोगनहीं करेंगे, प्रदूषण नहीं फैलाएंगें, बल्कि हम पेड़ पौधों, पशु पक्षी, जल, जंगल जमीन से प्यार करे उनकी हिफाजत करे।

विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक आयोजित

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 107 के अन्तर्गत गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा/ समवन्य बैठक रिजर्व पुलिस लाइन जनपद हमीरपुर के सभागार कक्ष मे आहुत की गयी। जिसमें क्षेत्राधिकारी सदर हमीरपुर, एएचटीयू व एसजेपीयू, डीसीआरबी प्रभारी, तथा महिला सेल में नियुक्त अधिकारी /कर्मचारी मौजूद रहे व समस्त थानो में नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/ सहायक बाल कल्याण पुलिस अधिकारी व सी0डब्लू0सी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन, वन स्टाफ सेन्टर तथा जन साहस केंद्र (एनजीओ) के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक मे मुख्य बिन्दु बालश्रम, भिक्षावृत्ति की रोक थाम, व पाक्सो एक्ट के मामलों में आरोप पत्र प्रेषित करते समय फार्म तथा क्रको भरने के दिशा निर्देशो का पालन आदि के सम्बंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई, साथ ही साथ जनपद मे गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पोक्सो एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगो पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया।

गर्भवती महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। जिला अस्पताल में एक गर्भवती महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। महिला को परिजनों ने जिला अस्पताल उस समय भर्ती कराया था जब गर्भवती महिला घर पर सुबह काम करते समय अचानक बेहोश हो गई थी। विवरण अनुसार ग्राम इमलिया थाना मुस्करा क्षेत्र अंतर्गत गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना पर थाना मुस्करा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि रैना पुत्री दादू नामदेव उम्र लगभग 21 वर्ष निवासी ग्राम मोहन पुरवा थाना मटौंध जनपद बांदा की निवासिनी थी। जिसका विवाह जून 2022 में रवि पुत्र रामकिशोर नामदेव निवासी ग्राम इमलिया थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर से हुआ था। मृतका रैना 9 माह की गर्भवती थी। परिजनों द्वारा बताया गया कि आज घरेलू काम करते वक्त अचानक रैना को चक्कर आ गया, परिवारीजनों द्वारा पहले अपने गांव में ही बंगाली डॉक्टर से उपचार कराया। तथा बाद में उपचार हेतु तुरंत जिला हॉस्पिटल हमीरपुर ले जाया गया।

गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना राठ पुलिस द्वारा आज दिनांक 29.04.2024 को नहर पुलिया से कुर्रा रोड की तरफ जाने वाले मार्ग, थाना राठ जनपद हमीरपुर से मु0अ0सं0 73/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना मझगवां जनपद हमीरपुर का वांछित अभियुक्त राजेन्द्र पुत्र गंगा विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

महायज्ञ का समापन, भंडारा में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

अवधानामा संवाददाता

सरीला हमीरपुर। क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंडौत के मेला प्रांगण में चल रहे नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का सोमवार को भव्य विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक अनुष्ठान बीते 21 अप्रैल को कलश यात्रा से शुरू हुआ था। यज्ञशाला में आचार्यो की देखरेख में मुख्य यजमान समेत अन्य लोग सुख,समृद्धि एवं शांति के लिए श्री विष्णु की अराधना करते हुए वैदिक मंत्रों के बीच आहुति देने में लगे हुए थे। पवित्र यज्ञ स्थल की नियमित रूप से परिक्रमा कर लोग अपने एवं परिजनों के कुशल कामना के लिए याचना करते रहे। सोमवार को पूर्णाहूति होने के बाद यज्ञ समिति द्वारा महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। सुबह से शुरू हुए विशाल भंडारा देर शाम तक चलता रहा। अंतिम दिन होने की वजह से सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी उमड़ी हुई थी। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। वहीं यज्ञ संचालक शीलू महाराज परासन द्वारा युवाओं का हौंसला बढ़ाते हुए उन्हें संदेश दिया कि संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें। अनुष्ठान में समस्त आयोजन समिति एवं ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहा।

कोविड टीकाकरण को लेकर शुरू किये गये कोविन पोर्टल: डॉ. अश्वनी

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। सीएमओ डॉ अश्वनी कुमार ने बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण की रियल टाईम प्रविष्टि हेतु यूविन पोर्टल प्लेटफार्म विकसित किया गया है। यूविन एक नेशनल डिजिटल प्लेटफार्म है। उक्त के सम्बन्ध में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में समस्त मेडिकल कालेजों (राजकीय एवं निजी) की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने हेतु जनपद के निजी चिकित्सालयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अश्वनी कुमार ने बताया कि कोविड टीकाकरण को लेकर शुरू किये गये कोविन पोर्टल के तर्ज पर यूविन पोर्टल में बदलाव किये गये है। जहाँ यह यूविन पोर्टल कोल्डचेन से सम्बन्धित जानकारी रखता था वही अब इस पोर्टल के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण सम्बन्धी सारी जानकारियां मिल सकेंगी। पोर्टल शुरू करने का उद्देश्य शत प्रतिशत टीकाकरण में लाभार्थी के अनुसार सूचना एवं देय टीकों की रियल टाईम स्थिति प्राप्त करनी है। इस पोर्टल के शुरू होने से लाभार्थी को यह सुविधा होगी कि वह घर बैठे ही टीकाकरण के लिए स्लाट बुक कर सकता है। साथ ही टीकाकरण लगने के बाद का प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम के संबंध में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (प्रतिरक्षण) डा0 गिरधारी लाल ने बताया कि यूविन पोर्टल की शुरूआत यू0एन0डी0पी0 के सहयोग से की गई है। यूविन पोर्टल पर 0-5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को लगाये गये टीकों की ऑनलाईन ट्रैकिंग की जायेगी जिससे कि ड्यू लिस्ट के अनुसार टीकाकरण करना आसान होगा। इसके साथ ही यूविन पर प्रसव का विवरण भी दर्ज होगा। उन्होंने बताया कि यूविन पोर्टल या एप को मोबाइल में डाउनलोड कर लाभार्थी स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों को पंजीकृत कर इसका लाभ उठा सकते है। प्रशिक्षण के सम्बन्ध में यू0एन0डी0पी0 के वैक्सीन कोल्डचेन मैनेजर आशुतोष दत मिश्र द्वारा यूविन पोर्टल प्लेटफार्म के बारे में विस्तार से बताया गया एवं उपस्थित निजी चिकित्सालयों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया गया।

आज होगा हज यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण

मौदहा हमीरपुर। इस्लाम धर्म के पांच सिद्धांतों में से एक हज है जो उन मुसलमानों पर फर्ज है जिन के पास इतना धन है कि वह हज के सफर में आनें वालें खर्चो को आसानी से उठा सके तथा उतने दिनों तक अपनें बाल बच्चों की आवश्यकताओं व उन के खर्चा को आसानी से पूरा कर सकता हो और रास्ते की रुकावटें न हो इन शर्तों के साथ जिन्दगी में एक बार हज फर्ज है। इस पवित्र सफर पर जानें वाले हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया जाता तथा बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से टीकाकरण भी किया जाता है। इसी सिलसिले का कार्यक्रम आज कस्बे के मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी में 2024 में हज को जाने वाले 46 हाज यात्रियों का टीकाकरण एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी प्रांगण में आयोजित होगा। जिसमें ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने मुख्य चिकित्साधिकारी से पत्र के माध्यम से उक्त कार्यक्रम में चिकित्सक टीम को टीकाकरण करने हेतु भेजने की अपील की।

स्टार्टअप शो केस मीट 2024 का आयोजन

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सोनभद्र में स्टार्टअप शो केस मीट 2024 का भव्य आयोजन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न उद्योगों और अकादमिक क्षेत्र के सम्मानित अतिथि, शिक्षक गण,और स्टार्टअप के प्रतिभागी शामिल हुए। यह आयोजन युवा उद्यमियों और स्टार्टअप उत्साही लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में देखा गया, जिसमें उनके विचारों और नवाचारों को प्रस्तुत करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के प्रारंभ मेंमुख्य अतिथि एल.बी.एस. यादव, एमएसएमई के संयुक्त निदेशक, ने स्टार्टअप और छोटे उद्योगों के विकास पर अपने विचार साझा किए। विशिष्टअतिथि आर.पी. ने एमएसएमई डेटा और डॉ. संदीप, वरिष्ठ वैज्ञानिक भी उद्योग में नए विचारों के महत्व और उनके व्यावहारिक उपयोग पर जोर दिया। इस अवसर पर, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो. जी.एस. तोमर ने प्रतिभागियों को उनके साहस और समर्पण के लिए बधाई दी और स्टार्टअप क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए प्रोत्साहित किया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर और इनक्यूबेशन सेंटर के सेक्शन डायरेक्टर, डॉ. डी.के. त्रिपाठी, ने स्टार्टअप शो केस मीट 2024 के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया और इस तरह की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। इनक्यूबेशन सेंटर के इंचार्ज प्रोफेसर विजय प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में सभी के सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद प्रेषित किया। कुलसचिव डॉ. आमोद कुमार तिवारी ने इस प्रकार के कार्यक्रमों कि आज के परिवेश में नितांत आवश्यकता बताई है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान के सभी प्राध्यापकों का विशेष सहयोग रहा। डॉ. अभिनव, ने समापन सत्र में धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, फैकल्टी, और आयोजन टीम को उनके सहयोग और कड़ी मेहनत के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. हिमांशु कटियार, डॉ.रवि प्रताप सिंह ,डॉ. हरिश्चंद्र उपाध्याय ,डॉ विकास तिवारी डॉ रवि प्रकाश त्रिपाठी डॉ. अरविंद कुमार तिवारी, डॉ. राजकुमार पटेल, डॉ टी. चिरंजीवी, डॉ .भावना अरोरा, प्रशांत पांडे , आशीष रंजन मिश्रा ,डॉ अनुराग सेवक, डॉ पी.के. वर्मा , कल्पना सिंह, सिकंदर, रोहित शुक्ला, गिरधर दास आदि का विशेष सहयोग रहा। इस सफल आयोजन के बाद राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सोनभद्र ने फिर से साबित किया है कि वे नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस कार्यक्रम ने उद्योग और अकादमिक क्षेत्र के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित किया है, जो भविष्य में और अधिक नवाचार और उद्यमिता के अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन पत्र

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनपद में शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुयी थी। जिसको लेकर जिला प्रशासन ने सारी तैयारियां पहले ही पूरी कर चुका था। नामांकन को लेकर पूरा कलेक्ट परिसर छावनी में तब्दील नजर आया। करीब काफी तादात में पुलिसकर्मी कलेक्ट की सुरक्षा में लगाए गए। इसके साथ ही ड्रोन से भी नामांकन स्थल की निगरानी की गई। सोमवार के दिन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजेंद्र राजपूत नें बेहद शालीनता के साथ अपना पहला सेट दाखिल किया । गौरतलब है कि सोमवार को लोकसभा चुनाव को अजेंद्र राजपूत ने अपना नामांकन सेट दाखिल किया। इस मौके पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए अजेंद्र राजपूत ने कहा कि गठबंधन के प्रत्याशी की भारी भतो से जीत होगी। अजेंद्र के चेहरे में काफी आत्मा विश्वास नजर आया। चुनाव को लेकर वह बहुत ही आश्वस्त दिखे। बताते चलें कि नामांकन को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में रहा। कलेक्ट परिसर में जगह-जगह बेरीकेटिंग कर दी गई थी।

बाहरी व्यक्तियों का भी प्रवेश कलेक्ट्रेट में नहीं हुआ। इस व्यवस्था को पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने नामांकन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सारी तैयारियां चुस्त दुरुस्त रहीं । सघन चेकिंग के बाद प्रत्याशी व उनके प्रस्तावको को नामांकन कच्छ के अंदर जाने दिया गया। इसके साथ ड्रोन से भी नजर रखी गई। नामांकन को लेकर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी।

सओजी टीम व थाना रा0 गंज पुलिस द्वारा 150 ग्राम मादक पदार्थ हेरोईन बरामद

इलेक्ट्रानिक तौल की मशीन बरामद

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। एसओजी टीम व थाना रा0गंज पुलिस द्वारा 150 ग्राम मादक पदार्थ हेरोईन माल, बिक्री का 53190.00, रूपया दो अदद मो. फोन, इलेक्ट्रानिक तौल की मशीन बरामद किया गया व 02 नफर अभियुक्त मय एक अदद मो.सा. पी-64 एसी 9558 अन्तर्गत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना राबर्ट्सगंज सोनभद्र गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण में चुनाव के दृष्टिगत मादक पदार्थो के बरामदगी हेतु पुलिस संयुक्त टीम द्वारा दिनाक 28.04.24 समय करीब 21.30 बजे रात्रि को ग्राम बरैला महादेव मंदिर के पास से अभियुक्तगण के कब्जे से 150 ग्राम नाजायज हिरोईन व ब्रिकी माल का रूपया 53,190/- रूपया नकद व एक अदद मो.सा. यूपी 64 एसी 9558 बरामद किया गया। फर्द बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु.अ.सं. 309/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त न्यायालय के समक्ष उपस्थित किया जा रहा है। व बरामद माल के साथ गिरफ्तारी बरामदगी का दिनांक व स्थान-दिनांक 28.04. 2024 समय करीब 21.30 बजे रात्रि गिरफ्तारी स्थल ग्राम बरैला महादेव मंदिर के पास से। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण अमरेश हरिजन पुत्र राजेन्द्र, निवासी जैत, थाना रगंज, जिला सोनभद्र, उम्र लगभग 19 वर्ष। राकेश बियार पुत्र श्यामलाल नि. जैत थाना रा.गंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 20 वर्ष गिरफ्तारी बरामदगी करने। वाली टीम का विवरण स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा, उ.नि. विमलेश कुमार सिंह, उ.नि. बृजेश कुमार पाण्डेय, उ.नि. राहुल पाण्डेय, हे.का. गौरव कुमार, हे.का. संदीप कुमार यादव, का. विनय कुमार, का. अर्पित मिश्रा, म.का. सुनीता, हे.का.सतीश पटेल, हे.का. जगदीश मौर्या, का.रितेश पटेल, हे.का. शशि प्रताप सिंह, का. अजीत यादव, का. प्रेमप्रकाश चौरसिया, का. जयप्रकाश सरोज कि उपस्थिति में गिरफ्तारी हुई।

लोकसभा प्रत्यासी के समर्थन मे उप मुख्यमंत्री ने मांगा जनता से वोट का दान

अवधनामा संवाददाता

भारी भरकम गाड़ियों के काफिले से कई जगह

बाँदा। आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी आर. के.सिंह पटेल के नामांकन के अवसर एक विशाल जनसभा का आयोजन जनपद के राजकीय इंटर कालेज (जीआईसी) मैदान सिविल लाइंस बांदा में आयोजित हुआ। जनसभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे ब्रजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की जनसभा में आयें हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों व भाजपा समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव देश के विकास सनातन व धर्म अधर्म का है, जिसमें एक ओर धर्म पर भारतीय जनता पार्टी है तो दूसरी ओर सनातन के विरोधी वह अधर्मी भ्रष्टाचारी दल है जो अपने भ्रष्टाचार और बटवारे की राजनीत को बढाने के चुनाव लड रहे है आपने देखा है किस तरह निर्म्म तरीके से राम भक्त कारसेवकों की हत्या करवायी थी और अयोध्या की भूमि को रक्त रन्जित किया था 2014 के बाद से केन्द्र में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र के नेत्रत्व में अपने सभी वादों को पूर्ण कर देश में भ्रष्टाचार मुक्त शासन की व्यवस्था दी, जिस कारण विपक्षियों को लगातार पराजय का मुख देखना पडा ये आप सभी मतदाताओं का ही बल है कि भव्य श्रीराम मंन्दिर निर्माण और देश को विकास के पथ पर सरपट दौडाने में मदद मिली। मोदी के नेत्रत्व में बीते 10 सालों में देश का मान विश्व पटल में अग्रणी स्थान पर है। जैसा अभी हाल ही में रूस एवं यूक्रेन मध्य चल रहे युद्ध के दौरान वहॉ पर फसे हमारे भारतीय विद्यार्थियों सकुशल तिरंगे के साथ वतन वापसी करायी है। वही प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री योगी अदित्य नाथ के नेत्रत्व में विकास की धारा निरन्तर बह रही है, जिसके अन्तर्गत सडाकें का जाल व एक्सप्रेस-वे की सौगात के साथ ही हर घर नल से जल पहुचाने का काम पूर्ण होने की स्थिति में है। इसके पूर्व बुन्देखण्ड क्षेत्र में पेयजल की समस्या से आमक्षेत्रीय जन हमेशा परेशान होते थे। सपा सरकार में पीने के पानी के लिए केन्द्र सरकार द्वारा टेऊनो से पानी आता था। पूर्व में शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलो का हाल बहुत बुरा था पूर्ववर्ती सरकारों में स्कूलो में तबेले खोल दिये जाते थे और आज वर्तमान में हमने कायाकल्प योजना के माध्याम से स्कूलों का नवीनी करण कराया है साथ ही वहॉ पढने वाले बच्चों को जूता-मोजा, ड्रस मध्यान भोजन और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने का काम कर रहे है। सांसद प्रत्याशी आर0 के0 सिंह पटेल ने कार्याकर्ताओ, पदाधिकारियों व मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि मोदी के हांथो को मजबूत करने के लिए हमे अथक परिश्रम कर हर बूथ पर कमल खिलाना है और स्वयं आर0 के0 पटेल बनकर अधिक से अधिक मतदान कराना है। इस अवसर पर विधायक बांदा सदर प्रकाश द्विवेदी ने कार्याकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा 48 क्षेत्र के प्रत्येक बूथ में कमल खिलाना है और कमल को खिला कर हमे मोदी के हाथों को मजबूत करना है। मोदी ने महिलाओं के सम्मान नरी शसक्ती करण के लिए बहोत सी योजनाओं का क्रियान्वन किया है। जिससे महिलाओ के सम्मान में इज्जत घर देकर उनका मान बढाया है। इसके साथ ही पूर्व में एक नारा था कि जिस गाडी में जितना बडा सपा का झण्डा उस गाडी में बैठा उतना ही बडा गुण्डा। इस जनसभा के दौरान सपा, बसपा व अन्य दलो के वरिष्ठ पदाधिकारी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा की सदस्यता की जिसमें प्रमुख रूप से शशांक शेखर सिंह बछेवरा ,, पूर्व बसपा प्रत्याशी विधान सभा 235 धीरज सिंह राजपूत, रामपाल प्रजापति पूर्व प्रदेश सचिव सपा के साथ लगभग 150 सपा बसपा व अन्य कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। इसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष संजय सिंह , इस कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित द्वारा किया गया। इस अवसर पर रामकिशोर साहू जिला प्रभारी बांदा रामकेश निषाद जल शक्ति राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, ब्रजकिशोर गुप्ता लोकसभा प्रभारी, इंद्रपाल सिंह पटेल क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पूर्व जिलाध्यक्ष, अखलेश श्रीवास्तव लवलेश सिंह , कार्यकर्ता भाजपा पदाधिकारी सहित हजारों भाजपा समर्थक उपस्थित रहे।

एबीपीएस के अनीश कुमार सिंह ने जेईई-मेंस में अर्जित किए 97.47 परसेंटाइल

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/रेणुकूट। हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लि. रेणुकूट द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेणुकूट के सात विद्यार्थियों ने जेईई- मेंस- 2024 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय व अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती स्मिता साही व उप-प्राचार्या श्रीमती मनीषा वैष्णव ने विद्यार्थियों, उनके माता-पिता व विद्यार्थियों के मार्गदर्शक के रूप में शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए शानदार सफलता की बधाई दी। उन्होंने बताया कि सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अनीश कुमार सिंह (97.47 परसेंटाइल), अनुज कुमार यादव (96.87 परसेंटाइल), सुहानी गुप्ता (96.07 परसेंटाइल), विनायक वर्मा (93.52 परसेंटाइल), अर्पित शुक्ला (89.40 परसेंटाइल), इसान आनन्द (88.07 परसेंटाइल), रघुराज प्रताप सिंह (87.05 परसेंटाइल), शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती स्मिता साही ने अन्य ,भी विद्यार्थियों को सफल विद्यार्थियों से सीख लेने के लिए प्रोत्साहित किया व कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति, लगन, साधना के साथ क्रिया गया प्रयास कभी विफल नहीं होता। परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यालय के पदाधिकारी, विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावक काफी उल्लासित रहे।

शिव की आराधना के बाद राजनाथ ने किया रोड शो

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। रक्षामंत्री व लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने सोमवार को नामांकन दाखिल कर दिया। यह लगातार तीसरी बार है जब उन्हें लखनऊ सीट से प्रत्याशी बनाया गया है।अगर वह जीतते हैं तो इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने में कामयाब रहेंगे।

नामांकन के लिए आयोजित रोड शो के पहले उन्होंने शहर के हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने भगवान शिव पर जलाभिषेक किया और फिर हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त कर रोड शो शुरू किया। रोड शो में उनके समर्थकों में जबरदस्त उत्साह नजर आया और वो जीत के लिए आश्वस्त दिखाई दिए। लखनऊ लोकसभा सीट भाजपा के लिए सुरक्षित सीट मानी जाती है।

सुरक्षित रास्ता देकर एंबुलेंस को निकाला

लखनऊ। रक्षामंत्री व लखनऊ से भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने सोमवार को भारी संख्या में मौजूद अपने समर्थकों के साथ रोड शो करने के बाद नामांकन दाखिल कर दिया। राजनाथ सिंह को तीसरी बार लखनऊ से प्रत्याशी बनाया गया है। उन्हें लेकर समर्थकों में भारी उत्साह है। सोमवार को करीब 11 बजे रक्षामंत्री का रोड शो लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय से शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। रोड शो में भीड़ इतनी ज्यादा थी कि हजरतगंज, कैसरबाग और कैंट सहित कई इलाकों में जाम लग गया जिससे परिवर्तन चौक सहित कई जगहों पर बैरिकेडिंग कर यातायात रोकना पड़ा। रोड शो के रास्ते में एक जगह एंबुलेंस आ गई। इतनी भीड़ होने के बाद भी वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने एंबुलेंस के लिए सुरक्षित रास्ता बनाया और उसे गुजार दिया। इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसकी लोग प्रशंसा कर रहे हैं। राजनाथ सिंह के नामांकन के लिए आयोजित रोड शो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

रक्षामंत्री ने भूभागीय अखण्डता और अस्मिता से समझौता क्यों किया: अभय

अमेठी की जनता को बतौर सांसद अपने 5 काम बताएं स्मृति ईरानी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे ने केन्द्रीय रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से उनके लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन करने पर सवाल पूछे हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से सवाल करते हुए उन्होंने कहा कि रक्षामंत्री रहते श्री सिंह ने भारत मां की भूभागीय अखण्डता और अस्मिता से समझौता क्यों किया। वहीं अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी से श्री दुबे ने कहा कि वे अमेठी की जनता को बतौर सांसद अपने 5 काम बताएं, फिर चुनाव में जाएं। श्री दुबे और प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय संयुक्त रूप से सोमवार को पार्टी मुख्यालय में राजनाथ सिंह और स्मृति ईरानी के नामांकन के दौरान पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। श्री दुबे ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से सवाल करते हुए कहा कि चीनी सीमा लद्दाख में भारत की सीमा में घुसकर बैठी है। 26 पेट्रोलिंग प्वाइंट पर सेना को पेट्रोलिंग नहीं करने दी जा रही, विश्व की सबसे ऊंची हवाई पट्टी दौलतबैंग ओल्डी के नीचे वाई जंक्शन पर पेट्रोलिंग प्वाइंट 10 से 13 तक चीनी सेना बैठी है। हमारे फिंगर एरिया 4 से 8 तक नया बफर जोन बना दिया, जहां हमारी सेना को जाने की इजाजत नहीं है। चुशुल काउंसलर खोन्चोक स्टॉनजिन ने बताया कि मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा चीनी सेना ने तोड़ दी। अरुणाचल के भाजपा सांसद तापिर गाओ ने सदन में कई बार कहा कि चीन की सेना अरुणाचल प्रदेश में 40 किमी अंदर घुस कर नागरिकों का अपहरण कर रही है। चीन ने अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों के नाम बदले और ऐसा चीन चौथी बार रहा है।

किसान विरोधी है सपा: भूपेन्द्र सिंह चौधरी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के एटा के बयान पर करारा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि किसान विरोधी समाजवादी पार्टी को आज अन्नदाताओं की याद आ रही है। यह उस समय कहां थे, जब इनकी ही सरकार में किसान भाइयों की फसल खेतों में सड़ रही थी। उनको अपनी फसल का वाजिब दाम नहीं मिलता था। किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे। भाजपा सरकार ने पिछले दस वर्षों में न केवल किसानों की आय में वृद्धि की है।

मार्ग बदलने के कारण कई घंटे देरी से चल रही ट्रेनें

लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो। अंबाला के शंभू स्टेशन पर किसान आंदोलन के चलते जम्मू और अमृतसर रूट की ट्रेनें 29 और 30 अप्रैल को बदले रूट से चल रही हैं। यह ट्रेनें बदले मार्ग से चलने के कारण कई घंटे देरी से चल रही है। सोमवार को भी कई ट्रेनों के रूट बदलने से ट्रेनें लेटलतीफी का शिकार हुई। ट्रेन नम्बर 12587 गोरखपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस सोमवार को लखनऊ से छूटने के बाद मंगलवार को परिवर्तित मार्ग अंबाला, चंडीगढ़, न्यू मोरिंडा व सरहिंद और सानेहवाल के रास्ते चलेगी। वापसी में 30 अप्रैल को लखनऊ आने वाली ट्रेन नम्बर 15651 गुवाहाटी जम्मूतवी एक्सप्रेस को भी चलाय जायेगा। ट्रेन नम्बर 15098 जम्मूतवी से भागलपुर 30 अप्रैल को, ट्रेन नम्बर 14673 जयनगर अमृतसर शहीद एक्सप्रेस, ट्रेन नम्बर 14674 अमृतसर जयनगर शहीद एक्सप्रेस भी बदले रास्ते से चलेगी। ट्रेन नम्बर 15707 कटिहार अमृतसर एक्सप्रेस 29 और 30 अप्रैल को ट्रेन नम्बर 15708 अमृतसर कटिहार एक्सप्रेस 29 अप्रैल से एक मई तक और 12204 अमृतसर सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस एक मई को और 12203 सहरसा अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस दो मई को जाखल, धूरी व लुधियाना के रास्ते चलेगी।

मेट्रो ने क्रिकेट प्रेमियों का सपना मेट्रो एलएसजी कान्टेस्ट के माध्यम से किया पूरा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मेट्रो ने क्रिकेट प्रेमियों का सपना मेट्रो एलएसजी कान्टेस्ट के माध्यम से पूरा किया। मेट्रो एलएसजी शायरी प्रतियोगिता के पांच विजेताओं को अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में एलएसजी खिलाडियों का लाइव अभ्यास सत्र देखने और उनसे मिलने का सुनहरा मौका मिला। मेट्रो इस बार आईपीएल में क्रिकेट प्रेमियों की सुविधा के लिए एलएसजी के साथ मिलकर रात

12:30 बजे तक मेट्रो सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। लखनऊ मेट्रो और एलएसजी की साझेदारी पर लखनऊ मेट्रो ने 19 अप्रैल को मेट्रो एलएसजी कान्टेस्ट नाम से शायरी प्रतियोगिता की शुरुआत की। इस प्रतियोगिता में उत्साहित सैकड़ों क्रिकेट प्रेमियों ने एक से बढ़कर एक रचनात्मक शायरी लिख कर लखनऊ मेट्रो को भेजी। इन तमाम शायरियों में से पांच सबसे बेहतरीन मेट्रो एलएसजी कान्टेस्ट विजेताओं को सोमवार को लखनऊ सुपर जाइंट के खिलाड़ियों से मिलने एवं इकाना में उनका अभ्यास सत्र देखने का खास मौका मिला। विजेता अंशुमान मिश्रा, कीर्ति, सुमित कुमार गुप्ता, निरंकार रस्तोगी और आदर्श चतुर्वेदी अपनी पसंदीदा एलएसजी टीम से मिलने के लिए उत्साहित दिखे।

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने देश के रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से उनके लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात की।

हज यात्रियों के लिए हज प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

अदा किये जाने वाले अरकानों की दी जानकारी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। तंजीमे हैदरी की ओर से सोमवार को शिया हज यात्रियों के लिए हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। चौक के मेडिकल कॉलेज स्थित मदरसा सुल्तानुल मदारिस में आयोजित हज प्रशिक्षण शिविर में मौलाना कल्बे आबिद खान, मौलाना जुल्फिकार अली नकवी, मौलाना इतरत हुसैन रिजवी, मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने हज से संबंधित अरकानों की जानकारी देते हुए हज यात्रियों के सवालों के जवाब दिये। तंजीमे हैदरी के महासचिव शेख सईद हुसैन ने बताया कि शिया हज यात्रियों की परेशानी को देखते हुए वर्ष 2012 से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में राजधानी के साथ आस-पास के जनपदों के शिया हज यात्री शामिल होते हैं। शिविर में उलमा हज यात्रियों को हज के दौरान अदा किये जाने वाले अरकानों की जानकारी, मक्का-मदीना में स्थित पवित्र स्थानों की जानकारी देने के साथ ही हज यात्रियों के सवालों के जवाब भी दिये। शिविर में उलमा ने हज यात्रा के दौरान हज यात्रियों को क्या करना चाहिए और किन चीजों और किन बातों से बचना चाहिए इसकी भी जानकारी दी। शिविर में आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव प्रवक्ता मौलाना यासूब अब्बास, इत्तेहाद फाउण्डेशन के चेयरमैन अब्बास निगार, एक्स रॉयल फैमिली ऑफ अवध के शाहरुख नवाब एडवोकेट, तंजीमे मिल्लत के महासचिव प्रिंस इकबाल मिर्जा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मंडल मंत्री एन ई रेलवे मजदूर यूनियन को लेकर ज्ञापन सौंपा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के ट्रेन मैनेजरों की समस्याओं को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे के ट्रेन मैनेजर एएच. सिद्दीकी ने मंडल मंत्री एनई रेलवे मजदूर यूनियन को ज्ञापन सौंपा। मंडल मंत्री एनई रेलवे मजदूर यूनियन कामरेड आरएन. गर्ग को ऑल इंडिया मेंस फेडेरेशन के सौ वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष का सफलतापूर्वक आयोजन कराने पर एएच. सिद्दीकी और मोहम्मद नसीम ने सम्मानित किया। इस अवसर पर मंडल कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, सुषमा सिंह, मनोज सिंह,मोहम्मद शाहिद, नसीम अख्तर व प्रिया पुरवार ने मंडल मंत्री को सम्मानित किया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने की गोमती नगर और चिनहट में कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर सोमवार को अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान में गोमती नगर और चिनहट में कार्रवाई की गयी। इस दौरान अवैध रूप से बनाए गये होटल फोर सीजन व एक व्यवसायिक कॉम्पलेक्स को सील कराया गया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि सुलभ ग्रोवर व अन्य की ओर से गोमती नगर के विनय खण्ड में भूखण्ड संख्या 3/27 पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा चिनहट के सेमरा में अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर होटल फोर सीजन के प्रबंधक की ओर से लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में चार मंजिला इमारत का निर्माण करा कर होटल संचालित किया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये गये इन दोनों अवैध निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। सोमवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सत्यवीर सिंह ने सीलिंग की कार्रवाई कराई।

सपा, कांग्रेस और बसपा के नेता घबराए हुए हैं: केशव

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को जौनपुर में कहा कि सपा, कांग्रेस और बसपा के नेता घबराए हुए हैं। पीडीए (परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी) ने अभी तक परिवार के पांच सदस्यों को छोड़कर किसी यादव को प्रत्याशी नहीं बनाया है। यूं तो उनके पीडीए का मतलब पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक होता है लेकिन उसकी वास्तविक परिभाषा परिवार से बाहर नहीं है, केवल परिवार का विकास ही है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोकसभा जौनपुर से भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह व मछलीशहर प्रत्याशी भोलानाथ सरोज (बीपी सरोज) के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में मोदी की हवा चल रही थी 2019 में आंधी चली तो 2024 में तूफान चल रहा है। विपक्षियों के हौसले ध्वस्त हैं, वे घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं कर पास रहे हैं। श्री मौर्य ने कहा कि न तो संविधान को खतरा है और न ही लोकतंत्र को, खतरा सिर्फ सपा, कांग्रेस और बसपा को अपने भविष्य को लेकर है।

लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में हुई कार्रवाई

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,27,98,360 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।

दोहा चौपाई प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

लखनऊ। लिटिल एंजिल्स स्कूल के प्रांगण में मरीना हाउस, नेगरिटा हाउस, पैनेम्ब्रा हाउस और वेलैटा हाउस के छात्रों के बीच दोहा चौपाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पेनंबरा हाउस प्रथम, मरीना हाउस द्वितीय तथा वेलैटा हाउस एवं नेगरीटा हाउस तृतीय स्थान पर रहे निर्णायक मंडल के रूप में मीरा सक्सेना तथा अविनाश चंद्र मिश्रा रहे। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के हिंदी एवं संस्कृत अध्यापक एम.एल. गंगवार ने किया। प्रतियोगिता के अंत में मंच पर आकर विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता का निर्णय सुनाते हुए छात्रों को आशीर्वाद व संदेश देते हुए , निर्णायक मंडल, व छात्र-छात्राओं को तैयार करने वाले हिंदी अध्यापक-अध्यापिकाओं गीता पाठक, मनीषा सक्सेना, सुनीता मलिक एवं एम. एल. गंगवार की प्रशंसा की निर्णायक मंडल ने भी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए छात्रों को तैयार करने वाले अध्यापकों की प्रशंसा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य एन.सी. पाठक ने छात्रों को दोहा एवं चौपाइयों के विषय में समझाते हुए अपने जीवन में अमल लाने का संदेश दिया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना एवं कोऑर्डिनेटर नीना मल्होत्रा ने भी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए शुभ संदेश दिया। यह प्रतियोगिता संगीत के अध्यापक कॉड्रेड जूलियन एवं संगीत अध्यापिका सौम्या सक्सेना जी की कड़ी मेहनत से सफल रही।

यह चुनाव धर्म युद्ध के समान: ब्रजेश पाठक

ब्रजेश पाठक ने सांसद आरके पटेल के समर्थन में की जनसभा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को बांदा में पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार सांसद आरके पटेल के समर्थन में जनसभा की। जनसभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव धर्म युद्ध के समान है। एक तरफ भारत को सुशासन और विकास की ओर ले जाने वाले मोदी हैं तो दूसरी तरफ अधर्म, अनाचार, भ्रष्टाचार में डूबे तमाम विपक्षी नेता हैं। जिन्हें भारत की उन्नति और प्रदेश के विकास से नफरत है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य मंदिर बनाया गया, अब सरकार बनते ही मथुरा की बारी है। मथुरा में कृष्ण भगवान बांसुरी बजाकर इंतजार कर रहे हैं। आप मोदी के हाथों को मजबूत कीजिए। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि यह चुनाव रामभक्त और रामभक्तों पर गोली चलाने वालों के बीच हो रहा है। रामभक्तों पर गोली चलवाने का काम सपाईयों ने किया था। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई उन्हें वोट देने या लेने का अधिकार नहीं है। यह चुनाव धर्म और अधर्म के बीच की लड़ाई का है। श्री पाठक ने कहा कि जब देश में यूपीए और प्रदेश में सपा की सरकार थी तब ये लोग भ्रष्टाचार और अनाचार के दलदल में डूबे थे।

2024 का चुनाव आपके भविष्य का चुनाव : राघवेंद्र

मोदी, योगी सरकार ने गरीबों को आवास दिए, इज्जत घर दिया, रसोई गैस दी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भाजपा सरकार ने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया सभी को समान रूप से लाभ दिया यह मोदी, योगी सरकार में ही संभव है। पहले की सरकारें इसमें भी भेद-भाव करती थीं। यह बात मधुबन, घोसी में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने कहा।

उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव आपके भविष्य का चुनाव है। एनडीए सदैव विकास की राजनीति करता है। यहां हमेशा गरीबों का ध्यान रखा जाता है। मोदी, योगी सरकार ने गरीबों को आवास दिए, इज्जत घर दिया, रसोई गैस दी। पहले भी सपा व कांग्रेस को मौका मिला, उसने यह काम क्यों नहीं किया। लगातार कई चुनाव हराकर जनता ने स्वयं जवाब दिया दे है।

उन्होंने कहा कि देश में मोदी व प्रदेश में योगी सरकार ने गरीबों का ध्यान दिया, उनकी बात की। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी हमेशा से गरीबों को ध्यान में रखकर चलने वाली पार्टी है। पहले की सरकारें क्या कर रही थीं, आप जानते हैं। सपा को गरीबों का श्राप लगा है। कांग्रेस का तो सफाया हो चुका, इस चुनाव के बाद सपा भी गायब हो जाएगी। 2017 के पहले कितनी बिजली मिलती थी आप सभी जानते हैं। आज 22 से 24 घंटे बिजली मिल रही है। किसानों को किसान सम्मान निधि दी जा रही है। भाजपा सरकार ने जनता की सेवा की है। आम लोगों की सुधि ली है। आपको बता दें कि घोसी लोकसभा से एनडीए के सांसद प्रत्याशी के तौर पर डॉक्टर अरविंद राजभर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के चुनाव चिन्ह छड़ी पर लड़ रहे हैं।

शिक्षा की बदौलत 10 दिन में बना अस्पताल: मौलाना ग़रवी

कार्यक्रम का संचालन मौलाना किरतास करबलाई और इमदाद इमाम ने किया

क्विज कांटेस्ट का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। रमजान में हुसैनी चैनल द्वारा हुए मरहूम सय्यद सरफ़राज़ हुसैन क्विज कांटेस्ट का पुरस्कार वितरण समारोह तहसीन गंज स्थित इमामबाड़ा मलका जहां में आयोजित हुआ। इस अवसर पाए क्विज में कामयाब हुए प्रतियोगियों को अयातुल्लाह सिस्तानी के प्रतिनिधि मौलाना सय्यद अशरफ अली गरवी, मौलाना मुमताज़ जाफर, मौलाना फैज़ अब्बास मशहदी, डॉ कल्बे सिब्तैन नूरी, मौलाना एजाज़ अतहर, मौलाना मोहम्मद अब्बास (अकबरपुर) अवधनामा अखबार के शकील रिज़वी, शिया पी जी कॉलेज के प्रिंसिपल शबीह रज़ा के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक आसिफ ज़ैदी और हुसैनी चैनल के प्रोप्राइटर रफत आलम के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों न शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन मौलाना किरतास करबलाई और इमदाद इमाम ने किया। इस अवसर मुख्य अतिथि अयातुल्लाह सिस्तानी के प्रतिनिधि मौलाना सय्यद अशरफ अली गरवी ने सभी सफल प्रतियोगियों को मुबारकबाद देते हुए कहा की शिक्षा सभी के लिए आवश्यक है शिक्षा से जीवन का अन्धकार दूर तो होता ही है कामयाब होने का भी अवसर मिलता है उन्होने इमाम जाफर की शिक्षा पर रौशनी डाली मौलाना अशरफ अली ने कहा की इराक में धार्मिक लोगों की भी शिक्षा ऐसी है की वह दुनियावी तालीम पर भी महारत रखते हैं कोरोना काल में सिस्तानी साहब के वकील जो की हरमे इमाम हुसैन के मुतवल्ली शेख अब्दुल मेहदी करबलाई उन्होने सिस्तानी साहब के निर्देशन में इराक के कई शहरों में सिर्फ दस दिनों में अस्पताल बनाकर महामारी को रोक दिया। उन्होने कहा की शीसखा बड़ी ताक़त है ज़रूरी है हर इंसान शिक्षित ज़रूरी हो। डॉ. असद अब्बास ने कार्यक्रम में ऑनलाइन हिस्सा लिया। समारोह में उलमा व गणमान्य नागरिकों ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शिया पीजी कॉलेज के प्रिंसीपल शबीह रज़ा ने शिक्षा में अल्पसंख्यकों के आकड़ों को पेश किया और कहा की शिया पीजी कॉलेज में कम फी में क्वालिटी एजुकेशन मिल रही उन्होने कहा की अगर आप चाहें तो आपको शिक्षित होने से कोई नहीं रोक सकता। शकील रिज़वी ने कहा की हज़रतअली अस हम सबके सामने शिक्षित समाज की मिसाल हैं सब्र कैसे किया जाये जंग कैसे लड़ी जाये आसमान और ज़मीन के बारे में आज से 1400 पहले ही हज़रत अली ने बता दिया आप में लगन हैं तो आप शिक्षित हो सकते हैं उन्होंने अवधनामा द्वारा किये जा रहे शीसखा के क्षेत्र में कार्यों का भी ज़िक्र किया।